राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें.....
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 16 सितम्बर 2025

वर्ष 06, अंक 339, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बाघ की लोकेशन के बाद एरिया रेड जोन मवेशी के शिकार के बाद 500 मीटर का इलाका सील...03

गोण्डा में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से मां-नवजात की मौत, सेवाओं पर सवाल....12

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला- वक्फ संशोधन कानून के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक

ब्यूरो प्रयागराज। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने वक्फ कानून से जुड़ी कुछ धाराओं पर रोक लगा दी है। अदालत ने वक्फ कानून की धारा 3 और धारा 4 पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के उस प्रावधान पर रोक लगा दी है जिसके तहत वक्फ बनाने के लिए किसी व्यक्ति को पाँच साल तक इस्लाम का अनुयायी होना ज़रूरी था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह प्रावधान तब तक स्थगित रहेगा जब तक यह तय करने के लिए नियम नहीं बन जाते कि कोई व्यक्ति इस्लाम का अनुयायी है या नहीं।सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के सभी प्रावधानों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालाँकि, कोर्ट का कहना है कि कुछ धाराओं को संरक्षण की ज़रूरत है। इसके अलावा, धारा 3(74) से जुड़े राजस्व रिकॉर्ड के प्रावधान पर भी रोक लगाई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि कार्यपालिका किसी भी व्यक्ति के अधिकारों का निर्धारण नहीं कर सकती। जब तक राजस्व रिकॉर्ड पर नामांकन को लेकर अंतिम फैसला न हो, तब तक वक्फ संपत्ति से किसी को बेदखल नहीं किया जा सकता। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि इस दौरान किसी तीसरे पक्ष के अधिकार नहीं बनाए जाएंगे।

सुनवाई के बाद अदालत ने कहा कि हमारे पास पूरे कानून पर रोक लगाने का अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये फैसला कानून की संवैधानिकता पर नहीं है। अदालत ने कहा कि वक्फ बोर्ड का सीईओ मुस्लिम समुदाय से हो। कोर्ट ने कहा कि वक्फ बोर्ड को 11 सदस्यों में तीन से अधिक गैर - मुस्लिम ना हो। कोर्ट ने इसके साथ ही राजस्व से संबंधित कानून पर रोक लगाई है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अहम बिंदु-

धारा 3(r)- यह शर्त कि किसी व्यक्ति को वक़्फ़ बनाने के लिए कम से कम पाँच वर्षों तक इस्लाम का अनुयायी होना चाहिए। अदालत ने कहा कि जब तक नियम नहीं बनते, यह शर्त मनमानी हो सकती है और स्थगित रहेगी।

धारा 2(C) का उपबंध- जब तक नामित अधिकारी की रिपोर्ट दाख़िल नहीं होती, संपत्ति को वक़्फ़ संपत्ति न माना जाए - यह प्रावधान स्थगित।

धारा 3C- कलेक्टर को संपत्ति अधिकार तय करने का अधिकार देना शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन है। अंतिम निर्णय तक संपत्ति अधिकार प्रभावित नहीं होंगे और वक़्फ़ को कब्ज़े से वंचित नहीं किया जाएगा।

गैर-मुस्लिम सदस्यों की सीमा- वक्फ बोर्ड में 3 से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे और कुल संख्या 4 से अधिक नहीं हो सकती।

धारा 23- पदेन (EX-officio) अधिकारी मुस्लिम समुदाय से होना अनिवार्य।

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की उस प्रावधान पर रोक लगा दी है, जिसके तहत किसी व्यक्ति को वक्फ बनाने के लिए कम से कम 5 वर्षों तक इस्लाम का अनुयायी होना अनिवार्य था। अदालत ने कहा कि यह रोक तब तक लागू रहेगी जब तक राज्य सरकारें यह निर्धारित करने के लिए नियम नहीं बना लेतीं कि कोई व्यक्ति इस्लाम का अनुयायी है या नहीं।

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के संचालन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, लेकिन संपत्ति को वक्फ के रूप में

समर्पित करने के लिए 5 वर्ष तक इस्लाम का पालन करने की शर्त के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है।

सीजेआई ने कहा कि हमने यह माना है कि किसी कानून की संवैधानिकता का अनुमान हमेशा उसके पक्ष में होता है। केवल अत्यंत दुर्लभ मामलों में ही उस पर रोक लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि हमने 1923 के अधिनियम से लेकर अब तक की विधायी पृष्ठभूमि का अध्ययन किया है। हमने प्रत्येक धारा को लेकर प्राथमिक स्तर पर चुनौती पर विचार किया, और पक्षों को सुनने के बाद यह पाया कि पूरे अधिनियम के प्रावधानों पर रोक लगाने का मामला सिद्ध नहीं हुआ है।

चीफ जस्टिस (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने 22 मई को इन तीनों पर दोनों पक्षों की दलीलों को सुना था, जिसके बाद अंतरिम अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया गया था।

सुनवाई में केंद्र सरकार ने इस कानून का मजबूती से बचाव किया था। सरकार का कहना है कि वक्फ अपने आप में एक %धर्मनिरपेक्ष% व्यवस्था है। इसलिए इसे रोका नहीं जा सकता, क्योंकि जो कानून संसद से पास होता है, उसे संविधान सम्मत माना जाता है। सरकार ने यह भी कहा कि भले ही वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का कोई अनिवार्य हिस्सा नहीं है। 25 अप्रैल को केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 का बचाव करते हुए सुप्रीम कोर्ट में 1,332 पन्नों का प्रारंभिक हलफनामा दाखिल किया। इस हलफनामे में अदालत से अनुरोध किया गया कि वह इस कानून पर रोक न लगाए, क्योंकि यह कानून संसद ने पारित किया है और इसे संविधान-सम्मत माना जाना चाहिए।

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल कोर्ट में पेश हुए थे। उन्होंने कहा था कि यह अधिनियम ऐतिहासिक कानूनों और सांविधानिक सिद्धांतों से पूरी तरह अलग है और इसका मकसद वक्फ की संपत्ति पर गैर-कानूनी तरीके से नियंत्रण करना है। केंद्र सरकार ने आठ अप्रैल को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को अधिसूचित किया था। इससे पहले पांच अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस अधिनियम को मंजूरी दी थी। लोकसभा और राज्यसभा ने क्रमशः तीन और चार अप्रैल को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को पारित किया था।

वनतारा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत-SIT ने दी क्लीन चिट, 'जानवरों का अधिग्रहण पूरी तरह सही'

ब्यूरो प्रयागराज। गुजरात में रिलायंस फाउंडेशन के विश्वस्तरीय वनतारा यानी ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर को सुप्रीम कोर्ट से आज बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित विशेष जांच दल यानी एसआईटी की रिपोर्ट में वनतारा को क्लीन चिट देते हुए कहा गया कि हाथियों सहित सभी जानवरों का अधिग्रहण पूरी तरह से कानूनी और नियामक दायरे में हुआ है। अदालत ने यह भी साफ़ कर दिया कि हम इस मामले को बंद कर रहे हैं और हम रिपोर्ट को स्वीकार कर रहे हैं।

वनतारा में जानवरों के अधिग्रहण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मौखिक रूप से टिप्पणी की कि पहली नज़र में यह अधिग्रहण नियमों के अनुसार हुआ है। कोर्ट द्वारा गठित विशेष जांच दल ने अपनी जांच में कोई गड़बड़ी नहीं पाई। एसआईटी को यह जाँच करने का निर्देश दिया गया था कि क्या भारत और विदेशों से खासकर हाथियों के अधिग्रहण में सभी कानूनों का पालन किया गया है।

वनतारा पर कुछ लोगों ने आरोप लगाए थे कि वहां जानवरों को लाने में नियमों का उल्लंघन हुआ है। इसकी जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक विशेष जांच दल बनाया था, जिसके प्रमुख सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस जे. चेलमेश्वर थे। इस टीम को यह देखना था कि क्या वनतारा ने जानवरों को लाने में सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया है या नहीं। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने कहा कि उन्होंने एसआईटी की रिपोर्ट को जानबूझकर सुनवाई से पहले नहीं पढ़ा, क्योंकि वे इसे सुनवाई के दौरान देखना चाहते थे।

एसआईटी के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस जे. चेलमेश्वर थे। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वनतारा की ओर से वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे और याचिकाकर्ता के वकील उपस्थित थे। कोर्ट ने रिपोर्ट को संक्षेप में देखा। जस्टिस मित्तल ने पढ़ा, 'जानवरों का अधिग्रहण नियामक अनुपालन में किया गया।'

जस्टिस मित्तल ने मौखिक रूप से कहा कि एसआईटी के अनुसार, जानवरों का अधिग्रहण नियामक तंत्र के अंतर्गत है। उन्होंने कहा कि कोर्ट इस रिपोर्ट को अपने आदेश का हिस्सा बनाएगा। हालाँकि, सॉलिसिटर जनरल और हरीश साल्वे ने इसका विरोध किया। हरीश साल्वे ने तर्क दिया कि एक विशेष नैरेटिव चल रहा है और रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से अनावश्यक अटकलबाजियाँ बढ़ेंगी।

साल्वे ने कहा कि जानवरों की देखभाल और अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित कुछ गोपनीयता है। जस्टिस मित्तल ने तब कहा कि कोर्ट दोपहर के भोजन के दौरान चैंबर में आदेश पारित करेगा और फिर इस मामले को बंद कर देगा।

हरीश साल्वे ने कहा, 'मेरी एकमात्र चिंता यह है कि जब कमेटी आई थी, वनतारा का पूरा स्टाफ़ उपलब्ध कराया गया था, सब कुछ दिखाया गया था। जानवरों की देखभाल और उनके रखरखाव से संबंधित कुछ गोपनीयता के मुद्दे हैं। इसके लिए विशेषज्ञों की मदद से बड़ी राशि खर्च की गई है और इसमें कुछ व्यावसायिक गोपनीयता भी शामिल है। माईलॉर्ड्स समझ सकते हैं, यह सुविधा विश्व स्तर पर बेजोड़ है। एक नैरेटिव चल रहा है जो इसे नीचा दिखाने की कोशिश कर रहा है। यदि पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की गई, तो हम नहीं चाहते कि बाकी दुनिया को यह पता चले, क्योंकि हो सकता है कि कल न्यूयॉर्क टाइम्स या टाइम्स मैगजीन में कोई और लेख छप जाए।'

जस्टिस मित्तल ने जवाब दिया, 'नहीं, हम इसे अनुमति नहीं देंगे। हम इस मामले को बंद कर रहे हैं और हम रिपोर्ट को स्वीकार कर रहे हैं। हम किसी को भी इस तरह की आपत्तियाँ उठाने नहीं देंगे...हम कमेटी की रिपोर्ट से संतुष्ट हैं...अब हमारे पास एक स्वतंत्र कमेटी की रिपोर्ट है, जिसने विशेषज्ञों की मदद से सब कुछ जाँचा है। जो कुछ भी उन्होंने पेश किया है, हम उसी के आधार पर आगे बढ़ेंगे। सभी प्राधिकरण सिफारिशों और सुझावों के आधार पर कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होंगे। आप भी बाध्य हैं, हम किसी को बार-बार सवाल उठाने नहीं देंगे।'

संक्षिप्त ख़बरें

बिल्डरों द्वारा गरीब किसानों की जमीन पर कब्ज़ा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज तहसील के ग्राम मोहारी काला में एक गरीब किसान अपनी पुश्तैनी जमीन को लेकर बिल्डरों की धोखाधड़ी का शिकार हो रहा है। ग्राम निवासी जियालाल कोरी पुत्र रामदुलारे का कहना है कि उन्होंने अपनी ज़मीन का सौदा नीलमाथा निवासी बिल्डर सुनील शुक्ला से किया था। सौदे के अनुसार, 2 बीघा जमीन 68 लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से तय हुई थी और इसके बदले जियालाल कोरी को 40 लाख रुपये बयाने के रूप में मिले। लेकिन आरोप है कि सौदे में तय 2 बीघा की जगह बिल्डर ने 3 बीघा जमीन की रजिस्ट्री करा ली और उसके बाद ज़बरन साढ़े 4 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से गरीब किसानों की पुश्तैनी जमीन खतरे में है और बिल्डरों द्वारा दबाव बनाकर कब्ज़ा करने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है।

2 करोड़ किताबों वाली लाइब्रेरी, 75 साल के बुजुर्ग ने कर्नाटक के गांव में बनाई; दूर-दूर से आते हैं लोग

कर्नाटक में मैसूर के पांडवपुरा के निकट एक छोटा सा गांव हरलाहल्ली शोधकर्ताओं, छात्रों और लेखकों के लिए पसंदीदा स्थान बन गया है। यहां एक 75 साल के बुजुर्ग ने एक विशालकाय पुस्तकालय यानी लाइब्रेरी बनाई है। वह 50 सालों किताबों का संग्रह कर रहे हैं। बुजुर्ग का नाम अंके गौड़ा है. अंके गौड़ा ने 20 साल की उम्र में बस कंडक्टर की नौकरी करते हुए किताबें इकट्ठा करनी शुरू कर दी थी। बाद में उन्होंने कन्नड़ साहित्य में मास्टर डिग्री हासिल करने के लिए नौकरी छोड़ दी और फिर लगभग तीन दशकों तक एक चीनी के कारखाने में काम किया। उनकी ज्यादातर कमाई किताबें खरीदने में चली गई. अपने किताबों के संग्रह को और बढ़ाने के लिए उन्होंने मैसूर स्थित अपना घर भी बेच दिया. उनकी लाइब्रेरी में लगभग 2 करोड़ किताबें हैं।

वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत यादव के 30 वर्ष- न्याय, संघर्ष और सेवा का अद्भुत संगम

● अनेक उतार-चढ़ाव और हजारों मुकदमों का अनुभव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

राजधानी लखनऊ। न्याय के लिए समर्पित तीन दशक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के जिला एवं सत्र न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के गलियारों में न्याय के लिए निरंतर संघर्ष करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत यादव ने अपने पेशेवर जीवन के 30 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस अवसर पर उनके चेंबर में अधिवक्ताओं, शुभचिंतकों और समाजसेवियों का जमावड़ा लगा रहा।

अधिवक्ता जगत के कई वरिष्ठ साथियों ने उन्हें बधाई दी और उनके कार्यों को न्यायिक सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण बताया। अधिवक्ता आई.पी. सिंह ने उन्हें विशेष रूप से शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि, "न्याय की साधना करना कोई आसान कार्य नहीं है, लेकिन जिस तरह से अजीत यादव ने तीन दशकों तक इसे तपस्या के रूप में निभाया है, वह सराहनीय है।"

उतार-चढ़ाव से भरी लंबी यात्रा- अजीत यादव ने अपने करियर के शुरुआती दौर में अनेक कठिनाइयों का सामना किया। सीमित संसाधनों और तमाम बाधाओं के बावजूद उन्होंने वकालत के पेशे को केवल पेशा नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम माना। पिछले तीन दशकों में उन्होंने हजारों मुकदमों की पैरवी करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक को न्याय दिलाने की कोशिश की। अधिवक्ताओं के अनुसार, उनका यह सफर केवल पेशेवर उपलब्धि नहीं बल्कि एक समर्पण की गाथा है।

वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत यादव के 30 वर्ष - न्याय, संघर्ष और सेवा का अद्भुत संगम

अम्बेडकरनगर से राजधानी तक का सफर- मूल रूप से अम्बेडकरनगर निवासी अजीत यादव ने लखनऊ को अपने संघर्ष और कार्यक्षेत्र का केंद्र बनाया। यहाँ आकर उन्होंने न केवल

"न्याय केवल अदालत की दीवारों तक सीमित नहीं होता, यह समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए।"
— वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत यादव

न्यायिक क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बनाई, बल्कि राजनीति और समाज की गहरी समझ भी विकसित की। उनके करीबी मानते हैं कि यादव राजनीति और सत्ता के समीकरणों को गहराई से समझते हैं और यही कारण है कि वे समाजिक मुद्दों पर सटीक दृष्टिकोण रखते हैं।

कानून की जानकारी को जन-जन तक पहुँचाया- एक अधिवक्ता होने के बावजूद उन्होंने हमेशा आम जनता को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य भी किया। समय-समय पर विभिन्न सेमिनारों और सभाओं में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि "न्याय केवल अदालतों में सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि हर व्यक्ति को अपने अधिकार और कर्तव्य की जानकारी होनी चाहिए।"

संघर्ष, मेहनत और जुझारूपन की पहचान- अधिवक्ता जगत में अजीत यादव को एक संघर्षशील और जुझारू अधिवक्ता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कभी भी चुनौतियों से पीछे हटना नहीं सीखा। उनका मानना है कि बाधाएँ कार्य का हिस्सा हैं और उन्हें पार करना ही सफलता का मार्ग है। उनकी यह सोच ही उन्हें उनके साथियों से अलग बनाती है। कई अधिवक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि यादव का यह 30 वर्षों का संघर्ष आने वाली पीढ़ी के अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणा है।

लोगों की राय- इस अवसर पर मौजूद अधिवक्ताओं और बुद्धिजीवियों ने एक स्वर में कहा कि, "तीन दशकों में हजारों लोगों को न्याय दिलाना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।" "अजीत यादव न केवल एक अधिवक्ता हैं, बल्कि न्याय के प्रहरी और समाज के सजग प्रहरी भी हैं।" "उनकी ईमानदारी और सादगी ने उन्हें विशेष पहचान दिलाई है।" 30 वर्षों से वकालत के क्षेत्र में सक्रिय। हजारों मुकदमों की पैरवी कर दिलाया न्याय। आम जनता को कानून की जानकारी देने का मिशन। राजनीति और समाज पर गहरी पकड़। संघर्ष और मेहनत को सफलता का मूलमंत्र माना।

सुप्रीमकोर्ट का नाबालिग की हिरासत में पिटाई और यौन उत्पीड़न का मामले की सुनवाई से इनकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (15 सितंबर) को गुजरात पुलिस द्वारा 17 साल के नाबालिग लड़के के कथित यौन उत्पीड़न और हिरासत में पिटाई के आरोपों पर दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया. कोर्ट ने याचिकाकर्ता को गुजरात हाई कोर्ट जाने की सलाह दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने याचिकाकर्ता के प्रति सहानुभूति जताई और याचिकाकर्ता के वकील से सवाल किया कि आपने हाई कोर्ट का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया?. बेंच ने कहा 'हमें आपसे पूरी सहानुभूति है, लेकिन आपने हाईकोर्ट का रुख क्यों नहीं किया?'. कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाई कोर्ट से राहत मांगी जा सकती है।

पीड़ित की बहन का पुलिसकर्मियों पर आरोप

पीड़ित की बहन की तरफ से दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि 18 अगस्त को गुजरात ते बोटाद कस्बे की पुलिस ने लड़के को सोना और कैश चोरी के शक में उठाया और 19 से 28 अगस्त तक हिरासत में रखा. इस दौरान पुलिसकर्मियों ने उसके साथ न सिर्फ बेरहमी से मारपीट की बल्कि उसका यौन शोषण भी किया।

'पुलिस ने मेडिकल जांच तक नहीं कराई '

याचिका में दावा किया गया कि लड़के को हिरासत में लिए जाने के 24 घंटे के भीतर न तो किशोर न्याय बोर्ड और न ही मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया. इसमें कहा गया है कि हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने उसकी मेडिकल जांच भी नहीं कराई. इसमें भारतीय न्याय संहिता (BNS), पोक्सो अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर स्वतंत्र जांच कराने की मांग की गई।

याचिकाकर्ता सीबीआई जांच कराने की मांग

याचिकाकर्ता ने गुजरात कैडर के अधिकारियों को छोड़कर विशेष जांच दल (SIT) गठित करने या वैकल्पिक रूप से कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच कराने की मांग की. इसके अलावा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), दिल्ली से मेडिकल बोर्ड बनाकर पीड़ित की

चोटों की जांच करने का निर्देश देने की गुहार भी लगाई।

'हाई कोर्ट भी विचार कर सकता ऐसी मांगों पर'

हालांकि बेंच ने कहा कि ऐसी मांगों पर हाई कोर्ट भी विचार कर सकता है. जब वकील ने तर्क दिया कि यह मुद्दा पूरे देश में नाबालिगों की पुलिस हिरासत में यातना से जुड़ा है, तो अदालत ने कहा, 'आप हाईकोर्ट जाइए, अगर हाईकोर्ट आपके मामले पर विचार नहीं करता है तो वापस आइए। हम आपकी याचिका पर गौर करेंगे याचिकाकर्ता ने बोटाद थाने की सीसीटीवी फुटेज नष्ट होने की आशंका भी जताई. इस पर बेंच ने कहा, 'यदि आप समय से हाई कोर्ट जाएंगे तो फुटेज नष्ट नहीं होगा'. इसके बाद कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

विधायक के पत्र का रक्षा मंत्री ने लिया संज्ञान अधिकारियों को भेज कराया निरीक्षण

● ..... बीकेटी क्षेत्र में लगने वाली जाम से मिलेगी मुक्ति- योगेश शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

संवाददाता बक्शी का तालाब

लखनऊ के बीकेटी में राष्ट्रीय सदस्य NHAI विशाल चौहान , आर ओ संजीव शर्मा एवं परियोजना निदेशक कर्नल शरद चन्द्र सिंह को बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने किसान पथ तहसील रोड़ सीतापुर रोड पर लगने वाले जाम के साथ बीकेटी मार्केट का निरीक्षण कराया । विधायक ने बताया कि ह्ल सीतापुर हाईवे तथा किसान पथ से बीकेटी लखनऊ की ओर आने-जाने पर लगने वाले जाम की जानकारी आधिकारियों को दिया इसके साथ ही सुझाव दिया कि क्ष्यज्ञ क्षेत्र में क्लोवर लीफ का निर्माण कराया जाए ताकि वाहन चालकों को चढ़ने - उतरने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, सर्विस रोड का निर्माण एवं

मरम्मत मजबूत और गुणवत्ता के साथ कराई जाए ताकि भारी यातायात को सुगमता से संभाला जा सके।

इसके अतिरिक्त, जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी बल दिया ताकि वर्षा के समय जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि ह्ल का विस्तार किसान पथ तक ही सीमित रखा जाए, क्योंकि सभी प्रकार के भारी वाहन इसी मार्ग से अपने गंतव्य की ओर जाते हैं। सीतापुर रोड पर किसान पथ से इटौंजा टोल तक चल रहे निर्माण कार्य के दौरान यह ध्यान रखा जाए कि व्यापारियों को किसी प्रकार का नुकसान न हो और आम जनता का आवागमन भी बाधित न हो। विकास कार्य के साथ-साथ स्थानीय कारोबार और जनहित की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

अधिकारियों ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं पर विचार कर संतुलित और उचित निर्णय लिया जाएगा। सड़कें सुरक्षित, सुव्यवस्थित और वाहन चालकों के लिए सुविधाजनक बनें ताकि आमजन को बेहतर परिवहन व्यवस्था का लाभ मिल सके निरीक्षण के दौरान दिवाकर त्रिपाठी , राघुवेंद्र शुक्ला के साथ बीकेटी क्षेत्र के व्यापारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

सड़क पर दिखा आठ फीट का अजगर

महदेइया बाजार। ग्राम गुलरिहा मजरा उल्लहिया से शिवपुर महंत को जाने वाले मार्ग पर रविवार रात आठ फीट का अजगर आ जाने से घंटों सड़क पर आवागमन बाधित रहा। अजगर होने की सूचना पर कुछ ही देर में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उग्रसेन निषाद ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। वन दरोगा केसरी प्रसाद के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और अजगर को रेस्क्यू कर गुमड़ी जंगल में छोड़ दिया।

तेंदुए के हमले में तीन बकरियों की मौत, दो बछिया घायल

हरैया सतघरवा। बनकटवा रेंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत फुलवरिया के मजरा बलीपुरवा में करीब तेंदुआ लोकई पाल के घर के पास पशुशाला में घुस गया और हमला कर तीन बकरियों को मार डाला। दो बछियों को भी बुरी तरह घायल कर दिया। गांव निवासी लोकई पाल ने बताया कि घर से सटी हुई उनकी पशुशाला है। उसमें बकरियां, गाय, भैंस आदि जानवर पले हुए हैं। परिवार के सभी लोग घर में सो रहे थे। तभी करीब नौ बजे पशुशाला से जानवरों के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। जाकर देख तो तेंदुए ने तीन बकरियों पर हमला कर मार डाला था और दो बछियों को भी लहूलुहान कर दिया था। हल्ला-गुहार पर गांव के लोग इकट्ठे हो गए। शोर सुनकर तेंदुआ पास के कचनी नाला की ओर भाग गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। आए दिन जंगली जानवर गांव में घुसकर पालतू पशुओं पर हमला कर रहे हैं। बावजूद इसके वन विभाग ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू की। क्षेत्रीय वन अधिकारी शत्रोहन लाल ने बताया कि जंगली जानवर के हमले की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि विभाग ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए सतर्क है और सभी को सावधानी बरतने की अपील की गई है। घटना की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है।

बिहार से आ रहे युवक की अचानक बिगड़ी तबीयत,हुई मौत



जगदीशपुर अमेठी। जनपद के थाना क्षेत्र शुकुल बाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत अंकरा निवासी रत्नेश कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई।मृतक के परिजनों के मुताबिक मृतक एक प्राइवेट कम्पनी में काम करता था जिसके तहत वह कंपनी के किसी काम व मीटिंग के चलते बिहार गया हुआ था और वह वहां से 13 सितंबर दिन शनिवार सुबह बिहार से मनकापुर गोंडा रेलवे स्टेशन पर पहुंचे जहां पर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।वही मृतक का ड्राइवर जब उनको रिसीव करने स्टेशन पर पहुंचा तो देखा कि रत्नेश कुमार की तबियत बिगड़ रही थी और उन्हें खूब पसीना आ रहा था।वही मौके पर जीआरपी द्वारा उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।स्थानीय पुलिस की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे।पुलिस व जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जहां पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव लेकर पैतृक गांव अंकरा पहुंचे जहां रविवार 14 सितंबर को उनका अंतिम संस्कार नम आंखों से किया गया।वही रत्नेश कुमार की अचानक मौत होने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।मृतक रत्नेश का एक पांच साल का लड़का और करीब सात साल की एक लड़की थी जिसके सिर से पिता का छाया उठ गया।वही मासूम बच्चों और मृतक की पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।

बाल विवाह के खिलाफ शपथ पत्र का अभियान चलाया

चुनार मिर्जापुर। सोमवार को चुनार दुर्गा मंदिर के आस्था महिला एवं बाल विकास संस्था के फील्ड कोऑर्डिनेटर रतन कुमार मिश्रा के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें दुर्गा मंदिर के धर्मगुरु को चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया के तहत बताया की 18 वर्ष के पहले लड़कियों का शादी तथा 21 वर्ष के पहले लड़कों का शादी करना दंडनीय अपराध है अगर ऐसा करते हुए कोई पाया गया तो सजा तथा जुर्माना दोनों का प्रावधान है इस विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए सभी धर्म गुरुओं को बाल विवाह के खिलाफ शपथ पत्र दिलवाया गया जिसमें सभी धर्म गुरुओं ने शपथ लिया कि हम यह शपथ लेते हैं हम बाल विवाह को रोकने के लिए अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करूंगा और बच्चों के हित में काम करूंगा।

गोटवा में उखाड़ी गई अवैध आरा मशीन को चलाने की फिराक में जुटा संचालक राम किशोर

●वन विभाग बस्ती सदर की शिथिलता से अवैध आरा मशीन संचालक रामकिशोर क्षेत्रों में कराता है अवैध पेड़ों की कटान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले केवन रेंज बस्ती सदर के अंतर्गत गोटवा बाजार के उत्तर में अवैध आरा मशीन कई वर्षों से वन विभाग बस्ती सदर व नगर पुलिस की मिली भगत से संचालित हो रही थी। सोशल मीडिया पर अवैध आरा मशीन की खबर वायरल होते ही वन विभाग बस्ती सदर ने अवैध आरा मशीन को उखाड़ कर वन रेंज बस्ती सदर कार्यालय पर ले गई है । अवैध आरा मशीन संचालक रामकिशोर पुनः उखाड़ी गई गोटवा में अवैध आरा मशीन को संचालित करने के प्रयास में जुटा है । जानकारी के अनुसार गोटवा में अवैध मशीन के संचालन होने पर अवैध आरा मशीन के खिलाफ पिछले वर्ष भी कई बार सम्मानित समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबर प्रकाशित हुई थी और वन विभाग की टीम ने दो-तीन बार अवैध आरा मशीन को उखाड़ कर वन रेंज बस्ती सदर कार्यालय पर ले गई थी एवं अवैध आरा मशीन संचालक रामकिशोर को चेतावनी दिया था कि भविष्य में अवैध आरा मशीन का संचालन ना हो । अवैध आरा मशीन का संचालन होने पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था । सूत्रों की माने तो गोटवा में राम किशोर के अवैध आरा मशीन का संचालन कई महीनों तक बंद था लेकिन धीरे - धीरे अवैध आरा मशीन संचालक रामकिशोर ने बस्ती सदर वन विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियों व चौकी प्रभारी फुटहिया को प्रतिमाह सुविधा शुल्क देने का लालच देकर पुनः अवैध मशीन का संचालन कर रहा था । कई सम्मानित समाचार पत्रों में अवैध आरा मशीन के संचालन की खबर प्रकाशित होने पर उड़ाका दल की टीम ने रामकिशोर के अवैध आरा मशीन को उखाड़ दिया है और भविष्य में अवैध आरा मशीन के संचालक को न करने की चेतावनी दिया है । वन विभाग की टीम ने अवैध आरा मशीन संचालक रामकिशोर से कहा है कि उखाड़ी गई अवैध आरा मशीन के पुनः संचालन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । सूत्रों के मुताबिक अवैध आरा मशीन संचालक रामकिशोर पुनः अवैध आरा मशीन को संचालित करने के प्रयास में जुटा है और वन विभाग बस्ती सदर व नगर पुलिस को प्रतिमाह सुविधा शुल्क देने की लालच दे रहा है । इस संबंध में डीएफओ ने बताया कि किसी भी हाल में उखाड़ी गई अवैध आरा मशीन का संचालन नहीं होगा यदि उखाड़ी गई अवैध आरा मशीन का संचालन होता है तो सूचना मिलने पर जांच कर विभागीय कार्रवाई की जाएगी ।

एसपी, डीआईजी सख्त, थानेदार मस्त, नहीं संभाल पा रहे हैं थाना, अपराधी दे रहे हैं घटना को अंजाम

●पुलिस चौपाल- अफवाहों और साइबर क्राइम से बचाव को लेकर लोगों को किया जा रहा जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले में चोरी की घटनाओं से खर्राया बस्ती जिला पुलिस की कोशिश नाकाम एक भी चोरी की घटनाओं को खुलासा करने में असफल रहा पुलिस विभाग सर्किल हरैया पुलिस की नाकामी साबित हो रही है सबसे ज्यादा चोरी सर्कल हरैया क्षेत्र में हुई है पुलिस विभाग चोरों पर नक़ल कसने में असफल रहा चोरीकी घटनाओं को लेकर ग्रामीणों की निाइड्रम हो गई है कैसे अपनी गाढी कमाई बचाया जाए किस दिन भर खेतों में काम करते और दिनचर्या में व्यस्त रहता है जब घटनाए दिन में हो रही है तो रात तो नींद हराम होना है हरैया सर्कल कई थाने में रात ग्रस्त के नाम पर खानापूर्ति हो रही है ग्राम पहारियों नहीं दे रहे हैं पहरा किस कैसे बचाएं अपनी जमा पूंजी चोरों के दर से नींद हराम हो गई है सर्किल सदर पुलिस इन दिनों जिले में जागरूकता अभियान चला रही है। थानों और चौकियों की पुलिस टीम ग्रामीण और शहरी इलाकों में लगातार चौपाल लगाकर लोगों को चोरी की घटनाओं की रोकथाम, ड्रोन संबंधी अफवाहों और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक कर रही है।

अफवाहों से सावधान रहने की अपीलपुलिस अधिकारियों ने चौपाल में बताया कि हाल ही में अफवाहों के चलते कई निर्दोष और मानसिक रूप से कमजोर लोगों को चोर समझकर मारपीट का शिकार होना पड़ा है। ऐसे मामलों को रोकने के लिए लोगों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत स्थानीय पुलिस या डॉयल 112 पर सूचना दें। अफवाहों पर विश्वास न करें और सोशल मीडिया पर अनावश्यक पोस्ट साझा करने से बचें। पुलिस ने साफ किया कि अफवाह फैलाने वालों और निर्दोषों पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।अलग-अलग चौकियों पर आयोजित चौपाल थाना कोतवाली के अंतर्गत चौकी प्रभारी जेल गेट और मड़वा नगर ने चौपाल लगाकर लोगों को अफवाहों और चोरी की घटनाओं से सतर्क रहने की सलाह दी।

थाना पुरानी बस्ती क्षेत्र में चौकी प्रभारी हड़िया और दक्षिण दरवाजा ने लोगों को जागरूक करते हुए अपील की कि किसी भी संदिग्ध सूचना को पुलिस से साझा करें। महिला थाना की भारी निरीक्षक ने टीम के साथ ग्राम गीदही में ग्रामीणों को इकट्ठा कर अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी समस्या में पुलिस से मदद लेने की सलाह दी। साथ ही, बैंकों और कॉलेजों के आसपास सुरक्षा के लिए सघन चेकिंग की गई। चौकी प्रभारी बड़ेबन, पटेल चौक और रोडवेज ने भी अपने-अपने क्षेत्र में चौपाल लगाकर साइबर क्राइम, चोरी और ड्रोन संबंधी अफवाहों से बचने की जानकारी दी। थाना वाल्टरगंज क्षेत्र के ग्राम सिसवारी और रघुनाथपुर में भी चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया गया।

पुलिस का संदेश

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनता का सहयोग ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाता है। सतर्क रहकर और अफवाहों से दूर रहकर समाज को सुरक्षित बनाया जा सकता है।

एक करोड़ से हो रहा तुलसी पार्क का हो रहा सुंदरीकरण

बलरामपुर। नगर के तुलसी पार्क को संवारने का कार्य तेजी से चल रहा है। नगर पालिका परिषद ने सुंदरीकरण पर एक करोड़ पांच लाख रुपये की योजना स्वीकृत की है। इस राशि से पार्क में बाउंड्रीवॉल का निर्माण, लोहे की ग्रिल, इंटरलॉकिंग पथ, पौधरोपण, फाउंटेन-फव्वारा और बेंच जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इससे लोगों को मॉर्निंगवॉक एवं योगाभ्यास के लिए बेहतर माहौल मिलेगा। करीब एक लाख आबादी को सीधे तौर पर इस पार्क से लाभ मिलेगा। स्थानीय नागरिक पार्क के निर्माण कार्य को लेकर उत्साहित हैं। नगरवासी श्याम किशोर का कहना है कि परिवार के साथ घूमने के लिए बेहतर स्थान मिलेगा। मोहित ने कहा कि बच्चों को खेलने की खुली जगह का इंतजार है। वहीं, इरफान ने कहा कि पार्क का सुंदरीकरण पूरा होते ही यह शहर की खूबसूरती और जनसुविधा में इजाफा करेगा। निर्माण कार्य की शुरुआत हो चुकी है। निर्धारित समय में इसे पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। काम पूरा होने के बाद तुलसी पार्क शहर का आकर्षण केंद्र बनेगा और लोगों को सुविधाएं मिलेंगी। -डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, नगर पालिका अध्यक्ष

महिला को बेहोश कर सोने के जेवरात और 53 हजार रुपए ले उड़े चोर

●बिजली विभाग के कर्मचारी बनकर घर में घुसे बदमाश

महिला को बेहोश कर सोने के जेवरात और 53 हजार रुपए ले उड़े चोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। परशुरामपुर थाना क्षेत्र के शाम चौरी बाजार में रविवार को दिन दहाड़े चोरी की वारदात हुई। राहुल गुप्ता के घर तीन अज्ञात बदमाश बिजली विभाग के कर्मचारी बनकर पहुंचे। दोपहर 11 बजे के करीब तीन युवक घर आए। एक बदमाश ने हेलमेट पहना था और दो ने मास्क लगा रखा था। उन्होंने दरवाजा खटखटाया और खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताया। राहुल की पत्नी सुमन गुप्ता ने जैसे ही दरवाजा खोला, बदमाशों ने पीछे से हमला कर उन्हें बेहोश कर दिया। बदमाश घर में घुस गए और तीन कमरों की अलमारियां व बक्से तोड़ दिए। वे सोने के तीन लेडीज झुमके, एक झाला, एक सोने का सिक्का, एक सोने की तितली, चांदी की दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी करधन और 53,000 रुपए नगद लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थाना अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

अमेठी पुलिस द्वारा 03 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमेठी । पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान थाना व जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्तों प्रिन्स आजम खान पुत्र मोहम्मद याकूब खान निवासी सरायराजशाह सरवनपुर थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 37 वर्ष, विवेक श्रीवास्तव पुत्र कृष्णलाल निवासी आवास विकास कालोनी थाना व जनपद अमेठी उम्र करीब 29 वर्ष , आयुस कुमार तिवारी पुत्र विमलेश भूषण तिवारी निवासी 648 अर्जुनगंज थाना सुशान्त गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ उम्र करीब 37 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । संस्थान AIPS का रजिस्ट्रेशन व संचालन के संबंध में वैध प्रमाण पत्र मांगने पर दिखा न सके । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि ये लोग जरुरतमंद छात्र-छात्राओं को AIPS नामक संस्था में एडमिशन लेकर यहीं पढ़ाते है व अन्य संस्थाओं से संपर्क कर वहां एडमिशन करा देते है । अभियुक्तों के कार्यालय से पम्पलेट AIPS, फार्म एडमिशन, रजिस्ट्रेशन फार्म, मार्कशीट, बायोमैट्रिक मशीन, डीवीआर, डेटा रजिस्टर व 02 मोहरों को बरामद किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

चोर समझकर बंगाली व्यक्ति को पीटा, 50 पर केस

बलरामपुर। जिले में चोरी की अफवाह और चोर-चोर के शोर के बीच लोग खुद कानून हाथ में लेने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला थाना कोतवाली बलरामपुर नगर ग्राम विशुनीपुर के अहिरन टोला के पास सुबह सामने आया। यहां स्थानीय लोगों ने एक बंगाली व्यक्ति को चोर समझकर उसके हाथ बांधकर बेरहमी से पीट दिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। मामले में 50 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। सुबह करीब 10:30 बजे बंगाली व्यक्ति अहिरन टोला में कहीं से गुजर रहा था। स्थानीय लोगों ने उन्हें संदिग्ध समझ लिया। गुस्साए लोगों ने व्यक्ति का हाथ बांधकर इतनी बेरहमी से पीटा कि वो लहुलुहान हो गया। उनके सिर से खून बहने लगा और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। व्यक्ति की हालत स्थिर बताई जा रही है। उप निरीक्षक शिव लाखन सिंह ने खुद मामले में शामिल लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

चोरी की अफवाह को लेकर पुलिस ने किया जागरूक

रतनपुर/महराजगंज। नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर टोला मोतीपुर में थानाध्यक्ष पुरषोत्तम राव के नेतृत्व में चोरी के अफवाह पर सोमवार को चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। साथ ही अनजान व्यक्ति से पूछताछ कर संदिग्ध होने पर बिना मारे-पीटे पुलिस को सुपुर्द करने के लिए निर्देशित भी किया गया। इसके साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि ड्रोन व चोरी की अफवाह फैलाने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसआई शेर बहादुर यादव, हेड कांस्टेबल रामनिवास यादव, अवधेश यादव, ग्रामीण राकेश जायसवाल, बबलू तिवारी, गिरीशचन्द साहनी, सत्यनारायन चौधरी, भीमराज तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

जल भरा होने से छात्रों को हो रही भारी समस्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। जिले केनगर पालिका परिषद बस्ती के वार्ड नंबर-4 पाण्डेय बाजार में स्थित बाबा शंकर दास मंदिर के पास स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके से मिली जानकारी के अनुसार, सड़क के दोनों ओर की नालियां पूरी तरह से पट चुकी हैं और जलभराव की स्थिति बन गई है। नालियां बंद होने से गंदा पानी सड़क पर फैल गया है, जिसके कारण बच्चों को जूता हाथ में लेकर पैदल चलना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों और स्थानीय लोगों को रोज़ाना आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। माता-पिता और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।स्थानीय जनता ने नगर पालिका अध्यक्ष और जिला प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने और नालियों की सफाई एवं सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। लेकिन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जनता और छात्र परेशान है यहां तक लोगों को एक पानी के अंदर से होकर गुजरना पड़ रहा है कब होगी सड़क की मरम्मत नगर पालिका प्रशासन आंखें मोदी नींद में सो रहा है वीडियो में साफ दिख रहा है कि कैसे गंदगी और जलभराव ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मजबूती से उतरेगी आम आदमी पार्टी

●कप्तानगंज विधानसभा में चलाया गया हर घर सम्पर्क अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले में आम आदमी पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष डॉ. राम सुभाष वर्मा और कप्तानगंज विधानसभाध्यक्ष भगवानदीन भारती के संयोजन में विधानसभा क्षेत्र के तारा मैरेज हाल में हर घर सम्पर्क अभियान की कड़ी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हर घर सम्पर्क अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये पार्टी के नीति, कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और आगामी विधानसभा का चुनाव पूरी मजबूती से लड़ेगी। कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में तैयारियां तेज कर दें।बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ. राम सुभाष वर्मा ने कहा कि जनपद के पांच विधानसभा क्षेत्रों में बूथ गठन तेजी से जारी है। कहा कि आम आदमी पार्टी जनहित के सवालों को लेकर निरन्तर संघर्ष जारी रखे हुये हैं। यूरिया संकट, बिजली मूल्यवृद्धि, निजीकरण आदि का मामला पूरी ताकत से उठाया गया। डा. वर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती से ही राजनीतिक, सामाजिक लक्ष्य हासिल होंगे। बैठक में बौद्ध प्रान्त के उपाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के नीति, कार्यक्रम के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी दी। कहा कि दिल्ली की जनता आज अपने फैसले पर उदास है। भाजपा ने दिल्ली में सरकार तो बना लिया किन्तु आम आदमी हाशिये पर है। जिला प्रभारी आशीष कुमार गुप्ता और जिला सह प्रभारी पतिराम आजाद ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि आम आदमी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगी और जनहित के सवालों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा।कप्तानगंज विधानसभाध्यक्ष भगवानदीन भारती ने बताया कि पार्टी द्वारा चलाये जा रहे हर घर सम्पर्क अभियान के तहत निरन्तर कार्यक्रम जारी है। जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। बैठक में मुख्य रूप से राम सजन सूर्यबंशी, मिथलेश भारती, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, वीरभद्र ओझा, शेषपाल चौधरी, मो. उमर, हरि प्रसाद, कृष्ण कुमार, डा. नरेन्द्र चौधरी, पवन कुमार, राजेन्द्र कुमार, सुधीर, शिवांशू चौधरी, अंकित वर्मा, सचिन कुमार, अनिल कुमार मौर्या, राजेन्द्र यादव, रमेश कुमार चौधरी, अमरजीत यादव, परशुराम यादव, जाहिद अली, दिलीप यादव, रामकरन रावत, उमेश शर्मा के साथ ही आम आदमी पार्टी के अनेक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

रमवापुर में अस्पताल सील, संचालक के खिलाफ केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तरौला। क्षेत्र के ग्राम रमवापुर में अवैध रूप से संचालित एक अस्पताल को सील कर दिया गया। शुक्रवार शाम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निरीक्षण के बाद अस्पताल संचालक से कागजात मांगे गए थे लेकिन, शनिवार तक संचालक ने अभिलेख नहीं दिखाए। टीम ने अस्पताल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रविनंदन त्रिपाठी ने बताया कि मो. अफजल अंसारी पुत्र अलीमुन अंसारी द्वारा रहीमा अस्पताल के संचालन की सूचना मिली थी। शुक्रवार शाम निरीक्षण के दौरान अस्पताल के नाम का बोर्ड बाहर लगा मिला। अंदर दवाएं, रजिस्टर और कुछ मरीज भी मौजूद मिले। 12 बेडों पर मरीजों को भर्ती करने की भी व्यवस्था थी। जब संचालक से पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। टीम ने अवैध रूप से संचालित अस्पताल को सील कर दिया।

लंबे समय से चल रहा था अवैध अस्पताल

क्षेत्र के कन्हैयालाल, रामनरेश, सुनीता और कई अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह अस्पताल लंबे समय से संचालति था। यहां मरीजों से मोटी रकम ली जाती थी लेकिन, न तो सही इलाज होता था और न ही प्रशिक्षित डॉक्टर मिलते थे। ग्रामीणों का कहना है कि बस्ती से भी कोई चिकित्सक यहां आते थे, उनकी भी जांच होनी चाहिए।

बऊली में डूबने से 12 वर्षीय बालक की मौत, जुगैल पुलिस पर देर से पहुंचने का आरोप

सोनभद्र। जिले के जुगैल थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहाँ बऊली में नहाने गए 12 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को दी, लेकिन परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि जुगैल पुलिस काफी देर तक मौके पर नहीं पहुंची। मृतक की पहचान देवबली गोंड, पुत्र सोहबत, उम्र 12 वर्ष, निवासी ग्राम जुगैल, टोला सेमरा के रूप में हुई है। देवबली गोंड सोमवार को अपने गांव की बऊली में नहाने गया था, तभी गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया।जब ग्रामीणों ने देवबली को बऊली में डूबते देखा, तो तत्काल उसे बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस दुखद खबर से पूरे गांव में मातम पसर गया है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने तुरंत जुगैल पुलिस को सूचित किया।

एकीकृत बागवानी विकास मिशन से अमेठी में खेती में नए आयाम

● संरक्षित खेती से बढ़ी आय, अन्य कृषक भी हो रहे प्रेरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान के मार्गदर्शन एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के नेतृत्व में जनपद में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत कृषकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने एवं उनकी आय दोगुनी करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकास खंड सिंहपुर के ग्राम सिंहपुर निवासी कृषक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने योजना का लाभ लेकर संरक्षित खेती के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। श्री सिंह ने संरक्षित खेती कार्यक्रम के तहत आवेदन कर 4000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पॉलीहाउस का निर्माण कराया। इस पॉलीहाउस में उन्होंने तीन माह में संकर खीरा का उत्पादन कर 600 क्विंटल उपज प्राप्त की, जिसे लखनऊ मंडी में विक्रय कर उन्होंने लगभग 9 लाख की आय अर्जित की। इसके साथ ही पॉलीहाउस में बाह्य वातावरणीय कारकों को न्यून कर इंटरक्रॉपिंग पद्धति से धनिया, मूली, गोभी जैसी सब्जियों का भी उत्पादन किया, जिससे उन्हें ?4 लाख की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई। उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत 19.68 लाख का अनुदान भी उन्हें प्रदान किया गया है। इस आर्थिक सहयोग और आधुनिक तकनीक के प्रयोग से आज खेती में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं तथा जनपद के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद के अधिक से अधिक पात्र कृषक इस योजना का लाभ लें। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासनादेश में वर्णित पात्रता के अनुसार सभी पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाया जाए, जिससे आय बढ़ाने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हों। जिलाधिकारी ने कहा कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन जैसी योजनाएं कृषकों को पारंपरिक खेती से आधुनिक तकनीक की ओर अग्रसर करती हैं। इससे न केवल उत्पादन में वृद्धि होती है बल्कि किसानों को बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ भी मिलता है। ऐसे सफल प्रयासों से ही "आत्मनिर्भर कृषक - आत्मनिर्भर भारत"का लक्ष्य साकार होगा। जनपद प्रशासन का प्रयास है कि संरक्षित खेती, फल-सब्जी प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन की तकनीकों को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाया जाए, जिससे वे भी श्री सिंह की भांति अपनी आय में वृद्धि कर सकें और कृषि को एक सफल उद्यम के रूप में आगे बढ़ा सकें।

ग्राम पंचायतों में बंद पड़े सामुदायिक शौचालय, जांच हुई तो खुलेगा सबसे बड़ा घोटाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच की समस्या को खत्म करने और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया था। योजना का मकसद ग्रामीणों को बेहतर सुविधा देना था, लेकिन हकीकत बिल्कुल इसके उलट है। जनपद के पचपेड़वा, गैसड़ी, तुलसीपुर और महाराजगंज तराई सहित अन्य विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में बने अधिकांश सामुदायिक शौचालय लंबे समय से बंद पड़े हैं। कहीं ताले जड़े हुए हैं तो कहीं भवन खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। कई शौचालयों में सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है और न ही पानी की आपूर्ति की सुविधा। परिणामस्वरूप ये शौचालय उपयोग के लायक ही नहीं रह गए हैं। ग्रामीण बताते हैं कि जब इन शौचालयों का निर्माण हुआ था तब प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों ने बड़े-बड़े दावे किए थे कि अब गांवों में गंदगी और खुले में शौच की समस्या नहीं रहेगी। लेकिन शौचालयों का संचालन और रखरखाव पूरी तरह उपेक्षा का शिकार हो गया। सफाईकर्मी नियुक्त नहीं हुए, न पानी की टंकी भरी गई और न ही बिजली की व्यवस्था की गई। ऐसे में लाखों रुपये खर्च करके बने भवन आज सिर्फ शोपीस बनकर खड़े हैं।लोगों का आरोप है कि सामुदायिक शौचालय निर्माण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर सिर्फ औपचारिकता निभाई गई और निर्माण के बाद रखरखाव की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली। यही वजह है कि कुछ शौचालय शुरू से ही उपयोग में नहीं आ पाए और बंद पड़े हैं। यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो जाए तो यह जनपद का सबसे बड़ा घोटाला साबित हो सकता है।गांव की महिलाओं का कहना है कि सामुदायिक शौचालय उनके लिए राहत का साधन बन सकता था, लेकिन उपेक्षा के कारण वे आज भी खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। वहीं, युवा और किसान भी मानते हैं कि सरकार की योजना केवल कागजों तक सीमित रह गई है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सामुदायिक शौचालयों की जांच कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों व ग्राम पंचायत सचिवों पर कार्रवाई हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि बने हुए शौचालयों को जल्द से जल्द चालू किया जाए, ताकि जनता को सुविधा मिल सके और योजनाओं की पारदर्शिता भी बनी रहे।

संक्षिप्त खबरें

घर के अंदर फंदे से झूलकर युवती ने की आत्महत्या

नगराम। लखनऊ, नगराम थाना क्षेत्र के कमालपुर बिचलिका गांव में सोमवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव निवासी किसान महेश प्रसाद की 24 वर्षीय पुत्री रंजना ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था।मिली जानकारी के अनुसार, रंजना की मां मिथिलेश आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर तैनात हैं। घटना के वक्त वह ड्यूटी पर स्कूल गई हुई थीं। वहीं रंजना के दोनों भाई संजीव और रैलीज रोजी-रोटी के सिलसिले में बाहर प्राइवेट नौकरी करते हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार को करीब 11 बजे रंजना ने कमरे के अंदर फांसी का फंदा बनाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।सूचना पाकर मौके पर पहुंची नगराम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई इस घटना से गांव में मातम पसर गया है और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।परिजनों का कहना है कि रंजना ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसका उन्हें अंदाजा नहीं है। उन्होंने बताया कि वह स्वभाव से हंसमुख और मिलनसार थी, किसी प्रकार की कोई पारिवारिक कलह या परेशानी भी नहीं थी। परिजनों ने आशंका जताई कि किसी मानसिक तनाव या व्यक्तिगत कारण से उसने यह कदम उठाया होगा।ग्रामीणों का कहना है कि रंजना व्यवहार कुशल और सबके साथ घुल-मिलकर रहने वाली लड़की थी। उसकी मौत से पूरा गांव स्तब्ध है। लोगों का कहना है कि रंजना ने इस तरह का कदम उठाया, यह विश्वास करना मुश्किल है। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि परिवार पूरी तरह से साधारण और शांतिप्रिय है, ऐसे में यह घटना सभी के लिए चौंकाने वाली है।थाना प्रभारी विवेक चौधरी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

सोना-चांदी सस्ता हुआ या महंगा? फटाफट चेक करें ताजा भाव

आज सर्राफा बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में थोड़ी गिरावट देखने को मिली है। 24 कैरेट सोना 104 रुपये सस्ता होकर बिना जीएसटी 1,09,603 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि जीएसटी सहित इसकी कीमत 1,12,891 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। वहीं, चांदी के रेट में भी 245 रुपये की गिरावट दर्ज की गई और यह बिना जीएसटी 1,27,763 रुपये प्रति किलो पर खुली, जबकि जीएसटी सहित इसकी कीमत 1,31,595 रुपये प्रति किलो रही। सितंबर महीने में अब तक सोना कुल 7,215 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हुआ है, वहीं चांदी की कीमतों में भी 10,191 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार अगस्त के आखिरी कारोबारी दिन सोना 1,02,388 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,17,572 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। शुक्रवार को सोना 1,09,707 रुपये और चांदी 1,28,008 रुपये पर बंद हुई थी। कैरेट के हिसाब से भी सोने की कीमतों में गिरावट देखी गई, जैसे 23 कैरेट गोल्ड 104 रुपये गिरकर 1,09,164 रुपये प्रति 10 ग्राम और जीएसटी सहित 1,12,438 रुपये पर पहुंच गया। 22 कैरेट सोना 96 रुपये सस्ता होकर 1,00,396 रुपये प्रति 10 ग्राम और जीएसटी सहित 1,03,407 रुपये हो गया। इसी तरह 18 कैरेट सोना 78 रुपये की गिरावट के साथ 82,202 रुपये और जीएसटी सहित 84,668 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जबकि 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब जीएसटी सहित 66,041 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। आईबीजेए ये हाजिर भाव दिन में दो बार दोपहर 12 बजे और शाम करीब 5 बजे जारी करता है, हालांकि अलग-अलग शहरों में इन भावों में 1,000 से 2,000 रुपये तक का अंतर हो सकता है।

सेन पश्चिम पारा में ग्रामीणों ने नौ लोगों को चोर समझकर पुलिस को सौंपा

कानपुर नगर/घाटमपुर सेन पारा मे ग्रामीणों ने नौ लोगों को चोर समझकर पकड़ने के साथ पुलिस को सौंप दिया पुलिस की पूछताछ में नौ युवक मजदूर निकलें, पुलिस ने सभी का वेरिफिकेशन करानें के साथ घर भेज दिया, पुलिस ने ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है,सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी निरीक्षक के पी सिंह ने बताया कि आजाद नगर से देर रात सूचना मिली थी कि ग्रामीणों ने नौ चोर पकड़े हुए है, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस सभी को हिरासत में लेकर थाने ले आई पुलिस को पूछताछ में युवकों ने अपनी पहचान उन्नाव जिले के अजगैन निवासी, सुनील, भतीजा लकी रावत,और शिव रावत, तीनों एक साथ किराए के कमरे में रहकर चकेरी स्थिति प्लास्टिक फैक्ट्री में नौकरी करते हैं।

बाघ की लोकेशन के बाद एरिया रेड जोन मवेशी के शिकार के बाद 500 मीटर का इलाका सील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर जनपद सीतापुर के विकासखंड महोली क्षेत्र में रविवार को एक बार फिर बाघ ने मवेशी को अपना शिकार बना लिया घटना के बाद वन विभाग ने हालात की गंभीरता को देखते हुए नरनी गांव के आसपास करीब 500 मीटर क्षेत्र को रेड जोन घोषित कर सील कर दिया है। प्रभावित इलाके में ग्रामीणों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी गई है वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार बाघ की लोकेशन गन्ने के खेतों में ट्रेस हो चुकी है टीम लगातार निगरानी कर रही है और दावा किया जा रहा है कि मौसम ने साथ दिया तो जल्द ही बाघ को पकड़ लिया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से गांव और खेतों के रास्तों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है ताकि कोई अनहोनी न हो गौरतलब है कि 22 अगस्त को ग्राम नरनी निवासी शुभम दीक्षित खेतों में बाघ का शिकार बन गए थे इसके बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है ग्रामीण खेतों में जाने से बच रहे हैं और रात के समय तो लोग घरों से बाहर निकलने में भी डर रहे हैं बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग ने पीएचसी को कमांड सेंटर बनाया है यहां से दुधवा टाइगर रिजर्व से बुलाई गई एक्सपर्ट टीम और स्थानीय वन विभाग की संयुक्त टीम लगातार अभियान चला रही है कैमरा ट्रैप और ड्रोन की मदद से भी बाघ की गतिविधियों पर नज़र रखी जा रही है डीएफओ नवीन खंडेलवाल ने बताया कि बाघ की मौजूदगी गन्ने के खेत में स्पष्ट हो चुकी है एक्सपर्ट की टीम और विभाग के

अधिकारी लगातार गश्त कर रहे हैं उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही बाघ को सुरक्षित तरीके से काबू में कर लिया जाएगा लगातार हो रही घटनाओं से गांव के लोग दहशत में हैं और प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं वन विभाग का कहना है कि ग्रामीणों को सतर्क रहने और बिना जरूरत खेतों में न जाने की हिदायत दी गई है!!

ऑटो और डीसीएम की भिड़ंत से युवक की हुई मौत धर्मकांटे पर काम करने जा रहा था युवक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर जनपद सीतापुर के बिसवां कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया शहीद चौराहे पर एक ऑटो और डीसीएम की भिड़ंत में ऑटो सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। थाना मानपुर के ग्राम कोड़रा निवासी मोहर्रम अली पुत्र गुलजार अली रोज की तरह धर्मकांटे पर काम करने के लिए सिधौली से बिसवां आ रहे थे इसी दौरान सवारियों से भरा ऑटो जैसे ही इंटिया शहीद चौराहे पर पहुंचा, सामने से आ रही डीसीएम से जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी भीषण थी कि मोहर्रम अली गंभीर रूप से घायल हो गए और कुछ ही देर में उन्होंने दम तोड़ दिया हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया पुलिस ने

डीसीएम व उसके चालक को हिरासत में ले लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस चौराहे पर आए दिन हादसे होते रहते हैं लेकिन यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। हादसे के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है गांव में शोक की लहर दौड़ गई है स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन चौराहे पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करे और बड़े वाहनों की अंधाधुंध गति पर रोक लगाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो!!

एसयूवी की टक्कर से ई रिक्शा चालक और छात्रा घायल

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के डलमऊ रोड ओवर ब्रिज के निकट सोमवार की सुबह तेज रफ़्तार एसयूवी ने ई-रिक्शा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में ई-रिक्शा चालक व उसमे सवार एक स्कूली छात्रा घायल हो गए। घायल छात्र को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। बांदा जनपद के नरैनी के रहने वाले अजय कुमार द्विवेदी अपनी कर से लखनऊ जा रहे थे। जैसे ही वह रोड ओवरब्रिज के निकट तपस्वी आश्रम के सामने पहुंचे उनकी कार सामने जा रहे एक ई रिक्शा से भिड़ गई। जिससे कार और ई रिक्शा दोनों बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। टककर से ई रिक्शा में बैठी छात्रा व डलमऊ थाना क्षेत्र के मंडापुर सौरासी निवासी ई रिक्शा चालक आजाद अली को चोट लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को अस्पताल पहुंचवाया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में जानकारी मिली है। जांच कराई जा रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

निगोहां। लखनऊ, निगोहां थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के पास रविवार देर रात सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुँचाया।मिली जानकारी के अनुसार, निगोहां थाना क्षेत्र के उतरांवा गांव के मजरा बखतखेड़ा निवासी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उसका छोटा भाई दीपक सिंह (33) रविवार रात घर से निकला था। रास्ते में उसकी मुलाकात पतौना निवासी अपने साथी राजेंद्र से हुई और दोनों बाइक से निगोहां कस्बे चले गए। देर रात दोनों उदयपुर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने जा रहे थे। पंप से कुछ दूरी पहले ही लखनऊ

से रायबरेली की ओर तेज रफ्तार से जा रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही दीपक का सिर फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, साथी राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहाँ से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा

भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक अविवाहित था और तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बड़े भाई भूपेंद्र व मंझले भाई सोनू से अलग वह खेती किसानी करता था। मृतक के पिता बिमलेश और मां का पहले ही निधन हो चुका है।एसआई चंदन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घायल का इलाज ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल अज्ञात वाहन की पहचान कर चालक की तलाश की जा रही है।

धार्मिक गतिविधि करने वाले फार्म हाउस पर लटका ताला, पुलिस ग्रामीणों से पूछताछ कर लौटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

निगोहा। लखनऊ, निगोहा थाना क्षेत्र के एक फॉर्म हाउस में एक समुदाय द्वारा धार्मिक गतिविधि के लिए रविवार को भीड़ एकत्रित करने की सूचना पर हिन्दू संगठन के लोगो ने पहुंचकर हंगामा किया था। जिसके सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर थाने ले आई थी। इसके बाद पूछताछ कर थाने से छोड़कर जांच करने के बाद कार्यवाही की बात कही थी। सोमवार को एक बार फिर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो फार्म हाउस पर ताला लटक मिला वही पुलिस ने गांव में इसके बारे में जानकारी जुटाई तो जिसमें पता चला कि फार्म हाउस का कुछ हिस्सा सरकारी जमीन पर है। साथ विशेष धर्म गतिविधि होने की भी पुष्टि होने की बात समाने आई है। जिसको लेकर पुलिस ने मंगलवार को राजस्व टीम बुलाकर जमीन नापकर कराकर अवैध कब्जे को हटवाने की बात कही है।वही धार्मिक गतिविधि का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके विरोध के सुर बढ़ गए है। रविवार को मौके पर पहुंचे हिंदू संगठन के लोगों का आरोप था कि इस फार्म हाउस में हर रविवार को बाहरी लोग आते हैं और वहां धर्मांतरण से जुड़ी गतिविधियाँ होती हैं। लोगों का कहना है कि यह सिलसिला काफी समय से चल रहा है और इससे गाँव के वातावरण में अशांति फैल रही है। वही सोमवार जांच करने पहुंची पुलिस को फार्म हाउस पर ताला लटका मिला तो पुलिस गांव पहुंचकर लोगों से इसके बारे में बातचीत की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने निकलकर आए जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। वही निगोहा थाना प्रभारी ने कहा कि ग्रामीणों से जानकारी

मिली है कि फार्म हाउस का कुछ हिस्सा सरकारी जमीन पर बना हुआ इसके लिए तहसील अधिकारियों से संपर्क कर मंगलवार को राजस्व टीम को बुलाकर जमीन की नाप कराई जाएगी अवैध कब्जा मिलने पर अधिकारियों की अनुमति के बाद ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी ।साथ ही फार्म हाउस पर रहने वाले और धार्मिक गतिविधि चलाने वालों को तलाश की जा रही है।

लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर डीसीपी ने आयोजित की समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने सोमवार को जोन के समस्त थानों एवं कार्यालयों पर नियुक्त आईजीआरएस जन शिकायत निवारण प्रणाली अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए।डीसीपी निपुण अग्रवाल ने कहा कि शासन स्तर से लगातार इस बात पर बल दिया जा रहा है कि जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान हो और पीड़ितों को समय पर न्याय मिले। ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी ने यह भी कहा कि हर प्रकरण को गंभीरता से सुना जाए और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित मामलों की समीक्षा के साथ ही अधिकारियों से उनकी प्रगति रिपोर्ट भी ली गई। डीसीपी ने यह भी कहा कि जनता का पुलिस पर विश्वास तभी बढ़ेगा जब उसकी समस्याओं का समाधान सही समय पर और

पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।उन्होंने निर्देश दिया कि अब प्रत्येक थाना और कार्यालय स्तर पर हर सप्ताह समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें लंबित प्रकरणों की स्थिति पर रिपोर्ट दी जाएगी। साथ ही हर पीड़ित को उसकी शिकायत की प्रगति की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। डीसीपी ने बताया कि इसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा, जिससे जनता सीधे अपनी शिकायत की स्थिति जान सकेगी।

विधायक ने निराला नगर में सड़क के दोनों तरफ नाला निर्माण के लिए लिखा पत्र

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के कानपुर पर स्थित निराला नगर मोहल्ला में नाली निर्माण की समस्या अब समाधान की ओर बढ़ती दिख रही है। सपा विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर सड़क के दोनों तरफ नाला निर्माण कराए जाने की मांग की है। मोहल्लावासी अभिषेक सिंह बेटू, शिवोम सिंह, रत्नाकर सिंह, राहुल पाल, हरी पाल, गोलू, रोहित आदि का कहना है कि पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने से बारिश का पानी सीधे सड़क पर भर जाता है। नतीजतन सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें पानी भरने से वाहन चालक अक्सर दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो जाते हैं। इस समस्या को लेकर मोहल्ले के लोगों ने विधायक से गुहार लगाई थी। उनकी मांग पर विधायक ने उमेश पत्रकार के घर से लेकर बेहटा चौराहे के निकट बने नाले तक दोनों तरफ नाली निर्माण कराने के लिए विभाग को पत्र भेजा है। विधायक की इस पहल से स्थानीय लोग प्रसन्न हैं और उन्होंने उम्मीद जताई है कि जल्द ही सड़क और मोहल्ले की समस्या दूर होगी।

नहर किराने मिला बुजुर्ग का शव घर में मचा कोहराम, दो दिन पहले शौच के लिए घर से निकला था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर जनपद सीतापुर के हरगांव थाना क्षेत्र के अम्बहिया गांव में शौच करने गए एक वृद्ध व्यक्ति की नहर में डूबने से मौत हो गई मृतक का शव घटना के दो दिन बाद उतराता मिला। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया जानकारी के अनुसार अम्बहिया गांव निवासी शत्रोहन (52) पुत्र छुट्टा शनिवार की शाम करीब छह बजे घर से शौच करने के लिए पास की नहर पर गए थे नहर किनारे शौच के दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह तेज धारा में बह गए परिजनों ने देर रात तक उनकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा ग्रामीणों ने भी रातभर खोज की मगर सफलता हाथ नहीं लगी सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने शव को रामनगर झाल के पास नहर में उतराता देखा और परिजनों को सूचना दी मृतक के भाई मनोहर पुत्र छुट्टा की मदद से शव को बाहर निकाला गया घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के घर पर मातम छा गया और परिजन चीख-पुकार कर बिलखने लगे सूचना पाकर हरगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची रामनगर चौकी प्रभारी बसंत कुमार, आरक्षी गौतम कुमार, आरक्षी लक्ष्मीशंकर व योगेश सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि नहर व तालाब किनारे ऐसी घटनाएं अक्सर होती रहती हैं मृतक शत्रोहन की मौत के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई!!

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ ने 58वां इंजीनियर दिवस मनाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया, जो एक महान विद्वान, शिक्षाविद और भारत के सबसे प्रसिद्ध सिविल इंजीनियर थे, की 165 वीं जयंती के अवसर पर, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ ने 15 सितंबर 2025 को 58वां इंजीनियर दिवस मनाया। कार्यक्रम का प्रारम्भ, उनके चित्र पर माल्यार्पण और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उदबोधन के साथ आयोजित किया गया। शरद सिंह, सचिव व कार्यकारी अधिकारी, एसएमएस, इस अवसर पर सभी इंजीनियरिंग संकाय के शिक्षकों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। डा0 आशीष भटनागर ने भी शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को सर विश्वेश्वरैया जी के कार्यो से प्रेरणा लेने की बात कही। प्रो0 (डॉ0) भरत राज सिंह, महानिदेशक (तकनीकी), स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ ने भारतरत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के द्वारा किए गए अग्रणी कार्यों के बारे में विस्तार से सभा को संबोधित किया। उन्होंने सर एम विश्वेश्वरैया के नक्शेकदम पर चलने और राष्ट्र के लिए सार्थक योगदान देने के लिए शिक्षकों व छात्र-छात्राओं भी प्रेरित किया। डा0 धर्मेन्द्र सिंह-सह निदेशक ने भारत के महान इंजीनियरों के कार्यों को सूचीबद्धकर उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण के लिए किये गये उल्लेखनीय कार्यो को मनन करने व उनका अनुसरण करने की बात कही। इसी क्रम में, इंजीनियर विजन की गठित समिति की द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में, प्रो0 (डॉ0) भरत राज सिंह, महा निदेशक प्रो0 (डॉ0) धर्मेन्द्र सिंह, सह-निदेशक प्रो0 (डॉ0) पी0के0 सिंह, डीन-छात्र कल्याण व विभागाध्यक्ष-डॉ0 कमलेश सिंह, डॉ0 आशा कुलश्रेष्ठ, डॉ0 अजय सिंह, डॉ0 अरुणेश श्रीवास्तव, मेनेजर इन्क्यूबेशन डॉ0 वेद कुमार,

डॉ0 वी0डी0 त्रिपाठी, अनुरूप कुमार सिंह, अतुल तिवारी, आकांक्षा श्रीवास्तव,

अनामिका कुमारी, रेनू, हिमांशु मिनोत्रा, वरुण सिंह, विवेक मिश्रा, शुजा असकरी, अभिषेक कुमार, राहुल चौरसिया, योगेन्द्र वर्मा आदि। शिक्षकगणों ने प्रतिभाग किया तथा इंजीनियर्स दिवस पर छात्रों के रचनात्मक विचारों, समर्पण और तकनीकी ज्ञान को प्रज्वलित करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह, अधिष्ठाता-छात्र कल्याण, एसएमएस, लखनऊ द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर बनाने व प्रश्नावली की प्रतियोगिता करायी गयी और सुजाता सिन्हा, सहायक प्रोफेसर, द्वारा पेड़ लगाने का अभियान भी चलाया गया।

मोहनलालगंज एसीपी ने ऑपरेशन प्रहार का किया आगाज

● ..... पुलिस ने गौरा गांव से हिस्ट्रीशीटर पर कसा शिकंजा।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। सोमवार को एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बड़े स्तर पर ऑपरेशन प्रहार की शुरुआत की। इसकी शुरुआत गौरा गांव से की गई, जहां पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी के घर दबिश दी।

अचानक हुई इस कार्रवाई से गांव में हड़कम्प मच गया।इस दौरान इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश कुमार सिंह फोर्स के



साथ मौके पर मौजूद रहे और पूरी कार्रवाई का नेतृत्व किया। दबिश के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। एसीपी ने मौके पर ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि पुलिस हर हाल में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाएगी। एसीपी ने कहा कि अपराध और अपराधियों पर किसी भी कीमत पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन प्रहार लगातार जारी रहेगा और अन्य हिस्ट्रीशीटर व सक्रिय अपराधियों पर भी इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरा गांव में हुई इस कार्रवाई से अपराधियों के बीच खौफ साफ नजर आने लगा है। पुलिस की यह पहल अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने वाला युवक गिरफ्तार

●.....मोहनलालगंज पुलिस की कार्रवाई, पीड़िता सकुशल बरामद।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगंज थाना क्षेत्र एक गांव में पुलिस ने एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते नौ सितम्बर को मोहनलालगंज थाने में एक पीड़िता ने तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग 17 वर्षीय बहन को एक युवक मोबाइल फोन से लगातार बात कर अपने जाल में फंसा रहा था। परिजनों ने कई बार मना किया, लेकिन आरोपी युवक ने किशोरी से बातचीत जारी रखी और बीते पांच सितम्बर को शादी का झांसा देकर उसे भगा ले गया।

इस मामले में मोहनलालगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपी की तलाश में टीम गठित की।विवेचना में आरोपी की पहचान बीस वर्षीय हामिद रजा पुत्र हमीदुल्ला उर्फ जुगनू निवासी ग्राम पिपरा रहीम, थाना रूधौली, जनपद बस्ती के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश देती रही। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया जांच कर रही पुलिस टीम ने मोहनलालगंज थाना में स्थित किसान पथ

के पास से किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। इसी दौरान आरोपी हामिद रजा को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।बरामद किशोरी का पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण व आवश्यक परामर्श कराया और फिर उसे परिजनों को सौंप दिया।

नीलगाय के आने से बोलोरो अनियंत्रित होकर पलटी बाल बाल बचा ड्राइवर और साथी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नगराम। लखनऊ, बीते रविवार को रात के समय वापस नगराम के अमवा मुर्तजापुर गांव लौट रहे युवक की बोलेरो भजा खेड़ा गांव के पास पहुंचते ही सामने अचानक नीलगाय के आ जाने से गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई उसके बाद बोलेरो वाहन रोड से करीब 8 फिट गहरे खेत में जा गिरी।घटना में ड्राइवर के दाहिने हाथ की कलाई टूट गई जबकि पास बैठे युवक को मामूली चोटे आई हैं। नगराम के अमवा मुर्तजापुर गांव निवासी शैलेंद्र साहू ने बताया उसने करीब तीन महीने पहले ही न्यू बोलेरो खरीदी थी।वह बीते रविवार की नौ बजे रात लखनऊ के मटियारी से अपनी बोलेरो गाड़ी की ऐसी मरम्मत करा कर वापस घर अमवा मुर्तजापुर गांव लौट रहे थे तभी भजाखेड़ा गांव के पास पहुंचते ही उनकी बोलेरो गाड़ी UP-32-QR -3296के सामने अचानक नीलगाय आ



गई नीलगाय को बचाने के चक्कर में उनकी बोलेरो अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई।और उछल कर रोड से बाई ओर करीब 8 फीट गहरे धान के खेत में जाकर पलट गई। इस घटना में गाड़ी चला रहे ड्राइवर शैलेंद्र साहू के दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई। जबकि पास में बैठे युवक को मामूली चोटे आई हैं। जबकि बोलेरो गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।शैलेंद्र का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। गाड़ी मालिक शैलेंद्र साहू ने बताया गाड़ी की एजेंसी को फोन कर दिया गया है वहां के लोग मौके पर आकर क्लेम के लिए निरीक्षण करेंगे।

मानव धर्म की अवहेलना का ही यह प्रभाव है कि आज मानवता सिसक रही है

जीवन समस्या और संघर्ष का केन्द्र रहा है। डार्बिन ने ठीक ही लिखा था कि जो संघर्ष में विजयी रहता है, वही जीवित रह पाता है। जितना संघर्ष और समस्याएँ इस भौतिकवादी युग को झेलनी पड़ रही हैं, उतनी शायद पहले कभी नहीं रही होंगी। आज राष्ट्र विकसित हो या विकासशील, समस्याएँ तो सभी जगह है। जहाँ समस्याएँ है, वहाँ संघर्ष भी अवश्यंभावी होगा। समस्याएँ आवश्यकताओं के साथ जुड़ी हुई हैं। भारत की स्थिति तो हम जान ही रहे हैं कि यह विभिन्न धर्म-संस्कृतियों का केन्द्र है। यहाँ पर धर्म के साथ-साथ भाषा, जाति एवं सम्प्रदायों की समस्या है जोकि मानव ने स्वयं ही पैदा की हैं। इन समस्याओं के साथ-साथ प्राकृतिक समस्याओं के कष्ट भी इस देश की जनता झेल रही है। यहाँ यदि पूर्व का भाग बाढ़ से पीड़ित है तो वहीं पश्चिम सूखे की चपेट में है।हिमाचल प्रदेश,उत्तरकाशी,जम्मू कश्मीर आदि क्षेत्रो में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं मानवीय जीवन को संकट में डाल दिया।सैकड़ो लोग अकाल मृत्यु के आगोश में समा गई।होनी को कौन टाल सकता है। आज भारत में लोकतंत्र है। 78 वर्ष पहले के भारत में और आज के भारत में जमीन-आसमान का अन्तर हो गया है। देश में सैकड़ों दल बन चुके हैं। सभी दल जनता के भले की बात कहते हैं। कथनी और करनी के भेद ने ही भारत को समस्याओं का केन्द्र बना दिया है। व्यक्तिगत स्वार्थ ने इस दलगत राजनीति को इतना बल दिया कि देश आज भयंकर दलदल में फैंस चुका है। देश में कहीं भी शांति नहीं है। आज शान्ति के लिए विश्व के राजनेता आपस में मुलाकात करते हैं। गोष्ठियाँ होती हैं, मगर शान्ति का स्वर दिनोंदिन मंद पड़ता जा रहा है। विचार कीजिए। जिस बात का श्रीगणेश ही संघर्ष से ही, वहाँ भला शांति कैसे हो सकती है? आज भाई, भाई को पड़ोसी, पड़ोसी को और राष्ट्र अन्य राष्ट्र को शंका की दृष्टि से देख रहे हैं। एक-दूसरे के प्रति विश्वास खो चुका है। साध्य हमारा शान्ति का है, मंगर साधन सभी अशान्ति के उत्पन्न किए जा रहे हैं। एक देश दूसरे देश की उन्नति में बाधाएँ खड़ी कर रहा है। हत्या और आतंक के साये में कोई शान्ति स्थापित नहीं हो सकती। एक-दूसरे पर बल प्रयोग आज सामान्य बात हो चुकी है। हिंसक गतिविधियों का बाजार गरम है। दूसरों का लहू बहाने वालों को यह नहीं भूलना चाहिए कि लहू के छींटे उसके कपड़ों पर भी गिरते हैं। विश्व शान्ति के मूल मार्ग से भटका हुआ यह युग शान्ति के लक्ष्य तक कैसे पहुँच पायेगा ? शान्तिप्रद जीवन जीना है तो महावीर का मार्ग ही चुनना होगा। अहिंसा, प्रेम और करुणा को जीवन का उद्देश्य बनाना होगा। जब तक प्रत्येक राष्ट्र का नागरिक अहिंसा को नहीं समझ लेता, शान्ति के लिए किये गये सभी प्रयास थोथे सिद्ध होंगे। भारतभूमि तो अहिंसा की भूमि है। आज हम यहाँ शान्तिपूर्वक, निर्भय होकर धर्म-लाभ ले रहे है, इसका कारण यहाँ का अहिंसामय वातावरण ही है। यहाँ किसी को भी किसी से भय नहीं है, क्योंकि अभय की स्थिति में ही शांति की प्रस्थापना हो सकती है। ग्राम या शहर के एक भाग में लगी हुई आग को दूसरे भाग के लोग देखकर तत्काल उसे बुझाने को तत्पर हो उठते हैं। वे जानते हैं कि यदि इसमें प्रमाद हुआ तो अगले ही पल ये लपटें हमारे घरों को भी भस्मीभूत कर देंगी। प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध के कड़वे घूँट बीसवीं सदी पी चुकी है। क्या यह विष अगली सदी को भी पीना पड़ेगा ? युद्ध कोई नहीं चाहता, क्योंकि उसका अन्त दोनों ही पक्षों की बरबादी का कारण बनता है। पश्चिमी देशों में छिड़े युद्ध से वो परेशान है,लेकिन उसका विपरीत प्रभाव भारत पर तो पड़ रहा है।माल का आयात और निर्यात दोनो घटक प्रभावित हो रहे है।आर्थिक संकट बढ़ गया है।जरा विचार करें, हमारे घर-परिवार में कोई व्यक्ति अस्वस्थ हो जाता है तो हम चिन्तित हो उठते हैं। उस समय आप चाहे दुकान पर हों या कार्यालय, बस में हों या हवाई जहाज में, आपका मन उद्विग्न हो उठता है। देश को नेतृत्व देने वालों को तो पूरे राष्ट्र पर निगाहें रखनी पड़ती हैं। हम से ही प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, सेनाध्यक्ष बनते हैं। हम से ही संत, ऋषि-मुनि बनते हैं। डॉक्टर, इंजीनियर बनते हैं। तब देश की समस्याएँ हमारे लिए व्यक्तिगत हो जाती हैं, जबकि हमारा चिन्तन व्यक्तिगत न होकर सार्वजनीन बन जाता है। हमने सार्वजनीन चिन्तन का त्याग कर दिया है। क्षुद्र स्वार्थों ने हमें बाँध दिया है। मानव-धर्म की अवहेलना का ही यह प्रभाव है कि आज मानवता सिसक रही है। आज आपसी विश्वास में कमी आ गई है। भारत में सम्राट् चन्द्रगुप्त के समय लोग अपने घरों पर ताले नहीं लगाते थे। आज तो घरों में देखो कमरे तीन हैं मगर ताले आठ मिल जायेंगे। कमरे के अन्दर ताला है, बाहर ताला है। ऐसा क्यों? परिवार में एक-दूसरे का विश्वास उठ गया है। पश्चिमी राष्ट्रों में स्थिति कुछ अलग हो गई है।बेल्जियम में अखबार बेचने के लिए कोई बैठा नहीं रहता। अखबार वाला अखबार और डिब्बा पास-पास रखकर अपने काम पर चला जाता है। शाम को लौटते हुए डिब्बा और शेष बचे अखबार ले जाता है। उसके हिसाब में कोई त्रुटि नहीं होती।

सहारनपुर के एक विद्यालय में यही प्रयोग किया गया। प्रयोग से पूर्व बालकों में नैतिक शिक्षा को आचरण में ढालने की बात कही गई। उसके पश्चात् विद्यालय के एक कक्ष में पुस्तकें, पैन, कापियाँ मूल्य सूची लगा दी गई। एक सप्ताह बाद जाँच की गई तो सब कुछ सही पाया गया। क्या यह शिक्षा हम देश के प्रत्येक नागरिक को नहीं दे सकते ? क्या उनमें विश्वास नहीं जगा सकते ? आज हर ओर अविश्वास का वातावरण है। इसे हटाने की आवश्यकता है। याद रखिए, विश्वास पर ही दुनियाँ कायम है। वर्तमान युग की दुर्दशा पर किसी चार लाइन याद आ गई। बेटे को अपने बाप पर विश्वास नहीं है। नास्तिक को प्रभु के जाप पर विश्वास नहीं है। होता है मुझे आश्चर्य इस बात पर कि-आदमी को अपने आप पर विश्वास नहीं है। विश्वास तो जगाना ही होगा। पहले अपने आप में विश्वास पैदा करें, अर्थात् यह आत्म-विश्वास जगायें कि हम जो चाहेंगे, उसे करके दिखा देंगे। अपना सोच सदैव सकारात्मक रखना है। नई पीढ़ी में अच्छे संस्कार पैदा करने हैं। अच्छे कार्य के लिए संकल्प के साथ जुटने की जरूरत है। मनुष्य मन में अच्छे भाव जगायेगा तो उसे हर ओर प्रशंसा ही मिलेगी। महिला का कंगन कहीं गिर गया। वह कंगन एक जमादारिन को मिला। कंगन का मूल्य वह देखते ही जान गई। वह सोचने लगी कि इसके मिलने पर जो खुशी मुझे हो रही है, इसके विपरीत जिसका कंगन खोया है, वह कितनी उदास हो रही होगी। उसने तत्काल पता लगाकर कंगन को उसके मालिक के पास पहुँचा दिया। कंगन को पाकर उसकी हकदार को अत्यन्त प्रसन्नता हुई। उसने महिला को पारितोषिक देना चाहा, मगर वह बोली- "बहन जी, मुझमें दया. अहिंसा, ईमानदारी एवं कर्त्तव्यनिष्ठा की भावना है। फिर कर्त्तव्य-पालन के लिए पारितोषिक कैसा?"उसकी गुरु-भक्ति एवं शुभ भावना को देखकर सभी का हृदय गद्गद हो उठा। संसार में अभी सचाई और ईमानदारी जीवित है। बीज जब तक है, वृक्ष की परम्परा नष्ट नहीं होती। हमें इस बीज को नष्ट होने से बचाना है। प्रत्येक मानव में सचाई, ईमानदारी, अहिंसा के प्रति विश्वास जागृत करना है। सभी को यह बताना है कि यदि शान्ति का साम्राज्य लाना है तो अपने कर्त्तव्यों के प्रति जागृत रहकर एक-दूसरे के प्रति विश्वास को बनाये रखें। लोग विश्वास पर अपना पूरा जीवन व्यतीत कर देते हैं। देश के नेता आश्वासन देकर लोगों का विश्वास प्राप्त कर लेते हैं। चुनाव जीत जाते हैं। उसके पश्चात् जो स्थिति बनती है, वह किसी से छिपी नहीं है।

आज के नेताओं ने जनता के विश्वास को तोड़ा है। इसीलिए 'नेता' शब्द अपने आप में अविश्वास और घृणा का प्रतीक बन गया है। यह 'नेता' शब्द मात्र सुभाषचन्द्र बोस के साथ जुड़कर ही शोभित होता है मानो उनके बाद कोई नेता हुआ ही नहीं। अब ऐसा नहीं होने देंगे। किसी के जीवन के साथ घिनौना खिलवाड़ नहीं होने देंगे। ऐसा संकल्प ही विश्वसनीय जीवन की आधारशिला है।

कांतिलाल मांडोत

सियासत और वंशवाद- लोकतंत्र की चुनौती

योग्यता या वंश? भारतीय राजनीति का अनुत्तरित प्रश्न

वंशवाद की राजनीति- संभावनाओं का गला घोंटता तंत्र

भारतीय राजनीति में वंशवाद इतना गहरा रच-बस गया है कि यह अब लोकतंत्र के मूल स्वरूप को चुनौती देता है। यह न केवल सत्ता हस्तांतरण की कहानी है, बल्कि उस सामाजिक-सांस्कृतिक मानसिकता को उजागर करता है जो इसे पोषित करती है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में, जहां हर नागरिक को समान अवसर का संवैधानिक हक है, वंशवाद का प्रभुत्व लोकतंत्र की आत्मा पर गहरा घाव छोड़ता है। यह नेतृत्व की गुणवत्ता को कमजोर करता है और गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि से आने वाले सक्षम व्यक्तियों को हाशिए पर धकेल देता है। सवाल उठता है- क्या वंशवाद महज एक सामाजिक कुरीति है, या यह उस जटिल सामाजिक ताने-बाने का हिस्सा है जिसे हमने सहेजा है? भारतीय सियासत में वंशवाद का प्रभाव इतना व्यापक है कि इसे सामान्य मान लिया गया है। राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों में नेतृत्व का बड़ा हिस्सा उन परिवारों के पास है जिनका सियासत में दशकों का वर्चस्व रहा है। यह संयोग नहीं कि एक ही परिवार की कई पीढ़ियां सत्ता के शीर्ष पर काबिज हैं। इसकी जड़ें भारत की सामंती और परंपरागत संरचना में हैं, जहां वंश और खानदान को सर्वोपरि माना जाता है। जनता परिचित चेहरों को सत्ता में देखना चाहती है, यह मानते हुए कि अगर एक व्यक्ति ने सियासत में नाम कमाया, तो उसका वारिस भी वही रास्ता अपनाएगा। लेकिन क्या यह विश्वास तर्कसंगत है, या यह सामाजिक भ्रम है जो नई संभावनाओं को रोकता है? वंशवाद का सबसे घातक पहलू यह है कि यह योग्यता और क्षमता को कुचल देता है। जब सत्ता किसी परिवार के भीतर कैद रहती है, नए विचार, ऊर्जा और दृष्टि दम तोड़ देते हैं। गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि से आने वाला मेहनती और सक्षम व्यक्ति सियासत के अभेद्य किले को भेदने में असफल रहता है।

यह व्यक्तिगत अन्याय के साथ-साथ राष्ट्र के लिए क्षति है, जो भविष्य की संभावनाओं को जकड़ लेती है। लोकतंत्र, जो हर नागरिक को अपनी प्रतिभा साबित करने का हक देता है, वहां वंशवाद योग्यता और महत्वाकांक्षा के बीच खाई खोद देता है। हालांकि, वंशवाद को केवल अभिशाप कहना सत्य का सरलीकरण होगा। राजनीतिक परिवारों से उभरने वाले व्यक्ति अपनी सियासी विरासत और अनुभव का लाभ उठाकर प्रभावी नेतृत्व दे सकते हैं। उनके पास मजबूत नेटवर्क, जनता के बीच पहचान और सियासत का गहरा ज्ञान होता है। यह "जन्मजात लाभ" उन्हें तेजी से सत्ता के शिखर तक पहुंचाता है। लेकिन क्या यह लाभ लोकतंत्र के अनुरूप है? क्या केवल खास परिवार में जन्म लेने से किसी को सियासत का अवसर मिलना चाहिए, जबकि अधिक योग्य व्यक्ति पीछे रह जाएं? यह प्रश्न समाज की उस मानसिकता को चुनौती देता है जो वंश को योग्यता से ऊपर रखती है। वंशवाद की जड़ें भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक संरचना में गहरी हैं। यहां परिवार और वंश को सम्मान की नजर से देखा जाता है। चाहे व्यापार, कला या सियासत, लोग उसी पर भरोसा करते हैं जिसका खानदान उस क्षेत्र में रुतबा रखता हो। यह विश्वास सदियों पुरानी परंपराओं की देन है, जो समाज की रगों में समाई है। मगर यह विश्वास कई बार अंधविश्वास बन जाता है, जो तर्क को धुंधला देता है। लोग भूल जाते हैं कि हर पीढ़ी की अपनी क्षमता होती है, और एक सफल नेता का वारिस जरूरी नहीं कि उतना ही काबिल हो। फिर भी, जनता और दल इस भ्रामक विश्वास में वंशवादी नेताओं को सत्ता सौंपते हैं, जैसे योग्यता से ज्यादा वंश का नाम मायने रखता हो। वंशवाद का विनाशकारी प्रभाव राजनीतिक दलों की आंतरिक लोकतांत्रिक आत्मा पर पड़ता है। कई दलों में नेतृत्व का चयन पारदर्शी या लोकतांत्रिक नहीं रह गया; यह परिवार के इर्द-गिर्द सिमटकर बंद कमरे की सौदेबाजी बन गया है। इससे कार्यकर्ताओं का जोश ठंडा पड़ता है और सत्ता मुट्ठीभर लोगों के हाथों में सिमट जाती है। संगठन परिवार की कठपुतली बन जाता है, और नई प्रतिभाएं उभरने से पहले दम तोड़ देती हैं। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब कार्यकर्ता इस अन्यायपूर्ण व्यवस्था को चुपचाप स्वीकार कर लेते हैं। यह दलों की गतिशीलता को ठप करता है और लोकतंत्र की समानता की नींव को कमजोर करता है। वंशवाद जनमानस की सोच को जकड़ लेता है। जब लोग बार-बार उसी परिवार के नेताओं को चुनते हैं, वे नए चेहरों, ताजा विचारों और क्रांतिकारी दृष्टिकोण से कतराने लगते हैं। यह सामाजिक ठहराव परिवर्तन की धारा को रोक देता है। भारत जैसे युवा देश में, जहां आबादी का बड़ा हिस्सा ऊर्जावान है, नेतृत्व में नई पीढ़ी की आवाज जरूरी है। मगर वंशवाद इस संभावना को कुचल देता है, क्योंकि सत्ता का मार्ग कुछ परिवारों के लिए पहले से तय होता है। यह लोकतंत्र की गतिशीलता को बाधित करता है और समाज को नवीनता से वंचित करता है। वंशवाद का यह जहर केवल आलोचना से नहीं मिटेगा। इसके लिए सामाजिक जागरूकता, राजनीतिक सुधार और संस्थागत परिवर्तन चाहिए। दलों को अपनी प्रक्रियाओं को लोकतांत्रिक बनाना होगा ताकि योग्यता और मेहनत सर्वोपरि हों। जनता को यह समझाना होगा कि नेतृत्व का चयन वंश के आधार पर नहीं, बल्कि क्षमता, दृष्टि और समर्पण पर होना चाहिए। शिक्षा और जागरूकता ही वह रोशनी है जो वंश को प्रतिभा से ऊपर रखने वाली मानसिकता को तोड़ेगी। यह रास्ता एक समावेशी और जीवंत लोकतंत्र की ओर ले जाएगा, जहां हर सपने को उड़ान और हर योग्यता को मंच मिले। वंशवाद भारतीय सियासत का जटिल यथार्थ है। यह न तो पूरी तरह अंधकारमय है, न ही स्वर्णिम; यह सामाजिक-सांस्कृतिक जड़ों से पोषित एक चुनौती है। इसे समझने के लिए हमें इसकी कमियों पर उंगली उठाने से आगे बढ़ना होगा। यदि भारत को सच्चा लोकतंत्र बनाना है, तो वंशवाद के चक्रव्यूह को भेदना होगा। यह तभी संभव है जब हम वंश की चकाचौंध छोड़कर योग्यता को गले लगाएं और हर व्यक्ति को अपनी प्रतिभा साबित करने का समान मंच दें। यह यात्रा कठिन है, पर दृढ़ संकल्प के साथ हम एक ऐसा लोकतंत्र रच सकते हैं जो हर नागरिक की आकांक्षाओं को साकार करे।

प्रो. आरके जैन

परिवारवाद लोकतंत्र के लिए घातक

लोहियावादी समाजवादी लोग परिवारवाद के खिलाफ संघर्ष करते रहे है।समजवादी नेता डॉ राममनोहर लोहिया ताउम्र परिवारवाद के खिलाफ मुखर रहे और उनके परिवारवाद के विरुद्ध छेड़े गए अभियान की अभी भी कांग्रेस के लिए भूले नही है।परिवारवाद लोकतंत्र की भावना के प्रतिकूल है।वंशवाद की राजनीति में देश प्रेम में कमी आती है जबकि परिवार के लिए कुछ करने के लिए मोह पैदा होता है।देश मे आज भी कई दल है जो वंशवाद की राजनीति कर रहे है।यह देश की विडंबना है कि भारत जैसे विशाल देश मे ऐसे दलों को प्रोत्साहन देते है बल्कि ऐसे दलों के लोगो का बहिष्कार करना चाहिए।मोदीं ने शुरुआती दौर में ही अलग तरह से वंशवाद रोकने की कवायद शुरू की गई। भाजपा में नेता आरएसएस की पढ़ाई कर राजनीति में प्रवेश किया है।इस संगठन में ज्यादातर संघ के सदस्य अविवाहित होते है।इनको देशप्रेम और देशभक्ति ही शिक्षा दी जाती है।इसलिए इनके परिवार से कोई औचित्य नही रहता है।लोकतंत्र व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुसार अवसर देने की व्यवस्था है।जबकि परिवारवाद सामंतवाद है।इसमें योग्यता और योग्यता के लिए केवल सत्ताधारी दल या नेता ही नही बल्कि कुछ अर्थों में वे मतदाता और राजनैतिक कार्यकर्ता भी गुनहगार है जो परिवारवाद की सत्ता कायम रखते है।परिवार वाद एक रूप से दलीय लोकतंत्र को समाप्त करता है।तथा कार्यकर्ता भी बंधुआ मजदूर की तरह बना रहता है।भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, प्रधानमंत्री राजीव गांधी ,सोनिया,प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी का यह परिवारवादचला आ रहा है। मुलायमसी सिंह यादव के कई रिस्तेदार राजनीति में है।समाजवादी नेता अखिलेश जैसे नेता राजनीति में भारभूत की तरह है,जिससे राज्य की बागडोर इनके हाथ मे रही और उत्तरप्रदेश को गुंडई राज्य में तब्दील कर दिया।लालू प्रसाद जेसे नौटंकी बाज नेता ने वंशवाद की राजनीति ही की है।लालू जेल में रहते अनपढ़ धर्मपत्नी राबड़ी को राज्य की मुख्यमंत्री बना दिया।तेजस्वी परिवारवाद चला रहे है।नेता और नेता का परिवार सत्ता और सम्पनता पर एकाधिकार कायम कर लेता है।सत्ता के सहारे व्यक्ति धन का संचय करते है।उनका केन्द्रीयकरण करते है।वंशवादी नेताओ के पास अकूत धन है।क्या इनके पास कोई उधोग है ,जो इतनी आय पैदा होती है?यह धन राजनीति से ही अर्जित करते है।मोदी को पूछा गया कि हर कोई नेता अपने परिवार के लिए धन संचय कर रहा है।सभी अपने परिवार के सदस्यों के लिए धन एकत्रित करने में लगे है।मोदी के पास आगे पीछे कोई नही है,तब इतनी मेहनत किस लिए की जाती है।मोदी ने जवाब दिया कि वो जो कर रहे है वो मैं भी कर रहा हूं।वो अपने परिवार के लिए कर रहे है।जबकि मैं भी अपने परिवार के लिए ही कर रहा हूँ।फर्क इतना है कि उनके परिवार में छह सात व्यक्ति है,जबकि मेरे परिवार में 140 करोड़ सदस्य है।मैं उनके लिए करता हूं।यह होती है देशभक्ति और देश सेवा।उनकी योग्यता, आत्मा और योग्यता को स्थाई रूप से मार देते है।उन्हें भ्रष्टाचार का अनन्त सहयोगी बना देते है।कांग्रेस के एक नेता का कहना था कि परिवारवाद भारत का सांस्कृतिक हिस्सा है।

इतना ही नही उन्होंने यह भी कहा था कि सभी क्षेत्रों में परिवार की विरासत होती है तो राजनीति में क्यो नही?देश मे पक्ष विपक्ष की नकारात्मक राजनीति ने सार्थक बहस,संवाद और कर्म के अवसर धूमिल कर दिये है।राजनीति में वंशवादी नेता परिवार के स्वार्थ में उलझे होते है।बिहार में विधानसभा चुनाव है।बिहार में 27 प्रतिशत विधायक और सांसद परिवारवाद की राजनीति को आगे बढ़ा रहे है।यह एक बिहार की बात नही है।देश के अन्य राज्य भी अछूते नही है।परिवारवाद लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप है।बिहार में 360 विधायकों -सांसदों में 96 किसी न किसी राजनैतिक दल से है। वंशवाद सीटों की विरासत नही,परिवारवाद भारतीय राजनीति का ढांचा बन गया है।पार्टियां पहले उन्ही राजनेता को तहजिह देती है जिनके पास धनबल,बाहुबल और संगठन शक्ति का पावर है।देश मे कुल 5,204 विधायको -सांसदो में 1,107 नेता वंशवादी पृष्ठभूमि से है ।रास्ट्रीय स्तर पर कुल महिला सांसद और विधायकों में 47 प्रतिशत राजनैतिक परिवार से है।यह बीज कांग्रेस ने बोया था, जो अब वट वृक्ष बन गया है।मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनके परिवार से कोई राजनीति की दहलीज नही लांघी है।भाजपा को पूरी तरह वंशवाद को समाप्त कर दिया है।यह हम नही कह रहे है लेकिन गिनेचुने केस में वंशवाद की लहर है ।

क्योंकि यह परिवार के हक में नही है।कांग्रेस का परिवार शीर्ष पर है।क्योंकि ये परिवार पद को अपनी अस्मिता मानते है।इनके लिए योग्यता का पद है।संघ के कार्यकर्ता परिवारवाद की परंपरा का हामी नही है।सत्ता पाने या सत्ता हथियाने की इच्छा तो है,परंतु सत्ता संगठन समूह की है।अभी तक पूरी तरह से परिवारवाद नजर नही आ रहा है।राजनीतिक दलों के समक्ष एक चुनौती है।इसमें कई नेता दुःखी भी है।वंशवाद की राजनीति में बदलाव आता है तो सचमुच राजनीति में बदलाव आएगा।लेकिन कांग्रेस और अन्य दल विरासत की तरह राजनीति में अपना प्रभुत्व स्थापित कर रहे है।यह लोकतंत्र के लिए घातक ही नही है।यह विनाशकारी भी है।

कांतिलाल मांडोत

संपादकीय

देश का राजनीतिक,आर्थिक और सामाजिक पुनर्जागरण

1947 में भारत एवं पाकिस्तान ने एक साथ स्वतंत्रता की प्राप्ति की थी किंतु पाकिस्तान एक मुस्लिम राष्ट्र की अवधारणा धारण कर अलग दिशा में आगे बढ़ता गया जिसके फल स्वरुप आज पाकिस्तान विपन्न और गरीब देश बन गया है। दूसरी तरफ भारत एक लोकतांत्रिक, जनतांत्रिक अवधारणा की दिशा में नई-नई विकास के सोपनो को प्रतिपादित कर आगे बढ़ता गया। भारत वैश्विक स्तर पर सामरिक आर्थिक एवं अन्य विषयों पर काफी हद तक प्रगति प्राप्त कर चुका है।भारत ने आश्चर्यजनक रूप से देश को विकसित मजबूत एवं सशक्त बना दिया है । भारतीय परिदृश्य और संदर्भ में भारत में विगत एक दशक में व्यापक तथा आमूल चूल परिवर्तन देखे गये हैं। राजनीतिक परिदृश्य में उत्तरदायित्व आधारित शासन प्रशासन-प्रणाली, सांस्कृतिक विमर्श में सनातनी सांस्कृतिक सभ्यता-गौरव की पुनर्प्राप्ति और आर्थिक नीतियों के संरचनात्मक सुधारों ने देश की दिशा और दशा तय की है।

इन नई विचारधारा एवं रणनीति ने भारत को न केवल आंतरिक रूप से सशक्त किया बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित किया। भारतीय राजनीति में पिछले दो दशकों का सबसे बड़ा परिवर्तन रिपोर्ट कार्ड राजनीति का उदय रहा, जिसमें आम जनता और राजनीतिक नेताओं और दलों का मूल्यांकन उनके किए गए कार्यों और परिणामों के आधार पर कसौटी पर कसा जाने लगा है । संवैधानिक और नीतिगत स्तर पर कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए। 2019 में अनुच्छेद 370 का निरसन और जम्मू-कश्मीर का पुनर्गठन केंद्र की सख्त और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति तथा विचारधारा का प्रतीक बना। तीन तलाक कानून ने मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रखा। वहीं नागरिकता संशोधन अधिनियम ने राष्ट्रीयता और शरणार्थी नीति पर नई विचारों की श्रृंखला को जन्म दिया। भारत की परंपरागत लोकतांत्रिक विरासत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए नया संसद भवन, ई-संसद और डिजिटलीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य को शामिल किया गया है। दूसरी तरफ विपक्ष की भूमिका, मीडिया की स्वतंत्रता और चुनावी राजनीति में सोशल मीडिया तथा धनबल के प्रभाव ने लोकतांत्रिक विमर्श को चुनौतीपूर्ण और प्रभावशाली भी बनाया गया है। नये भारत की संकल्पना और अवधारणा को केवल राजनीति या अर्थव्यवस्था तक सीमित परिसीमित नहीं रखा गया है बल्कि सांस्कृतिक क्षेत्र के व्यापक फलक पर भी इसका गहरा असर और परिणाम परिलक्षित हुए हैं । भारत की महान अर्वाचीन योग और आयुर्वेद जैसी परंपरा को वैश्विक स्तर प्रचारित प्रसारित कर नई अवधारणा तथा पहचान प्रदान की गई है। अयोध्या में राममंदिर निर्माण ने भारतीय परंपरा और धार्मिक-सांस्कृतिक आकांक्षाओं की विशाल अवधारणा को मूर्त रूप दिया गया है। शिक्षा और पाठ्यपुस्तकों में भारतीय आख्यानों और इतिहास को नवीन स्वरूप देने के प्रयास किए गए हैं। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को पुष्पित पल्लवित करने के प्रयासों को संपूर्ण प्रोत्साहन दिया गया। साथ ही, सांस्कृतिक कूटनीति नवीन अवधारणा के माध्यम से भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान और अधिक सुदृढ़ रूप से विस्तारित की है। हालाँकि, इस सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ अनेक कठिन एवं दुष्कर चुनौतियाँ भी रहीं हैं। बहुलतावाद और अल्पसंख्यक अधिकारों पर उठते सवाल तथा परंपरा बनाम आधुनिकता की खींचतान समाज में गूढ विचार विमर्श का विषय बनी रही। आर्थिक पुनर्जागरण के संदर्भ में यही कहा जा सकता है कि भारत की अर्थव्यवस्था ने इस दशक में उल्लेखनीय और अभूतपूर्व प्रगति प्राप्त की है ।

मेक इन इंडिया ने विनिर्माण और रक्षा उत्पादन को बढ़ावा दिया। जीएसटी (2017) ने कर संरचना को एकीकृत और पारदर्शी बनाया। जीएसटी को 2025 में 22 सितंबर से नवीन संशोधन कर एकदम सरल एवं स्पष्ट कर काफी हद तक सस्ता करके आम जन को बड़ी राहत पहुंचाई है। डिजिटल इंडिया, जनधन योजना और UPI ने वित्तीय समावेशन और नकदी रहित लेन-देन की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव लाए। स्टार्टअप इंडिया ने उद्यमिता और नवाचार को प्रोत्साहित किया। इसके परिणामस्वरूप भारत आज विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी सशक्त अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। विदेशी निवेश वृद्धि, रेलवे और सड़क निर्माण में गति तथा बिजली और डिजिटल नेटवर्क का विस्तार इस आर्थिक पुनर्जागरण के प्रमुख संकेतक रहे।इसके बावजूद बेरोजगारी की समस्या, ग्रामीण-शहरी असमानता और आय-विभाजन जैसी बड़ी और गंभीर चुनौतियाँ भारत देश के आर्थिक परिदृश्य को संतुलित होने से रोकती रही हैं। कृषि सुधार अभी तक आधे अधूरे रह गए और हरियाणा पंजाब तथा अन्य प्रदेशों में किसान आंदोलनों ने यह यह साफ तथा स्पष्ट संकेत दिया कि विकास की अवधारणा सबके लिए समान रूप से सुलभ नहीं है। अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य- भारत ने पिछले दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई पहचान बनाई ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में भारत की भूमिका स्पष्ट हुई। 2023 में आयोजित द्20 सम्मेलनों में भारत ने वैश्विक मुद्दों पर संतुलित और निर्णायक नेतृत्व प्रस्तुत किया। चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में 10 महत्वपूर्ण देशों के साथ 27 देशों ने भारत चीन और रूस पर अपना विश्वास जाहिर कर यूरोपीय शक्तियों एवं मनमानी का खुला विरोध किया है, जिसमें भारत पर अमेरिका द्वारा 50% लगाए गए टैरिफ का भी खुला विरोध हुआ है। रूस, चीन और पड़ोसी देशों के साथ संतुलित कूटनीतिक संबंधों ने भारत की स्थिति को और सशक्त मजबूत किया।पिछले दस वर्षों का भारत राजनीतिक दृढ़ता, सांस्कृतिक आत्मगौरव और आर्थिक नवाचारों से परिपूर्ण रहा है। यह अवधि भारतीय लोकतंत्र को नई परिभाषा देने, सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने और आर्थिक संरचना को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण रही। हालाँकि असमानता, बेरोजगारी और राजनीतिक ध्रुवीकरण जैसी विकराल चुनौतियाँ अब भी बनी हुई हैं, फिर भी यह कहना उचित होगा कि यह दशक भारत के लिए राजनीतिक-सांस्कृतिक-आर्थिक पुनर्जागरण का समय रहा है, जिसने भारत को वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में निर्णायक शक्ति बना दिया है। भारत की सनातनी सांस्कृतिक विरासत, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और भारत की सामरिक शक्ति में इजाफा होकर पिछले एक दशक में भारतीय जनमानस की एकजुटता एवं देश के नेतृत्व की कार्य कुशलता के परिणाम स्वरूप भारत का सम्मान और कद वैश्विक परिदृश्य में काफी हद तक ऊंचा हुआ है।

कांतिलाल मांडोत

नेपाल में क्यों उठ रही फिर से राजशाही की मांग

नेपाल, जो कभी हिंदू राजशाही के रूप में जाना जाता था, ने 2008 में राजशाही को समाप्त कर लोकतांत्रिक गणराज्य का रूप अपनाया था। उस समय यह बदलाव जनता की आकांक्षाओं और एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा गया था। लेकिन लगभग सत्रह साल बाद, नेपाल में फिर से राजशाही की मांग तेज़ हो रही है। देश के विभिन्न हिस्सों में "राजा वापस आओ" और "देश बचाओ" जैसे नारे सुनाई दे रहे हैं। यह केवल सत्ता परिवर्तन की बहस नहीं है बल्कि नेपाल की सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियों में गहरे असंतोष का संकेत है। लोकतंत्र से जनता को सुशासन, पारदर्शिता और विकास की उम्मीद थी, परंतु बार-बार बदलती सरकारें, गठबंधन की राजनीति, भ्रष्टाचार और बुनियादी सुविधाओं की कमी ने मोहभंग पैदा किया है। कई लोगों को लगता है कि राजशाही के दौर में भले ही पूर्ण स्वतंत्रता नहीं थी, लेकिन स्थिरता और व्यवस्था बनी रहती थी। वर्तमान लोकतांत्रिक ढांचे के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़कें और रोजगार जैसी ज़रूरतें पर्याप्त रूप से पूरी नहीं हो पा रही हैं। यह असंतोष पुरानी व्यवस्था के प्रति एक नॉस्टैल्जिया को जन्म दे रहा है, जिसमें लोग मानते हैं कि शायद राजशाही की मौजूदगी से प्रशासनिक स्थिरता और राष्ट्रीय एकता को बल मिलता। इस मांग के पीछे सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का प्रश्न भी गहराई से जुड़ा है। नेपाल कभी दुनिया का एकमात्र हिंदू साम्राज्य था, जिसे 2008 में धर्मनिरपेक्ष घोषित किया गया। ग्रामीण इलाकों और पारंपरिक समुदायों के लिए यह बदलाव एक झटका था। नेपाल की 80-90 प्रतिशत आबादी हिंदू है, और कई लोग आज भी राजा को भगवान विष्णु का अवतार मानते हैं। धार्मिक अनुष्ठानों, लाल टीका, शंख और मंगलसूत्र जैसी परंपराओं के साथ राजशाही को जोड़कर देखने वाले मानते हैं कि उनकी सांस्कृतिक जड़ों की अनदेखी की गई। हाल के प्रदर्शनों में धार्मिक प्रतीकों और झंडों का प्रयोग यह दिखाता है कि यह आंदोलन केवल राजनीति नहीं बल्कि सांस्कृतिक आत्मसम्मान का प्रतीक बन चुका है। भ्रष्टाचार और जवाबदेही की कमी ने भी इस मुद्दे को हवा दी है। लोकतंत्र के तहत अपेक्षित पारदर्शिता और संस्थागत स्वतंत्रता के बजाय राजनीतिक हस

संक्षिप्त खबरें

उपजिलाधिकारी ने किया महाव नाले का निरीक्षण

रतनपुर/महराजगंज। नेपाल के पहाड़ी इलाकों में रविवार की रात हुई भारी बारिश से नौतनवां क्षेत्र के बरगदवा स्थित महाव नाला उफान पर आ गया। बाढ़ की सूचना पर नौतनवां उपजिलाधिकारी नवीन प्रसाद व नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव ने महाव नाला व सम्बंधित तटबंधों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने स्थानीय किसानों से बातचीत कर तटबंधों की जानकारी ली तथा संबंधित को निरंतर सतर्कता बरतने का निर्देश दिए। एसडीएम ने स्थानीय लोगों से बातचीत करते हुए आश्वस्त किया कि प्रशासन किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग को स्थलीय निरीक्षण कर चौकसी बरतने का निर्देश दिया गया है।

मूलभूत साक्षरता एवं संख्यामकता आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संम्पन्न

सिद्धार्थनगर। बेसिक शिक्षा विभाग एवं स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से आकांक्षी ब्लॉक परिवर्तन कार्यक्रम अन्तर्गत आकांक्षी विकास खण्ड खेसरहा के 10 प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापक/अध्यापिकाओं, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन एवं स्टेट रिसोर्स पर्सन का मूलभूत साक्षरता एवं संख्यामकता पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला मुख्यालय पर हुआ । प्रशिक्षण में भाषा एवं गणित के अभ्यास एवं टी एल एम प्रयोग की विधियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में एक ग्रुप बनाकर आपसी विचारों एवं तकनीकी शिक्षा को साझा करते हुए क्रियान्वयन करने की योजना बनाई गई। कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत गुणवत्ता शिक्षा, निपुण लक्ष्य प्राप्त करने हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं के साथ एकेडमिक रिसोर्स पर्सन एवं स्टेट रिसोर्स ग्रुप को प्रशिक्षित करना था। कार्यशाला के दौरान स्माइल फाउंडेशन सिद्धार्थनगर एवं श्रावस्ती टीम की उपस्थिति रही।

वार्ड वासियों को गन्दे जलजमाव से होकर गुजरने की है मजबूरी

प्रतापगढ़। वार्ड वासियों को गन्दे जलजमाव से होकर गुजरना पड़ता है। गन्दे जलजमाव से मच्छर जनित बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है।अब जबकि बारिश धीरे धीरे समाप्त हो रही है, इसके बावजूद गली गन्दे पानी से भरा रहता है।संभ्रांत जनों की बस्ती होने के बावजूद गली में भरे गन्दे जलजमाव से लोगों को रोज गुजरना पड़ता है। मोहल्ले की यह बदतर स्थिति नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार के सफाई दावे को मुंह चिढ़ाता है।नालियां मरम्मत योग्य हो गई है,उसके बावजूद नगर के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण गन्दे जलजमाव से होकर वार्ड वासी गुजरते है। नगरपालिका अध्यक्ष को भी मोहल्ले वासियों द्वारा कई बार संपर्क कर जलभराव की बदतर स्थिति से अवगत कराया गया लेकिन महज आश्वासन के बावजूद जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं हो पाई है।नगर पालिका परिषद बेल्हा के वार्ड बलीपुर में कटरा रोड पर सेंट्रल बैंक के ठीक सामने एक इंटरलॉकिंग मार्ग प्रताप नगर मोहल्ला में जाता है। मोहल्ले में घुसते ही गन्दी नालियों का गन्दा पानी मार्ग पर जमा है वहीं दूसरी गली में तो गन्दे पानी ने मानो डेरा डाल दिया हो और अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार समेत सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह का बेसब्री से इंतजार कर रहा हो। उक्त स्थल हल्का नीचे होने से भी गन्दा जलजमाव रहता है,ऐसा नगर के जिम्मेदारों का कहना है।हालांकि सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पंप सेट से गन्दा जलजमाव दूर कर दिया जाएगा।

मथुरा की टीम ने गोलाबाजार में पकड़ा आतंक का पर्याय बना खूंखार बंदर, 200 बच्चों पर किया हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोरखपुर (गोला बाजार) । नगर पंचायत गोला क्षेत्र में चार महीने से आतंक मचाने वाला एक खूंखार बंदर आखिरकार मथुरा की टीम की मदद से पकड़ा गया। यह बंदर नगर पंचायत गोला के वार्ड नंबर 03, 08, 11, 12, 14, 17 तथा बेवरी, मन्नीपुर, रामामऊ, बांहपुर, भीटी आदि गांवों में पिछले चार महीनों से सक्रिय था। खास बात यह थी कि यह बंदर विशेष रूप से छोटे बच्चों को अपना निशाना बनाता था। अकेले खेलने वाले मासूम बच्चों के कंधे पर चुपके से कूदकर उन्हें काट देता था, जिससे बच्चे लहूलुहान हो जाते थे और परिजन में भय का माहौल व्याप्त हो गया था। स्थानीय लोगों ने लगातार नगर पंचायत गोला प्रशासन, तहसील प्रशासन और वन विभाग को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन चार महीनों तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बढ़ती शिकायतों और अखबारों में उठाई गई खबरों के प्रभाव से आखिरकार प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया। सोमवार को नगर पंचायत गोला के निर्देश पर मथुरा से शकील, मुबारक, महेन्द्र सहित नपं की टीम ने मन्नीपुर कन्या विद्यालय के पास अभियान चलाकर इस खूंखार बंदर को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

पकड़े गए बंदर को पिंजरे में कैद कर लिया गया, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि यह बंदर अब तक लगभग 200 बच्चों पर हमला कर चुका था। खासकर वार्ड व ग्रामीण क्षेत्र के छोटे बच्चे इसके हमले की चपेट में अधिक आए थे। लोगों का कहना था कि बंदर के आतंक के कारण छोटे बच्चों का खेलना-कूदना बंद हो गया था, कई बच्चे स्कूल भी नहीं जा पा रहे थे। भय के कारण परिजन घर में ही कैद होकर रहने लगे थे। नगर पंचायत गोला प्रशासन ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जा सकें। वहीं वन विभाग की टीम ने भी आवश्यक जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है ताकि बंदर के स्वास्थ्य परीक्षण और उसके भविष्य के लिए उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई को सराहा और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि अब उन्हें बच्चों की सुरक्षा को लेकर आशंका नहीं है और समाज में शांति लौट आई है। इस कार्रवाई से बच्चों के साथ-साथ समस्त नगरवासियों का मनोबल बढ़ा है।

बाल श्रम प्रतिबंधित- संशोधित अधिनियम में कड़ा प्रावधान, सख्त सजा व भारी जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोरखपुर। बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन के लिए जारी सख्त संदेश के तहत मंडलायुक्त सभागार में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बाल एवं किशोर अधिनियम 1996 के संशोधित रूप 2016 की व्यावहारिक जानकारी दी गई। अब 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोर-किशोरियों को किसी भी प्रकार के खतरनाक व्यवसाय में कार्य कराना पूर्ण रूप से दंडनीय अपराध घोषित किया गया है। बैठक में अपर आयुक्त न्यायिक जय प्रकाश, एसपी अपराध सुधीर जायसवाल, जिला विकास अधिकारी राज मणि वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विस्तार से बताया कि विद्यालय समय के बाद किशोर यदि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सहयोग देना चाहते हैं, तो यह सहयोग केवल सीमित शर्तों के अधीन हो सकेगा। किशोर से कार्य कराने का समय सायं 7 बजे से प्रातः 8 बजे तक निर्धारित किया गया है और इसका उद्देश्य केवल पारिवारिक आय में वृद्धि नहीं होना चाहिए।

संशोधित अधिनियम के अनुसार बच्चों को विज्ञापन, टेलीविजन सीरियल, खेलकूद और मनोरंजन क्षेत्र में कार्य करने की अनुमति दी गई है, लेकिन इसके लिए पूर्व में संबंधित अधिकारी से विशेष अनुमति लेना अनिवार्य होगा। सर्कस जैसी खतरनाक मनोरंजन गतिविधियों में बालक-बालिकाओं को कार्य करने की अनुमति नहीं होगी। वहीं, खतरनाक व्यवसायी प्रक्रियाओं में 14-18 आयु वर्ग के बच्चों से कार्य कराना पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। अधिनियम में कार्य कराने की अधिकतम अवधि प्रतिदिन 6 घंटे निर्धारित की गई है, जिसमें कम से कम 1 घंटे का विश्राम और प्रत्येक सप्ताह में एक दिन का अवकाश शामिल है। इस उल्लंघन पर अब न्यूनतम 6 माह से लेकर अधिकतम 2 वर्ष की सजा और 20,000 रूपये से 50,000 रूपये तक का जुर्माना निर्धारित किया गया है। विशेष बात यह है कि बाल श्रम उन्मूलन के प्रयास अब संज्ञेय अपराध की श्रेणी में शामिल किया गया है, जिससे कोई भी व्यक्ति या निरीक्षक सीधे पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवा सकता है। पुलिस को विवेचना के लिए मजिस्ट्रेट से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। अगर माता-पिता अपने बच्चे से रोजगार के रूप में कार्य कराते हैं, तो प्रथम बार पर चेतावनी दी जाएगी, जबकि पुनरावृत्ति पर 10,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। अधिकारियों ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए इस कानून का सख्ती से पालन करें ताकि बाल श्रम उन्मूलन का सपना साकार हो सके।

पुरानी रंजिश बनी खूनी संघर्ष की वजह, दो पक्षों में जमकर हुई लाठी-डंडे से भिड़ंत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ग़ोला बाजार – गोरखपुर ग्गोला थाना क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर में शनिवार की देर शाम दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर जबरदस्त मारपीट हुई। इस हिंसक संघर्ष में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी लिखित तहरीर थाने में दी। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम जगदीशपुर निवासी जावेद पुत्र एकबाल और निसार पुत्र जैनुद के बीच पुरानी रंजिश बनी हुई थी। शनिवार की शाम अचानक दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। एक दूसरे पर लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर और अन्य वस्तुएं चलनी शुरू हो गईं। इस खूनी संघर्ष में जावेद और निसार के साथ उनके समर्थक भी शामिल रहे। कई लोग घायल होकर बेहोश हो गए।

घटना के बाद दोनों पक्ष गोला थाना पहुँचे और अपने-अपने लिखित तहरीर पुलिस को सौंप दी। जावेद की तहरीर पर निसार, अंसार, शकील, महमूद व इम्ताज के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3) में मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं निसार की तहरीर पर जावेद, एजाज, रियाज, नूरे आलम व जब्बार के खिलाफ धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3), 333 व 74 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। गोला थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। घायल व्यक्तियों को प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में चेकिंग बढ़ा दी है और शांति बनाए रखने की सख्त हिदायत दी है। यह घटना ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ती आपसी कलह और हिंसा की गंभीर समस्या को उजागर करती है। प्रशासन द्वारा सभी पक्षों से शांति बनाए रखने और आपसी विवाद को बातचीत से सुलझाने की अपील की गई है।

नगर पंचायत उनवल में स्वदेशी जन जागरण अभियान सम्पन्न

●स्वदेशी अपनाओ-विदेशी छोड़ो का गूंजा नारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

खजनी– गोरखपुर खजनी तहसील क्षेत्र मे स्थित नगर पंचायत उनवल में भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा "स्वदेशी अपनाओ, विदेशी छोड़ो" जन जागरण अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर पंचायत अध्यक्ष एडवोकेट महेश कुमार दुबे ने और मंडल अध्यक्ष इंद्र कुमार निगम ने किया। जनार्दन तिवारी ने कहा कि आज देश की तरक्की और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वदेशी वस्तुओं को अपनाए और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करे। उन्होंने कहा कि जब हम अपने स्थानीय उत्पादों को महत्व देंगे, तभी गांव-गांव और शहर-शहर के कारीगर, किसान और छोटे व्यापारी आर्थिक रूप से मजबूत होंगे।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश कुमार दुबे ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन केवल एक नारा नहीं बल्कि यह राष्ट्रहित और जनहित की भावना है। उन्होंने युवाओं और नगरवासियों से अपील की कि वे आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष उमाशंकर निषाद, भोला अग्रहरी शिव कुमार शाह,सभासद योगेश वर्मा, मिथिलेश यादव, संदीप तिवारी, सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने भी संकल्प लिया कि वे स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करेंगे और इस जन जागरण अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे। स्वदेशी जन जागरण अभियान के माध्यम से भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का प्रयास है कि देश में आर्थिक स्वतंत्रता को नई दिशा दी जाए और भारत को मजबूत बनाया जाए।

जर्जर भवनों में न करें निवास, आयुक्त ने जिलाधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

●22 सितम्बर तक दें रिपोर्ट, असुरक्षित भवनों पर प्रशासन को सतर्क रहने का आदेश

गिराऊ मकानों से हटाए जाएं नागरिक, मुख्यमंत्री के आदेश पर मण्डल आयुक्त की सख्ती

बरसात में हादसों पर रोक- आयुक्त ने कहा- जर्जर भवनों में न रहें लोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोण्डा । मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के अनुपालन में आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने मण्डल के समस्त जनपदों के जिलाधिकारियों को सख्त आदेश जारी किए हैं। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि किसी भी दशा में नागरिक जर्जर, असुरक्षित एवं गिराऊ भवनों में निवास न करें। आयुक्त ने निर्देश दिये हैं कि जनपद प्रशासन नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर सुनिश्चित करें कि ऐसे भवनों की पहचान कर तत्काल प्रभाव से लोगों को वहां से सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया जाए। साथ ही इस संबंध में की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी 22 सितम्बर 2025 तक उपलब्ध कराई जाए। आयुक्त ने कहा कि बरसात के मौसम में कई पुराने व जर्जर भवन गिरने का खतरा बना रहता है, जिससे आमजन की जानमाल को भारी जोखिम हो सकता है। इसलिए प्रशासन सतर्कता बरते और लापरवाही की कोई गुंजाइश न छोड़ी जाए।

घर में आगजनी व मारपीट की घटना में आठ पर केस दर्ज, एक गिरफ्तार

लालगंज, प्रतापगढ़। महिला व उसके बेटे के साथ मारपीट व घर में आगजनी तथा तोड़फोड़ की घटना को लेकर पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर कैलहा गांव निवासी वकीला बेगम पत्नी मो0 रहीश ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती रविवार की शाम परिवार की मजीदा बेगम व उसके बेटों दिलशाद व अरमान तथा दिलशाद की पत्नी कैकसा एवं गांव के रामपियारे की पत्नी शिवपती, बबिता तथा दो अज्ञात समेत आठ लोग दरवाजे पर पहुंचे और गेट तोड़ने का प्रयास किया। आरोपियों ने घर के पीछे की खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल हुए और घर में आग लगा दी। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने पीडिता को आग में झोंक कर जिंदा जलाने का प्रयास किया। पीड़िता किसी तरह अपने बेटे के साथ बाहर निकलकर जान बचाई।

नौडिहवा से लुठहवा जाने वाला सड़क बदहाल

●करीब पांच किलोमीटर की सड़क वर्षों से रिपेयरिंग के आभाव में बदहाल, गिट्टियां उखड़ने से जगह-जगह बना गड्ढा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रतनपुर/महराजगंज। नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम सभा सेखुआनी टोला नौडिहवा से लुठहवा जाने वाली सड़क रिपेयरिंग के आभाव में बदहाल हो चुका है। सड़क पर गिट्टियां उखड़ने व जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा वर्षो से सड़क की सुधि नहीं ली गई जिससे सड़क पूरी तरह से उखड़ कर गढ्ढे में तब्दील हो चुका है। बदहाल सड़क पर लोग आवागमन करने को विवश हैं। जानकारी के मुताबिक नौतनवां क्षेत्र के नौडिहवा से लुठहवा जाने वाली करीब पांच किलोमीटर लंबी सड़क वर्षो से रिपेयरिंग के आभाव में बदहाली के दौर से गुजर रहा है। विभागीय उपेक्षा के चलते सड़क जगह-जगह टूट कर गड्ढे में तब्दील हो चुका है। फलस्वरूप उक्त मार्ग पर गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मार्ग से देर रात तक क्षेत्र के लोगों का आना जाना लगा रहता है। जबकि उक्त सड़क पर मरम्मत की मांग को लेकर कई बार क्षेत्रीय लोगों ने विभाग के आला अधिकारियों को पत्रक भी सौंपा। बावजूद इसके स्थिति वर्षो बाद भी जस की तस बनी हुई है। ग्रामीण ज्ञानचंद यादव, राधेश्याम प्रसाद, रामराज यादव, राजकुमार, रामजीत, नरेंद्र, रेहान, अखिलेश, ज्ञानदीप यादव, बालकिशुन समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वर्षो से यह सड़क रिपेयरिंग के आभाव में बदहाली का दंश झेल रहा है। उक्त लोगों ने बताया कि बदहाल सड़क को लेकर कई बार विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन विभाग द्वारा इसे लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाया गया।

पुलिस ने 1.60 किग्रा गाँजा के साथ नेपाली युवक को किया गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हुआ मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोरखपुर। अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना एम्स पुलिस टीम ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के सतत पर्यवेक्षण में एवं थाना एम्स के नेतृत्व में उ0नि0 रविन्द्र सिंह मय टीम द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान गोपाल थापा नामक अभियुक्त को बड़ी मात्रा में नाजायज गांजा के साथ धर दबोचा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोपाल थापा पुत्र स्व0 ओमप्रकाश थापा निवासी मानखोला थाना खरजिंग बाजार जिला ओड़ा नं0-02 नेपाल, जो कि दिव्या पत्रिका कैण्ट कचहरी बस स्टैण्ड थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर में ठहर रहा था, को विशेष चेकिंग के दौरान 1.60 कि0ग्रा0 नाजायज गांजा, 03 अदद मोबाइल फोन, 01 आधार कार्ड, 600 रुपये नगद तथा 01 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी एनडीपीएस अधिनियम की धारा-8/20/27(क) के तहत दर्ज की गई। मौके पर बरामदगी के साथ अभियुक्त को थाना स्थानीय पर लाकर म0अ0स0-358/2025 पंजीकृत किया गया और अगली विधिक कार्यवाही हेतु विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस टीम में शामिल रही सदस्य सूची में उ0नि0 रविन्द्र सिंह, उ0नि0 प्रभात, हे0कां0 पीयूष कुमार, हे0कां0 विनय कुमार एवं कां0 विनय यादव शामिल रहे। अभियान के तहत की गई यह कार्रवाई जिले में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने व अपराधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर राज करन नय्यर ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था को बनाए रखने एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, आमजन से भी अपील की गई कि वे अवैध मादक पदार्थों की जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस को सूचित करें ताकि वे त्वरित कार्रवाई कर सकें। यह गिरफ्तारी मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ पुलिस की जागरूकता, तत्परता और सशक्त प्रयासों का परिणाम है, जिससे जिले में सुरक्षित व अपराध मुक्त वातावरण के निर्माण की दिशा में मजबूती आई है।

विद्यालय बस सड़क किनारे गड्ढे में पलटी, एक छात्र गंभीर रूप से घायल, चालक नशे में गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोलाबाजार गोरखपुर– जनपद के गोला थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुर चीनी मिल के पास स्थित आर एस पी एकेडमी की स्कूल बस सोमवार सुबह लगभग आठ बजे गोला-उरुवा मार्ग पर नक्षत्र एकेडमी से सौ मीटर पश्चिम सड़क किनारे बने गड्ढे में पलट गई। इस दौरान बस में चालक उदय प्रताप सिंह (निवासी बदौली थाना गोला) समेत कुल ग्यारह छात्र सवार थे। सभी छात्रों को हल्की चोटें आई, लेकिन छह वर्षीय अंशि नामक छात्र को गंभीर चोटें आई। घायल छात्र को परिजन तत्काल इलाज के लिए सीएचसी गोला ले गए। घटना के तुरंत बाद गोला कोतवाल राहुल शुक्ला मय पुलिस टीम मौके पर पहुंचे। प्राथमिक जांच में चालक शराब के नशे में धूत पाया गया। उसे तत्काल गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला लाया गया। डॉक्टर ने चालक का मेडिकल परीक्षण कर सैंपल जांच हेतु भेजा। अधीक्षक डॉ. अमरेंद्र नाथ ठाकुर ने बताया कि चालक हल्के नशे में था। इसके साथ ही, चालक का दावा था कि बस का स्टीयरिंग जाम हो जाने से यह दुर्घटना हुई, लेकिन आसपास के लोगों ने बताया कि चालक नशे में था और स्टीयरिंग संभाल न पाने के कारण बस गड्ढे में पलटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चालक सुबह साढ़े छह बजे अपने गांव से बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए निकला था। बस यूपी 53 डीटी 1161 नंबर की थी। घटना स्थल पर पहुंचे स्थानीय लोग और परिजन बच्चों को सुरक्षित निकालने में मदद करते हुए अस्पताल पहुंचाए। इस घटना से बच्चों के अभिभावक बेहद चिंतित हैं। उनका कहना है कि विद्यालय संचालक बस चालकों पर उचित नियंत्रण नहीं रख रहे हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। सीओ गोला दरवेश कुमार ने बताया कि चालक का मेडिकल सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसडीएम गोला अमित जयसवाल ने बताया कि सभी बच्चों की स्थिति फिलहाल सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना संभवतः बस की खराब फिटनेस के कारण भी हुई हो सकती है। सभी स्कूल बसों की फिटनेस जांच करवाई जाएगी, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि ड्राइवर प्रशिक्षित एवं लाइसेंसयुक्त हो। यह मामला बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा संवेदनशील विषय बन गया है, जिसे लेकर विद्यालय प्रबंधन पर भी सवाल उठ रहे हैं।

पीएचसी पर नहीं रुकते डॉक्टर, प्रसव पीड़िताओं को नहीं मिलता समुचित इलाज लापरवाही से महिला व नवजात शिशु की मौत

●स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली ने एक बार फिर निर्दोष जिंदगियां लील लीं। तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोण्डा। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली ने एक बार फिर निर्दोष जिंदगियां लील लीं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीह पर डॉक्टरों की अनुपस्थिति और समुचित इलाज न मिलने से प्रसव पीड़िता महिला माया देवी (35) पत्नी राकेश कुमार निवासी गौसिहा मजरा लाला पुरवा और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि प्रसव पीड़ा बढ़ने पर महिला को रात में पीएचसी रूपईडीह लाया गया, लेकिन वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। स्टाफ नर्स ने अपनी ओर से इलाज शुरू किया, मगर उचित दवाएं और विशेषज्ञ देखरेख न मिलने से नवजात की मौत हो गई और महिला की हालत बिगड़ गई।स्थिति गंभीर होने पर माया देवी को जिला महिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन वहां भी लापरवाही और संवेदनहीन रवैया सामने आया। परिजनों का कहना है कि स्टाफ ने मदद करने के बजाय फटकार लगाई और कह दिया– "यहां डॉक्टर नहीं है, कहीं और ले जाओ।"

महिला की सांस-जनक दुलारी ने आरोप लगाया कि प्रसव के दौरान लगने वाली सारी दवाएं बाहर के मेडिकल स्टोर से खरीदनी पड़ीं, अस्पताल के अंदर से एक भी दवा उपलब्ध नहीं कराई गई। सवाल यह है कि जब सरकार हर साल अस्पतालों को लाखों रुपये की दवाएं उपलब्ध कराती है तो फिर गरीब मरीजों को बाहर से दवाएं क्यों खरीदनी पड़ती हैं? इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि अस्पताल परिसर में झगड़े का अंदेशा है। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस की मौजूदगी के बाद माहौल शांत रहा, लेकिन इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर और गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीह के चिकित्सा अधिकारी जितेंद्र मिश्रा का कहना है कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं है, क्योंकि "रात्रि में डॉक्टर रुकते ही नहीं हैं।" यह बयान विभाग की लापरवाही की पोल खोलने के लिए काफी है। मृतका माया देवी अपने पीछे तीन मासूम बच्चों को छोड़ गई है– विवेक (8), शुभि (7) और मानसी (5)। पति रोज़ी-रोटी के लिए बाहर मजदूरी करने गया हुआ था। मां की मौत के बाद अब इन बच्चों का भविष्य अंधेरे में डूब गया है।यह कोई पहली घटना नहीं है। आए दिन ऐसी लापरवाहियां जनपद में उजागर हो रही हैं, जो साबित करती हैं कि पीएचसी और जिला अस्पतालों में न डॉक्टरों की मौजूदगी तय है और न दवाओं की उपलब्धता। सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक गरीब और ग्रामीण परिवार यूं ही अपनी जान गंवाते रहेंगे?

संक्षिप्त खबरें

तालाब से कब्जा हटाने गई टीम बैरंग लौटी

नीमगांव खीरी। मितौली तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत किशुनपुर पाकरिया गांव में तालाब की जमीन पर अवैध कब्जा हटाने गई टीम बैरंग लौट आई। बताया जा रहा है कि तालाब की भूमि पर कब्जा करने वालों की जमीन को लेकर टीम के सदस्यों से नोकझोंक हो गई। टीम में महज नायब तहसीलदार व उपजिलाधिकारी मितौली समेत दर्जनों लेखपालों के साथ भेज दिया गया था। इस समय उस भूमि पर अवैध तरीके से लहलहाती फसल खड़ी हुई है जिसका अभी तक राजस्व विभाग के द्वारा नाही फसल का अभी तक नीलामी कराई गई नाही अभी तक राजस्व विभाग की टीम तालाब के कब्जा को मुक्त करा सकी है लोगो का आरोप है कि राजस्व विभाग के अधिकारी व कब्जा करने वालों की साठगांठ है तभी तो करवाई महज खानापूर्ति हो रही हैं।

मैगलगंज थाना समाधान दिवस का आयोजन

जनता की समस्याएं सुनकर निस्तारण की पहल

मैगलगंज खीरी। मैगलगंज थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता ने की। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनों की विभिन्न समस्याएं सुनी गई अभी तक 7 प्रार्थना पत्र आए 3 का मौके पर ही निस्तारण किया गया और शेष बचे 4 प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए संबंधित राजस्व व पुलिस की टीम गठित कर टीम रवाना की।समाधान दिवस में एसआई राजपाल सिंह, कानूनगो जितेंद्र सिंह चंदेल,राम किशोर, लेखपाल सौरभ राय,राजकुमार, सुशील कुमार, अरुण चौधरी, रवी सिंह समेत अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

ब्रॉड गेज लाइन बनने का रास्ता हुआ साफ

पलिया कलां (खीरी) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्यारेलाल फलाहारी गौ सेवा फाउंडेशन के मंत्री द्वारा मैलानी- नानपारा अमान परिवर्तन करने के संबंध में रिट संख्या 936/2025 29. 8. 2025 कोयोजित की गई थी, जिस पर 10 सितंबर 2025 को माननीय उच्च न्यायालय? इलाहाबाद लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति राजन राय एवं मंजीव शुक्ल द्वारा याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार एवं वन विभाग केंद्रीय सरकार के अधिवक्ताओं तथा याची की अधिवक्ता कु. चित्रांगदा नारायण को सुनने के बाद याचिका पर प्रतिवादी संख्या (3) मुख्य प्रसाशनिक अधिकारी निर्माण पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर, तथा प्रतिवादी संख्या (4) महा प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को याची के प्रत्यावेदन पर विचार करके कार्यवाई कर मीटर गेज से ब्राड गेज अमान परिवर्तन करने के संदर्भ में आदेश निर्गत किया है। प्रत्यावेदन पर अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ लखीमपुर खीरी, अध्यक्ष पलिया बार एसोसिएशन पलिया , क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं कई संस्थाओं के प्रमुखों तथा ऐतिहासिक गुरुद्वारा कौड़ियाला घाट के प्रमुख आदि के भी हस्ताक्षर हैं। याचिका मे भारतीय रेलवे द्वारा विभिन्न प्रांतो? में रेल की पटरियों पर हाथियों एवं अन्य जीव जंतुओं की सुरक्षा के लिए (ए.आई) तकनीक से अभिनव उपाय करते हुए नानपारा, मिहींपुरवा, खैरटिया, तिकुनिया, बिलरायां,पलिया,भीरा तथा मैलानी रेल खंड पर अमान परिवर्तन किए जाने की याचना की गई थी जिसे स्वीकार कर लिया गया है। इससे? इस मार्ग पर रेल अमान परिवर्तन का रास्ता साफ हो गया है।

थाना समाधान दिवस - थाना खीरी में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना खीरी में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान थानाध्यक्ष सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में महिलाओं की सशक्तिकरण पर आयोजित हुए कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी। संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन योजना के अंतर्गत आयोजित 10 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के दसवें दिन जिले के 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थीम "Girl/Women e&celling in STEM field" (STEM) स्टेमी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली लड़कियां/महिलाएं" पर केंद्रित जागरूकता गतिविधियाँ संचालित हुई।यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में चलाया जाएगा। इसमें एएनएम, आशा संगिनी, स्वास्थ्य विभाग की टीम और वन स्टॉप सेंटर के प्रतिनिधि शामिल रहे।इस दौरान मिशन शक्ति और महिला सुरक्षा पर भी चर्चा हुई। सेंटर मैनेजर रश्मि चतुर्वेदी ने मिशन शक्ति के घटकों, पोक्सो एक्ट, वन स्टॉप सेंटर की सुविधाओं, तथा हिंदू मैरिज एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों को मिशन शक्ति ऐप डाउनलोड करने की सलाह दी।इस कार्यक्रम में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की जिला मिशन कोऑर्डिनेटर आर्य मित्रा बिष्ट ने POSH एक्ट 2013 के प्रावधानों, आंतरिक और स्थानीय परिवाद समितियों की भूमिका, शी-बॉक्स, तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर जागरूकता फैलाई।प्रतिभागियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जानकारी भी दी गई। फरधान व गोला विकासखंड समेत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित कार्यशालाओं में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित, डॉ. गणेश, डॉ. योगेश कुमार, महिमा, वन स्टॉप सेंटर से नरेंद्र व रोमिल, तथा बड़ी संख्या में एएनएम और आशा संगिनियां उपस्थित रहीं। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग और महिला सशक्तिकरण विभाग की टीमों ने मिलकर प्रतिभागियों को महिला सुरक्षा, अधिकार और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी देकर जागरूक किया।

जंगल व सून-शान जगह पर खड़ी हो रही सरकारी बस यात्रियों पर शंकट पुलिस के लिए बनी मुसीबत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पलियाकलां खीरी। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के लिए सरकारी दर्जनों बसें विभिन्न डीपो की संचालित हैं और चौकी चौराहे पर बस स्टाप होते हुए सुरक्षित खड़ी करने की जगह निर्धारित है उसके बावजूद चंद रुपयों के लालच में मथुरा डीपो के चालक परिचालक सरकारी बस को पलिया से बाहर करीब 8 किलोमीटर दूर रात 1 बजे पलिया गौरीफंटा रोड़ बंसीनगर चौकी के सामने सून-शान जगहें पर खड़ी कर गायब हो जाते हैं। जबकि अंधेरे में खड़ी मथुरा डीपो की रोडवेज बस को हर दम बड़ी घटना का डर सताता रहता है यही नही यात्रा कर रहे नेपाली यात्रियों को जिस जगह पर बसें खड़ी होती है वहां न तो कोई व्यवस्था और न ही यात्रियों की सुविधा है जबकि पास ही खूखार जानवरों से भरा जंगल होने के चलते जानवर का खतरा तो मडराता ही रहता है साथ ही साथ लूट जैसी घटनाओं से भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। जबकि पलिया में रोडवेज बसे खड़ी करने के लिए स्टेशन रोड पलिया चौकी के पास सबसे महफूज जगह निर्धारित है लेकिन उस जगह मथुरा डीपो के चालक परिचालक न रोक कर पलिया से 8 किलोमीटर दूर बंसी नगर में खड़ी करते है जो पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। मथुरा डीपो की सरकारी बस के चालक परिचालक चंद पैसो के खातिर दर्जनों नेपाली यात्रियों कि जिंदगियों से खिलवाड़ करते हैं वहीं मथुरा डीपो के एआरएम को फोन लगाया गया लेकिन बात नहीं हो पाई।

प्रधान का जीजा चला रहा सरकारी राशन की दुकान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिंगाही खीरी। ग्राम पंचायत बथुआ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान को लेकर काफी कई सालों से गोलमाल किया जा रहा है सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान ग्राम की एक महिला के नाम आवंटित है कोटे की दुकान को प्रधान के जीजा चला रहे हैं पूर्ति विभाग के अधिकारी सब कुछ जानकर अनजान बने हुए।

विकास खंड निघासन के ग्राम पंचायत बथुआ में सरकार के द्वारा गरीबों को दिए जाने वाले मुफ्त खाद्यान्न की दुकानों का आवंटन पंचायत के व्यक्ति को देने का प्रावधान है दुकान का आवंटन पूर्ति विभाग के द्वारा किया जाता है सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान की शासन के द्वारा एक गाइड लाइन भी तैयार की गई है सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान ग्राम पंचायत के प्रस्ताव पर ग्राम पंचायत के ही व्यक्ति को दिया जाता है जिसको साधारण भाषा में लोग कोटेदार के नाम से जानते हैं और कोटेदार की खुद की दुकान होनी चाहिए लेकिन पूर्ति विभाग की लचर कार्य प्रणाली के चलते ग्राम पंचायत बथुआ में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का आवंटन मंजू देवी निवासी बथुआ के नाम हुआ है और दुकान का संचालन ग्राम प्रधान के दामाद लाल मोहम्मद के द्वारा अपने घर पर किया जा रहा है राशन के वितरण के दौरान कोटेदार के द्वारा कई बार मारपीट व घटतौली के मामले प्रकाश में आए हैं लेकिन पूर्ति विभाग कार्रवाई करने से हमेशा कतरा रहा है 12 सितम्बर 2025 को बथुआ में खाद्यान्न वितरण के दौरान घटतौली करने पर कोटेदार व महिलाओं में मारपीट का मामला थाने आया था। निघासन सप्लाई इंस्पेक्टर रामजी यादव ने बताया कि अगर कोई प्रार्थना पत्र मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी।

थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा शान्ति भंग करने वाले 04 अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद खीरी की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 13.09.25 को ग्राम मदारपुर बसही में आपस में लडाई झगडा करने वाले 1.रमेश पुत्र रामसहाय उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम मदारपुर बसही हैदराबाद जिला खीरी 2. तेजराम पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम मदारपुर बसही हैदराबाद जिला खीरी 3.आशुतोष उर्फ मन्नू सिह पुत्र सुरेन्द्र सिह उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम सकेथू थाना हैदराबाद जिला खीरी तथा ग्राम झाऊपुर मे दीवाकर वर्मा पुत्र खुशीराम उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम झाऊपुर थाना हैदराबाद जिला खीरी का अधिक उग्र होकर आमदा फौजदारी होने काफी समझाने बुझाने पर न मानने पर गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय गोला के समक्ष भेजा गया। अभियुक्तो की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे मुख्य रूप से उप निरिक्षक खेमेन्द्र कुमार महिला उप निरिक्षक महादेवी व पुलिस आरक्षी संजीव कुमार, संजय कुमार थाना हैदराबाद खीरी सामिल रहे।

पीलीभीत-हरियाली के कातिलों ने प्रतिबंधित सागौन के पेड़ों पर आरा चलाकर किया सफाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पीलीभीत-हरियाली के कातिलों ने प्रतिबंधित सागौन के पेड़ों पर आरा चलाकर किया सफाया क्षेत्र में बिना किसी रोक टोक के धड़ल्ले से काटे जा रहे प्रतिबंधित पेड़ आखिर क्यों इन हरियाली के कातिलों पर नहीं होती कानूनी कार्यवाही कही स्थानीय जिम्मेदारों की मिली भगत से तो नहीं हो रहा प्रतिबंधित पेड़ों के कटान की चर्चाएं हो रही है मामले की सूचना सामाजिक वानिकी डीएफओ को लगते ही रेंजर को मामले की जांच कर कार्रवाई के दिए निर्देश दिए गए हैं यह मामला कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भीमपुर नौगजा के मौजा वीरखेड़ा का बताया जा रहा है मिलीं जानकारी के अनुसार जांच के आदेश दे दिए गए हैं अभी तक किसी पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है पीलीभीत में हरे-भरे पेड़ों का अवैध कटान लगातार चिंता का विषय बना हुआ है, जहां लकड़ी माफिया और विभाग की मिलीभगत से वन विभाग की बिना अनुमति के भी पेड़ काटे जा रहे हैं। वन महोत्सव जैसे हरियाली बढ़ाने के प्रयासों के बीच भी कीमती शीशम और अन्य हरे पेड़ों को काटा जा रहा है।

सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा के सुंदरी मंडल एवं भदपुरा मंडल में बैठके आयोजित की गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली/ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं देश के ईमानदार कर्मठ प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस तक आयोजित किए जाएंगी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा ने क्यों लड़िया के एस एस टी पब्लिक इंटर कालेज में एक बैठक आयोजित की गई इसके मुख्य अतिथि नवाबगंज नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पति एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरेंद्र सिंह राठौड़ थे ।भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख एवं विधानसभा संयोजक रवि शंकर गंगवार भदपुरा मंडल अध्यक्ष खेमकरण गंगवार पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव गंगवार जिला प्रतिनिधि कृष्ण कुमार राठौर पीतांबर सिंह ठाकुर विनय सिंह देवेंद्र कुमार ओम प्रकाश चेतराम राकेश सत्येंद्र गंगवार हरपाल फौजी मुकेश दिवाकर आदि थे इसी क्रम में सुंदरी मंडल की बैठक ग्राम भौआ बाजार में आयोजित की गई । जिसमें आगामी तिरस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में मंडल की बैठक का आयोजन क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य की अध्यक्षता में की गई यहां पर उपस्थित जिला महामंत्री मेघनाथ कठेरिया सुंदरी मंडल अध्यक्ष ठाकुर जयदीप सिंह महामंत्री वेदपाल सिंह कनौजिया उपाध्यक्ष श्यामा चरण पटेल एवं शक्ति केंद्र संयोजक बूथ प्रभारी बूथ अध्यक्ष समेत पार्टी के अनेकों कार्य करता उपस्थित थे । इधर सुंदरी मंडल की बैठक के साथ भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सेवा पखवाड़ा धूमधाम से मनाया जाएगा इसके लिए कार्यकर्ताओं को जी जान से जुटना है 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को भी धूमधाम से मनाया जाएगा ब्लॉक प्रमुख गंगवार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा। उपाध्याय एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने देश के अंत तक अपनी दृष्टि डालते हुए गरीबों के लिए कार्य किया जिसके तहत अंतोदय कार्ड यह उन्हीं की देन है जिस पर गरीबों को 35 किलो फ्री अनाज सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता है ऐसे व्यक्तित्व को हम कभी भुला नहीं सकते देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से लेकर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा इसमें रक्तदान शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा जिसके तहत भदपुरा मंडल में दलेल नगर अस्पताल पर रोगियों का परीक्षण कर पार्टी के जनक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई जाएगी इसी उपलक्ष्य में दलेल नगर अस्पताल पर रक्तदान कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना है जिससे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार किया जा सके और अपना रक्तदान करके किसी को जीवनदान दिया जा सके।

प्राचीन सागरदास बाबा स्थल का कराया जा रहा जीर्णोद्धार

● ग्राम प्रधान व क्षेत्रवासियो के सहयोग से प्राचीन मंदिर का किया जा रहा कायाकल्प।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला तहसील क्षेत्र के गांव जडौरा मे गोला जडौरा मार्ग पर पडने बाला प्राचीन सागर दास बाबा स्थान है जहां पर ग्राम प्रधान जडौरा संध्या आशीष मिश्र के सहयोग से मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है।ग्राम प्रधान जडौरा संध्या आशीष मिश्र ने बताया इस मन्दिर के जीर्णोद्धार जो कि लगभग पांच लाख रूपये की लगत से किया जा रहा है। जिसमे मंदिर परिसर के चारो तरफ चारदीवरी, इन्टरलाकिंग, पैकरमा मार्ग व चबूतरे को स्टील की ग्रिल व सौर उर्जा की एलईडी की लाईटो से मन्दिर परिसर को चमकाया जायेगा।

वही मन्दिर मे तीर्थ कुण्ड के चारो तरफ जीना व स्वीमिंग तालाब बनाया जा चुका है।इसके साथ ही मन्दिर के मुख्य द्वार पर ऐक भव्य गेट लगाया जायेगा।जिसका काम बहुत तेजी के साथ चलकर रहा है। अरूण कुमार मिश्र, जडौरा निवासी ने बताया यह मंदिर क्षेत्र के लोगो के लिये ऐक आस्था का प्रतीक कै यहां प्रत्येक वर्ष मागलिक अनुष्ठान होते रहते है मन्दिर का निर्माण हो जाने से लोगो को काफी सहूलियत मिलेगी। राहुल तिवारी कपरहा, यहा पर हर रोज दर्जनो की मात्रा मे पूजा पाठ करने के लिये हर रोज लोग आते है रामायण व भागवत पाठ का आयोजन भी समय समय पर होता रहता है।मन्दिर का निर्माण हो जाने से क्षेत्र के लोग व हम भी आनंदित है।

ससुराल जा रहे युवक की आवारा सांड से टक्कर, इलाज के दौरान मौत

●पत्नी घायल, परिवार में छाया मातहत

●पति की मौत की खबर सुनते ही पत्नी हुई बदहवास घर में मचा कोहराम

●क्षेत्र में सांड की टक्कर से कई लोगों की जा चुकी जान, शासन के आदेशों की खुलकर उड़ाई जा रहीं हैं धज्जियां

●मासूम बच्चों की आंखे कर रहीं हैं अपने पिता का इंतजार।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली / नवाबगंज के क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। शनिवार को आवारा सांड की टक्कर से 34 वर्ष के अशफाक पुत्र सिद्दीक अहमद, निवासी बंजरिया थाना हाफिजगंज की मौत हो गई। हादसे में उनकी पत्नी भी घायल हुई है, जिनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, अस्पाक अपनी पत्नी के साथ ससुराल जा रहे थे। हाफिजगंज सेथल रोड करवला के सामने रास्ते में अचानक एक आवारा सांड ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अस्पाक के पेट मे सींग घुस गया जिससे पति पत्नी गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान अस्पाक ने दम तोड़ दिया। पत्नी को भी चोटें आई हैं, जिनका उपचार जारी है।

परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

अस्पाक के जीवन में पहले ही गहरा दर्द था। उनकी पहली पत्नी की मौत तीन वर्ष पूर्व हो चुकी थी। पहली पत्नी से उन्हें एक 5 वर्षीय बेटा और 2 वर्ष की बेटी है। बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी निभाते हुए अस्पाक ने करीब एक वर्ष पूर्व लाड़पुर गांव से दूसरी शादी की थी। लेकिन अब इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है।

गांव में शोक और आक्रोश

घटना के बाद बंजरिया गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल है। मौके पर पहुंची पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी की रोहिल खंड प्रांत की उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है सुनीता गंगवार का कहना है कि आए दिन आवारा पशु लोगों पर हमला कर रहे हैं, परंतु प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। लोगों ने आवारा मवेशियों से निजात दिलाने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है।

सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत भाजपा की कार्यशाला आयोजित

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला विधायक अमन गिरि के फार्म हाउस पर भाजपा मण्डल मैलानी की तरफ से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक के पार्टी के वी विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमो की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसके बारे में कार्यकर्ताओं को करणीय बिंदुओं की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला मंत्री रामआसरे कनौजिया रहे जिन्होंने कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी जिसमे आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर सहित पीएम मोदी के जन्मदिवस पर अस्पतालों में होने वाले कार्यक्रमो सहित स्वच्छता के निमित्त होने वाले कार्यक्रम आदि की जानकारी दी गयी इस अवसर पर कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए विधायक अमन गिरि ने कहा भाजपा ही एक ऐसा दल है जो समाज के अंतिम व्यक्ति की बेहतरी के लिए काम कर रहा है और पीएम की दूरदर्शी सोच के चलते देश आज आर्थिक सामाजिक वैश्विक प्रगति की ओर अग्रसर है। कार्यशाला के समापन पर मण्डल अध्यक्ष संजीव वर्मा की ओर से उपस्थित पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ का धन्यवाद ज्ञापित किया गया कार्यशाला का संचालन मण्डल के मंत्री अमित मिश्रा द्वारा किया गया।

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) में ब्लॉक अध्यक्ष बने आकाश मिश्र व सुनील मिश्र

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) में ब्लॉक अध्यक्ष आकाश मिश्र व सुनील मिश्र बने सह प्रभारी चाका ब्लॉक राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर आज पार्टी की सदस्यता अभियान में अभय कुमार मिश्रा एडवोकेट हाईकोर्ट वर्तमान प्रधान कुंवर पट्टी को कानून विधिक सलाहकार एवं विधानसभा मेजा के संरक्षक का दायित्व दिया गया एवं आकाश मिश्रा को ब्लॉक अध्यक्ष करछना सुनील कुमार मिश्र सारंगपुर नैनी को ब्लॉक चाका का सह प्रभारी मनोनीत किए गए जिला अध्यक्ष जिला प्रधान महासचिव जिला मीडिया प्रभारी आयुष मिश्रा द्वारा सदस्यता दिया गया

सूचना मीरजापुर

विज्ञापन (सदस्यता हेतु)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालय के साधारण सभा के सदस्यों को बनाने की तिथि (प्रकाशन) प्रबंध समिति द्वारा दिनांक 16/09/2025 से 10 दिन तक दिनांक 25/09/2025 तक निर्धारित की गई है।साधारण सभा के सदस्य दो प्रकार के होंगे। वह व्यक्ति जो एक मुश्त रुपया 2000=00 नगद अथवा संपत्ति के रूप में संस्था को देगा। संस्था का आजीवन सदस्य होगा। वह व्यक्ति जो रुपया 300=00 एक मुश्त देगा वह तीन वर्ष के लिए सभा का सदस्य होगा। तथा एक वर्ष पश्चात मताधिकार प्राप्त कर सकेगा। कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु 21 वर्ष से कम न हो, पागल, दीवालिया तथा सजायाफ्ता न हो प्रबंधक जी के पास कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करके रसीद प्राप्त कर सदस्यता ग्रहण कर सकता है।

प्रबंधक
विंध्य विद्या पीठ इंटर कॉलेज विंध्याचल मीरजापुर

अध्यक्ष
विंध्य विद्या पीठ इंटर कॉलेज, विंध्याचल मीरजापुर

संक्षिप्त खबरें

"माटीकला टूल्सकिट्स वितरण योजना" विद्युत चलित चाक एवं पगमिल मशीन में लाभार्थियों का होगा साक्षात्कार

भदोही। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी यू0 पी0 सिंह ने बताया कि उ0प्र0माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित "माटीकला टूल्सकिट्स वितरण योजना" विद्युत चलित चाक एवं पगमिल मशीन में प्राप्त आवेदन पत्रों के लाभार्थियों का चयन/साक्षात्कार हेतु अध्यक्ष/उपायुक्त उद्योग महोदय भदोही की अध्यक्षता में दिनांक 18 सितंबर 2025 को समय 12 बजे की तिथि निर्धारित की गयी है। जिन लाभार्थियों ने माटीकला टूल्सकिट्स वितरण योजना अन्तर्गत विद्युत चलित चाक एवं पगमिल मशीन हेतु आवेदन किये है, वे दिनांक 18 सितंबर 2025 समय 12 बजे स्थान-जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सिंहपुर ज्ञानपुर भदोही में आवेदन किये गये समस्त प्रपत्रो जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि की मूल प्रति के साथ उपस्थित होकर चयन/साक्षात्कार में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

आकाश मिश्रा लोक जनशक्ति पार्टी के बने करछना विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष

करछना। लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की संस्तुति पर लोक जनशक्ति पार्टी के यमुना पार जिला अध्यक्ष त्रिवेनी प्रसाद पांडेय की ओर से करछना के ककरम गांव निवासी आकाश मिश्र को करछना विधानसभा का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह जानकारी लोक जनशक्ति पार्टी के यमुना पार जिला अध्यक्ष टी पी पांडेय ने दी है। उन्होंने बताया कि आकाश मिश्र अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए लोक जनशक्ति पार्टी के संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। साथ ही संगठन को मजबूत करने में जिला स्तर तक आपकी भूमिका है।

गोकशी के खिलाफ ज्ञापन

चुनार, मिर्जापुर। गोकशी के खिलाफ विश्वहिंदू परिषद, बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने सौपा ज्ञापनऔर बड़े आन्दोलन का दिया चेतावनी। जिलाध्यक्ष दिनेश प्रकाश सिंह के नेतृत्व में विहिप,बजरंगदल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को तहसील पहुँच कर सीओ मंजरी राव को ज्ञापन सौंपते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि गर्भवती गाय की निर्मम हत्या धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला अमानवीय कृत्य है। गोकशी, गो-तस्करी व लब जिहाद आदि को लेकर तीखी प्रतिक्रिया ब्यक्त करते हुए चेतावनी दिया कि यदि इन गतिविधियों पर जल्द रोक नहीं लगाई गई तो हिन्दू समाज को साथ लेकर एक बड़ा आन्दोलन किया जाएगा। आरोप लगाते हुए कहा कि चुनार में बड़ी संख्या में रोहंगियाओ को बसाया जा रहा है और मागं किया कि पूर्व के दो दसकों में बसाए गये रोहंगियाओ की पहचान कर उन्हें हटाया जाय ताकि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लग सके। इस दौरान प्रान्त सह मंत्री सत्यप्रकाश सिंह,विहिप नगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष नारायण राठी, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य रामसिंह आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय महिला आयोग- आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष 18 सितम्बर को करेंगी महिला जनसुनवाई

मीरजापुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 18.09.2025 को समय-मध्यान्ह 12ः00 बजे, स्थान-पुलिस लाइन सभागार मीरजापुर में ÷ राष्ट्रीय महिला आयोग-आपके द्वार÷ कार्यक्रम के तहत, राष्ट्रीय महिला आयोग की मा0 अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाएं अपनी समस्या मा0 अध्यक्ष महोदया के सम्मुख रखकर न्याय प्राप्त कर सकती है। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी, कार्यालय मीरजापुर से सम्पर्क कर सकते है।

जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

● संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर जिलाधिकारी का जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही, 15 सितम्बर 2025: कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने गोपीगंज उपकेन्द्र बैरीपरवा की सीएचओ मीनाक्षी देवी द्वारा एएमएस पर फर्जी उपस्थिति दर्ज किए जाने की शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी और जिला विकास अधिकारी को जाँच समिति गठित कर एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी चिकित्सकों की सूची मुख्य चिकित्साधिकारी से मांगी। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ाने के लिए सभी एमओआईसी, आशा और एएनएम को प्रेरित करने, स्वास्थ्य विभाग के हर कार्यक्रम की कंपोजिट रिपोर्ट अगले बैठक में प्रस्तुत करने और हफ्तेवार समीक्षा बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। यूनिसेफ व यूएनडीपी की तर्ज पर सभी एमओआईसी को ब्लॉक स्तर पर स्थलीय निरीक्षण करने को कहा।

सीएचसी व पीएचसी की आधारभूत संरचना सुधारने, मातृत्व दर का सही डेटा उपलब्ध कराने और डॉक्टरों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने चेताया कि निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लैब और बेसिक सुविधाओं की उपलब्धता, एंटी स्नेक वैक्सीन की आपूर्ति, साफ-सफाई व्यवस्था और बायोमेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। आरबीएसके की मोबाइल हेल्थ टीमों के लिए स्कूलों में जाँच हेतु वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता/दृष्टि दोष की जांच के लिए विशेष शिविर लगाने, ई-कवच समरी रिपोर्ट के तहत आभा आईडी जनरेट करने और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में बिजली, पानी व दवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल, सभी जिला अस्पतालों के सीएमएस, एसीएमओ, डीपीआरओ संजय मिश्र, बीएसए विकास चौधरी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और समस्त एमओआईसी उपस्थित रहे।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा जिला मुख्यालय पर धरना प्रर्दशन किया जाएगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीखड़ संवाद, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष शीतलेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सिंह के निर्देश पर संगठन के जिला अध्यक्ष अजय ओझा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 16 सितंबर को जिला मुख्यालय पर पत्रकारो के मांग को शासन तक पहुंचाने व मांग को पूरा कराने के प्रदर्शन मे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सभी तहसीलों के सम्मानित पत्रकार संगठन के सदस्य भाई समय से मुख्यालय पर धरने में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अपील किया है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में दारुल सफा या ओसियार में कार्यालय की स्थापना की मांग की गई है।

ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाए पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से पहले राजपत्रित अधिकारी से जांच कराई जाए तहसील स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नियमित बैठकों का आयोजन किया जाए पत्रकारों की मृत्यु होने पर तत्काल 500000 उसके परिवार को दिया जाए व मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 लाख रुपए की मदद मिले ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाए आदि मुद्दों को लेकर के प्रदर्शन का आयोजन किया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

मुकुट पूजन से चुनार रामलीला का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चुनार, मिर्जापुर। श्री राघवेन्द्र रामलीला कमेटी द्वारा संचालित इक्कीस दिवसीय रामलीला का शुभारंभ रविवार की रात सीओ मंजरी राव व तहसीलदार ईवेन्द्र कुमार सिंह ने फिता काटकर मुकुट पूजन कर किया। पं0 शशिकांत मिश्र, शिवकान्त पाठक, बृजेश चतुर्वेदी, पं0 श्रवण कुमार,जाएं प्रकाश मिश्र ने विधि विधान से पूजन कराया। समिति के संरक्षक बचाऊ लाल सेठ ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि व अन्य अतिथियों को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने समिति के सन्दर्भ में संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि रामलीला मंचन में चुनार के साहित्य पुरोधा पंडित बेचन शर्मा %उग्र %द्वारा भी सीता माता के रुप मे मंचन का कार्य किया गया है। इस वर्ष की लीला में समर्थ वैद्य (श्रीराम), वाचस्पति त्रिपाठी (भरत), अश्विनी दुबे(लक्ष्मण), लक्ष्य पुजारी (शत्रुघ्न) और यश मिश्रा (सीता) के पात्र हैं। इस दौरान ब्यास कैलाशपति त्रिपाठी, विधायक सहयोगी आलोक सिंह, गौरी नाथ दीक्षित, रामजी साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, श्री बोल बम प्रभात भजन समिति के अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, चन्द्रहास गुप्ता, नैनागढ़ महोत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह पटेल, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष राजू गुप्ता, अभिलाष राय, विवेक द्विवेदी, फूलचन्द, जोन अध्यक्ष अपना दल आलोक सिंह पटेल, संजय साहू, समिति के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश

मिश्र, किशन मोदनवाल, प्रदीप रस्तोगी, डॉ बंगलेश पांडेय, अजय शेखर पाण्डेय, आलोक सिंह, राजकुमार गुप्ता, गोविंद जायसवाल, ज्योति प्रकाश सिंह एड0, अविनाश अग्रवाल, प्रतीत राव वैद्य, प्रमोद शर्मा, श्यामसुंदर शाह, संतोष यादव, पारस नाथ गुप्ता, पवन जायसवाल, पवन गुप्ता, पंकज शर्मा, आदि प्रमुख मौजूद रहे।

17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा-2025'- स्वास्थ्य, स्वच्छता और कला के विविध कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही, 15 सितम्बर 2025: शासन निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक जिले में 'सेवा पखवाड़ा-2025' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 'विकसित भारत 2047' की व्यापक थीम पर आधारित होगा, जिसमें आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और स्वास्थ्य संबंधी प्रगति को रेखांकित किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख पहलें

'स्वास्थ्य नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सभी जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी, स्वास्थ्य उपकेंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर रक्तदान शिविर और निःशुल्क हेल्थ कैंप लगाए जाएंगे।

» 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री के उद्बोधन का लाइव प्रसारण होगा और आठवां राष्ट्रीय पोषण माह शुरू होगा।

» कैंपों में आंख, दंत, रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, टीबी, प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, योगा जानकारी सहित कई सेवाएं निशुल्क मिलेंगी।

» तिथिवार विशेषज्ञ चिकित्सकों के स्वास्थ्य कैम्प, आशा क्लस्टर मीटिंग, मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले और बड़े रक्तदान शिविर क्रमशः विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होंगे।

» 2 अक्टूबर को महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय में बृहद रक्तदान शिविर और पीपरी के कुष्ठ आश्रम में फल वितरण कार्यक्रम होगा।

सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रम

सूचना एवं संस्कृति विभाग द्वारा जीआईसी मैदान, ज्ञानपुर में 'विकसित भारत-उत्तर प्रदेश 2047' प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

» 17 से 30 सितम्बर के बीच चित्रकला प्रतियोगिताएं तीन वर्गों–जूनियर (कक्षा 9-12), सीनियर (स्नातक-परास्नातक) और सामान्य–में होंगी।

» 2 अक्टूबर को गांधी जयंती कार्यक्रम में विजेताओं को प्रथम पुरस्कार ?51,000, द्वितीय ?21,000 और तृतीय ?11,000 तथा प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

चयनित उत्कृष्ट पेंटिंग्स को राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ भेजा जाएगा।

स्वच्छता अभियान

पंचायती राज और नगरीय निकायों के सहयोग से व्यापक स्तर पर स्वच्छता, चूना व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव तथा जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री के संबोधन और रक्तदान शिविर से होगा। यह आयोजन जनभागीदारी के साथ विकसित, आत्मनिर्भर और डिजिटल भारत की दिशा में जिले की भागीदारी को मजबूत करेगा।

कुरुक्षेत्र में आचार्य देवो भव अवार्ड एवं सनातन सेवा सम्मान समारोह- आचार्य अगस्त्य कुमार द्विवेदी सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मीरजापुर, विंध्याचल। कुरुक्षेत्र गीता ज्ञान संस्थान, कुरुक्षेत्र में रविवार को आयोजित एक भव्य समारोह में ÷आचार्य देवो भव÷ अवार्ड एवं ÷सनातन सेवा सम्मान÷ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मिर्जापुर के विंध्याचल से पधारे प्रधान अर्चक आचार्य अगस्त्य कुमार द्विवेदी को मां विंध्यवासिनी की कृपा और विंध्य क्षेत्र के सर्व समाज के आशीर्वाद से यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। यह आयोजन कुरुक्षेत्र की पवित्र धरती पर सनातन धर्म की सेवा और आध्यात्मिक योगदान को समर्पित था।

आचार्य अगस्त्य कुमार द्विवेदी ने इस सम्मान को ग्रहण करते हुए कहा, ÷यह सम्मान मेरा नहीं, बल्कि समस्त मिर्जापुर जनपदवासियों का है। यह मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद और समाज का स्नेह है, जिसने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया।÷ उन्होंने इस अवसर पर आयोजकों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरव शर्मा ने की, जबकि उपाध्यक्ष श्वेता थीं। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल भदौली,

महाभारत धारावाहिक में अर्जुन की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता फिरोज खान, द्रोणाचार्य की भूमिका निभाने वाले अभिनेता सुरेंद्र पाल, तुलसी पीठाधीश्वर उत्तराधिकारी रामचंद्र दास महाराज, मलूक पीठाधीश्वर उत्तराधिकारी पूज्य महाराज, किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर, साथ ही 51 शक्तिपीठ, द्वादश ज्योतिर्लिंग और चारों धाम के प्रमुख अर्चक, महंत और महामंडलेश्वर उपस्थित रहे। इन गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया।

इस अवसर पर विंध्याचल से मनोज कुमार द्विवेदी, कौशिक द्विवेदी और अनुराग पांडे भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आचार्य अगस्त्य कुमार द्विवेदी के साथ इस गौरवमयी क्षण का हिस्सा बनकर मिर्जापुर का मान बढ़ाया। समारोह में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। आचार्य अगस्त्य कुमार द्विवेदी ने इस सम्मान को कुरुक्षेत्र की पावन धरती पर प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया और इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया। यह आयोजन सनातन धर्म के प्रति समर्पण और आध्यात्मिक सेवा को प्रोत्साहित करने का एक शानदार मंच साबित हुआ। कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर आयोजित इस समारोह ने धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश पूरे देश में प्रसारित किया।

सुपोषण भारत के लिए जन आन्दोलन जरूरी- जिलाधिकारी

● आठवां राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही, 15 सितम्बर 2025: महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक आठवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य "सुपोषण भारत- कुपोषण मुक्त भारत" के विज़न को सामुदायिक भागीदारी और जन आन्दोलन के माध्यम से साकार करना है।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि व्यवहार परिवर्तन और सामुदायिक सहभागिता इस अभियान की सफलता के मुख्य घटक हैं। पोषण माह के दौरान गर्भावस्था से लेकर किशोरावस्था तक सभी चरणों में सही पोषण की जानकारी और व्यवहारिक बदलाव पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मुख्य थीम

1. मोटापा निवारण - चीनी, नमक और तेल के सेवन में कमी
2. पोषण भी, पढ़ाई भी - आंगनवाड़ी केंद्रों में खेल-आधारित शिक्षा को प्रोत्साहन
3. एक पेड़ मां के नाम - वृक्षारोपण और पोषण उद्यान
4. शिशु एवं बाल आहार प्रथाएं - सुरक्षित एवं उपयुक्त ऊपरी आहार पर परामर्श
5. पुरुष सहभागिता - पोषण चौपाल, वृक्षारोपण और सामुदायिक भागीदारी

प्रस्तावित गतिविधियां

» ग्राम से जनपद स्तर तक कन्वर्जेंस विभागों द्वारा दिवसवार कार्यक्रमः वजन दिवस, वृद्धि निगरानी, स्वस्थ बालक स्पर्धा, स्कूल स्वास्थ्य जांच, टीएचआर आधारित रेसिपी प्रतियोगिता और रैलियां।

» ईसीसीई/पोषण भी पढ़ाई भी- स्वदेशी खिलौना मेला, खेल-कूद आधारित शिक्षण, प्रीस्कूल तत्परता कार्यक्रम।

» एक पेड़ मां के नाम- आंगनवाड़ी, विद्यालय और पंचायत भवनों में वृक्षारोपण एवं फलदार/औषधीय पौधों का रोपण।

» शिशु एवं बाल आहार प्रथाए- अन्नप्राशन दिवस, सुपोषण दिवस, ऊपरी आहार पर सामुदायिक परामर्श, नुक्कड़ नाटक।

पुरुष सहभागिता- पोषण संकल्प, पोषण चौपाल, साइकिल रैली, प्रभात फेरी।

सभी विभाग–बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत, कृषि, जल निगम, आयुष, खाद्य एवं रसद आदि– अपने-अपने स्तर पर इन गतिविधियों का आयोजन करेंगे और प्रत्येक दिन की प्रगति पोषण अभियान पोर्टल पर दर्ज करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी कन्वर्जेंस विभागों को निर्देश दिए कि वे दिवसवार गतिविधियों का प्रभावी संचालन कर पोषण माह को जन आंदोलन का रूप दें, ताकि कुपोषण मुक्त भारत का लक्ष्य पूरा किया जा सके।

पैतृक संपत्ति विवाद में बेटे ने की पिता की हत्या, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। जनपद के थाना गोपीगंज क्षेत्र के गोपालपुर ऊपरवार गांव में पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर एक बेटे ने अपने ही पिता की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

घटना विवरण- पुलिस के अनुसार 6 सितम्बर की रात लगभग 10 बजे जयशंकर दुबे अपने दोनों बेटों सूरज दुबे और कृष्ण कुमार दुबे उर्फ़ दिलीप के साथ कमरे में सो रहे थे। देर रात कृष्ण कुमार ने अपने पिता के सीने पर चढ़कर उनका गला दबा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मृतक के छोटे बेटे सूरज दुबे ने 14 सितम्बर की रात थाना गोपीगंज को दी। उसकी तहरीर पर मुकदमा संख्या 417/25 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

गिरफ्तारी- पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए 15 सितम्बर को आरोपी कृष्ण कुमार दुबे को बाला कौलापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया।

पूछताछ में खुलासा- पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए

बताया कि उसके पिता शराब और अन्य नशे के आदी थे। नशे की लत के कारण वे पहले ही अधिकांश जमीन बेच चुके थे और शेष जमीन भी बेचने की तैयारी में थे। जमीन बचाने का कोई उपाय न देखकर उसने गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है।

गरजे शिक्षक प्रधानमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही- सोमवार अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर, जनपद की भदोही शाखा के जिलाध्यक्ष धीरज सिंह के नेतृत्व में शिक्षक आज जनपद मुख्यालय पर इकट्ठा हुए और 1सितंबर को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के विरोध में ,प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी भदोही को सौंपा।ध्यातव्य है कि, एन सी टी ई द्वारा 2017 में चुपके से एक संशोधन करके पूरे देश के शिक्षकों के लिए ,जो टी ई टी लागू होने के पहले ही नियुक्त हुए हैं,सबको टी ई टी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया।इसके लिए न्यायालय से 2 वर्षों का समय मिला है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि,प्रदेश में27जुलाई 2011 से टी ई टी लागू हुआ है,तो इसके पूर्व के शिक्षकों के लिए टी ई टी लागू करना संविधान सम्मत नहीं है,क्योंकि न्यायालय पहले ही कह चुका है, कि कोई भी आदेश भूत लक्षी नहीं होता।इस मामले में संगठनों ने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की अपील की

है।इसका वैधानिक पहलू भी कम दिलचस्प नहीं है,क्योंकि पहले अध्यापक बनने की योग्यता इंटरमीडिएट और बी टी सी थी,ऐसे अध्यापक टी ई टी का फॉर्म ही नहीं भर पाएंगे, क्योंकि इसके लिए योग्यता स्नातक और प्रशिक्षण है। बी एड वाले और बी पी एड योग्यताधारी शिक्षक भी टी ई टी की परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे,क्योंकि अब इनको भी प्राथमिक अध्यापक भर्ती में शामिल करने पर रोक लगी है।इन विषम परिस्थितियों में ऐसे अध्यापक जिनकी सेवा केवल 10, से 12 वर्ष बची हो वो कैसे परीक्षा देंगे ये बड़ी चुनौती है। इसको लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नेपूरे देश में आज सभी जिलाधिकारियों के माध्यम से हस्तक्षेप की अपील की है। आज के कार्यक्रम में जिला महामंत्री क्रांतिमान शुक्ला,संगठनमंत्री रितेश तिवारी, देवेंद्र विश्वास, रत्नाकर राय,राजीव रतन यादव, देवेन्द्र कुमार मिश्र, जिला मीडिया, प्रभारी प्रतीक मालवीय, राजकुमार दुबे,मनीष पाण्डेय, शिवपूजन गिरी शिल्पी अग्रवाल, ज्योति कुमारी, आनंद सिंह, अरूण कुमार यति, बृजेश सरोज, दिलीप पटेल, विजय सिंह, संजय उपाध्याय, अनिल मौर्य,दिनेश यादव, सुनील दुबे, शंभूनाथ उपाध्याय, राजधर यादव सहित हजारों शिक्षक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विंध्याचल मंडल के महामंत्री और राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक संतोष सिंह की विशेष उपस्थिति रही।

विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के संबंध में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण आधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही/ विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के संबंध में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण आधिकारियों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। उप जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण एवं डिप्टी कलेक्टर शिव प्रकाश यादव द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में अवगत कराया गया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 13 ग के अनुसार ए ई आर ओ की तैनाती की जाती है। तैनात सभी ए ई आर ओ को उनके आवंटित विधानसभा में बूथ आवंटित किये गये हैं। कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु 18 वर्ष हो गयी है वह व्यक्ति मतदाता सूची में मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के लिये अधिकारी हो जाता है। मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु फार्म 06 का प्रयोग किया जाता है।

इसी प्रकार यदि कोई मतदाता मतदाता अपने नाम / पते की प्रविष्टि में संशोधन करना चाहता है तो वह फार्म 8 भरेगा। इसी प्रकार यदि कोई मतदाता किसी अन्य जगह की मतदाता सूची में पंजीकृत है और अपना नाम स्थानान्तरित कराके कहीं और रजिस्टर्ड होना चाहता है तो फार्म 08 का ही प्रयोग करेगा। यदि किसी मतदाता की मृत्यु होती है अथवा उसका नाम डुप्लीकेट है तो उसका नाम हटाने के लिये फॉर्म 07 का प्रयोग किया जायेगा।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने संशोधन एवं अपमार्जित करने के कार्यो पर निगरानी हेतु समस्त बूथों पर राजनीतिक दल अपने दल की तरफ से बी एल ए की तैनाती कर सकते हैं। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त राजनैतिक दलों को बीएल ए की तैनाती के लिये अनुरोध किया गया है। प्रशिक्षण में उप जिलाधिकारी औराई बरखा सिंह , समस्त तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

वर्ष 2025 हेतु तेंदू पत्ता संग्रहण की दरों में 10 प्रतिशत बढ़ोत्तरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में तेन्दूपत्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में वर्ष-2025 के लिए समिति द्वारा दर निर्धारण के संबंध में विचार विमर्श किया गया। मण्डलायुक्त ने पिछले वर्ष 2024 की अपेक्षा 10 प्रतिशत की दर से तेन्दूपत्ता संग्रहण दरें में बढ़ोत्तरी का निर्देश दिया। इसके बाद सरकरी दर 2239 रूपये प्रति मानक बोरा एवं निजी क्षेत्र के लिए 2251 रुपये प्रति मानक बोरा निर्धारित करने पर सहमति बनी।

बैठक में जूम एप के माध्यम से जी0एम0 प्रयागराज, सदस्य सुजाय बनर्जी, एवं आयुक्त कार्यालय सभागार में मुख्य वन संरक्षक व संयोजक मनीष मित्तल, प्रभागीय वनाधिकारी, आशुतोष जायसवाल, प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्यजीव प्रभाग, मीरजापुर, तापस मिहिर प्रभागीय वनाधिकारी ओबरा, दिलीप कुमार प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट, कमल कुमार,

प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर, राकेश कुमार सदस्य, मो0 आलम अध्यक्ष, आशीष कुमार उपाध्याय, प्रबन्धक आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

इफको में हिंदी सप्ताह शुरू

ब्यूरो प्रयागराज। इफको फूलपुर इकाई में हिंदी सप्ताह का शुभारंभ प्रशिक्षण केन्द्र सभागार में हुआ। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने कहा कि उन्होंने कहा कि हमारी पहचान हिंदी भाषा से है तथा यह सभी देशवासियों को जोड़ने वाली भाषा है। महाप्रबंधक उत्पादन संजय भंडारी ने कहा कि यह वह भाषा जिसने हमें तुलसीदास, सूरदास,कबीरदास, प्रेमचंद जैसे रत्न दिये है, ये हमारी पहचान है तथा हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व है। अनुरक्षण पीके सिंह ने कहा कि हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें तथा इसका प्रचार करें। हिंदी कार्यसमिति के संयोजक अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि हिंदी दिवस हिंदी भाषा के गौरव को आत्मसात करने का दिन है। उन्होंने कहा कि हिंदी का प्रयोग हर क्षेत्र में करें हमें हिंदी को विश्व भाषा के रूप में विकसित करने का प्रयास करना चाहिए। इसके अतिरिक्त निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में इफको कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन हेमलता सिजोरिया ने किया। इस दौरान महाप्रबंधक क्रमशः पी.के.पटेल,रत्नेश कुमार,संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अरूण कुमार, अरवेन्द्र कुमार,पी.के.त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर तथा बड़ी संख्या इफको कर्मचारी मौजूद रहे।

बार्डर क्षेत्र में चोरी की अफवाहों पर काबू पाने के लिए पुलिस का रात्रि गश्त जारी

बलरामपुर। पचपेड़वा, गैसड़ी व महाराजगंज तराई बार्डर क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से चोरी की घटनाओं और अफवाहों को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। आए दिन उड़ रही झूठी अफवाहों से गांवों में दहशत का माहौल है। इन परिस्थितियों को देखते हुए थाना पुलिस ने रात्रि गश्त को तेज कर दिया है और ग्रामीणों को अफवाहों से सावधान रहने की अपील की है। थाना अध्यक्ष के निर्देशन में उपनिरीक्षक व हल्का इंचार्ज अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहे हैं। पुलिस टीमें रात के समय गांव-गांव जाकर लोगों को आश्वस्त कर रही हैं कि चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। साथ ही, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाने को देने के लिए कहा गया है।ग्रामीणों को यह भी बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया या आपसी चर्चा के माध्यम से फैलाई जा रही झूठी सूचनाओं पर भरोसा न करें। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने चेतावनी दी है कि जानबूझकर माहौल बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।रात्रि गश्त के दौरान पुलिसकर्मी गलियों और मुख्य सड़कों पर चक्रमण कर रहे हैं, जिससे संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा सके। इस पहल से ग्रामीणों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है और लोग भी पुलिस के साथ सहयोग कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस की इस सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि रात के समय पुलिस की मौजूदगी से चोरी की आशंका काफी हद तक कम हुई है। लगातार गश्त और जागरूकता अभियान से बार्डर क्षेत्र में शांति बनाए रखने की दिशा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

नवरात्र मेले के लिए तुलसीपुर रेलवे स्टेशन पर बढ़ेंगी सुविधाएं

बलरामपुर। नवरात्र मेले को लेकर तुलसीपुर रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। टिकट काउंटर बढ़ाने के साथ स्टेशन पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम होंगे। तीन अप व तीन डाउन विशेष ट्रेनों के संचालन के लिए आयुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा शशि भूषण लाल सुशील ने महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को पत्र लिखा है। 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र शुरू हो रहा है। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन के लिए देश-विदेश के श्रद्धालु आएंगे। 15 दिनों तक मेला चलेगा। महाप्रबंधक को भेजे गए पत्र में मंडलायुक्त ने शारदीय नवरात्र को लेकर डीएम पवन अग्रवाल की मांग से अवगत कराया। कहा कि शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में 22 सितंबर से 15 दिन का राजकीय मेला शुरू होगा। देवीपाटन में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां पाटेश्वरी की पूजा-अर्चना के आएंगे। कहा कि श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे स्टेशन तुलसीपुर में अतिरिक्त टिकट काउंटर खोलने, स्टेशन पर स्थित शौचालयों की नियमित सफाई व पर्याप्त संख्या में जीआरपी की तैनाती की जाए। मेले के दौरान तुलसीपुर रेलवे स्टेशन पर सभी अप-डाउन ट्रेनों के ठहराव की अवधि पांच मिनट निर्धारित किए जाने व 22 सितंबर से मेला समाप्त होने तक अतिरिक्त तीन अप व तीन डाउन ट्रेनों का संचालन गोंडा व गोरखपुर तक किए जाने की भी मांग की है।

'130वां संवैधानिक संशोधन संबंधी विधेयक दुर्भावनापूर्ण, इसके पीछे असली खेल की मंशा', खड़गे का आरोप

स्वतंत्र प्रभात

ब्यूरो प्रयागराज। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 130वें संवैधानिक संशोधन संबंधी विधेयक को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। खड़ने ने सोमवार को दावा किया कि 130वें संवैधानिक संशोधन संबंधी विधेयक के पीछे असली खेल की मंशा हो सकती है क्योंकि यदि किसी भी मुख्यमंत्री को 30 दिन जेल में रहने पर पद से हटा दिया जाए तो फिर चुनाव की चिंता क्यों होगी।उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि चुनावी सुधार के नाम पर लोगों के मतदान के अधिकार को छीनने का प्रयास हो रहा है। खड़गे ने अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर 'एक्स' पर पोस्ट किया, "पिछले 11 वर्षों में आरएसएस-बीजेपी द्वारा भारत के लंबे समय से पोषित और कड़ी मेहनत से निर्मित लोकतंत्र को खोखला करने का षड्यंत्रकारी प्रयास किया जा रहा है।" उन्होंने दावा किया कि चुनावी हेराफेरी को "सुधार" का जामा पहनाकर, संविधान में निहित सबसे महत्वपूर्ण मतदान के अधिकार को छीनने के लिए एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा "बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से लाखों लोगों, विशेष रूप से कमजोर वर्गों को मताधिकार से वंचित करने से लेकर राहुल गांधी द्वारा उजागर की गई निंदनीय "वोटचोरी" तक, बीजेपी ने लगातार और रणनीतिक रूप से चुनावों की शुचिता को खत्म कर दिया है। " खड़गे का दावा है, "असली खेल 130वें संवैधानिक संशोधन विधेयक में हो सकता है। यह प्रस्ताव केंद्र को चुनी हुई राज्य सरकारों को "भ्रष्ट" करार देकर गिराने की अनुमति देता है, जिसका आकलन पहले से ही बीजेपी की पकड़ वाली एजेंसियों द्वारा आसानी से किया जा सकता है।" उनका आरोप है कि यह विधेयक दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने कहा, "जब आप निर्वाचित मुख्यमंत्रियों को 30 दिनों के भीतर कानूनी तौर पर बर्खास्त कर सकते हैं तो चुनाव की चिंता क्यों करें? इसका संदेश यही प्रतीत होता है। " उन्होंने कहा, "इसलिए, इस अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर, आइए, हम अपनी संवैधानिक संस्थाओं को आरएसएस-बीजेपी के चंगुल से बचाने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराएं।" केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीते मानसून सत्र के आखिर में विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच लोकसभा में 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए थे। बाद में उनके प्रस्ताव पर सदन ने तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का निर्णय लिया था। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 में प्रधानमंत्री, मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को गंभीर अपराध के आरोपों में पद से हटाने का प्रावधान है।संयुक्त संसदीय समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य होंगे और यह समिति अपनी रिपोर्ट अगले संसद सत्र के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन तक पेश करेगी।

पीडब्लू डी की करोड़ों की अवैध कब्जे की भूमि की हुई पैमाईश

● कब्जा धारियों में मचा हड़कंप।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। फूलपुर तहसील क्षेत्र के कोड़ापुर गांव में फूलपुर मुबारकपुर मार्ग से लगी हुई पीडब्लू डी की करोड़ों रुपए कीमती भूमि पर भू माफियाओं का अवैध कब्जा है ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त कीमती भूमि पर भूमाफिया लोग बिना किसी अनुमति के मकान बनाकर अवैध रूप से कब्जा करने के बाद उसे किराए पर दे दिया है जिससे उनकी मोटी कमाई हो रही है। ग्रामीणों की शिकायत पर पीडब्लू डी विभाग हरकत में आया अवैध कब्जा धारियों को नोटिस देकर एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा किन्तु योगी सरकार भी मनबढ़ भूमाफियों के कान में जूं तक नहीं रेंगी जब की सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने सभी विभागों के उच्च अधिकारियों को निर्देश दे रखा है कि कही पर भी यदि भूमाफिया अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा कर रखे हो तो उसकी पैमाईश कराकर उसे तत्काल खाली कराया जाय । जिसके क्रम में सोमवार को लगभग आधा दर्जन से अधिक पीडब्लू डी के अधिकारी कर्मचारी राजस्व टीम के साथ अपने पीडब्लू डी की सुरक्षित गैंग हट की भूमि की पैमाईश कराने पहुंचे तो भूमाफियों में हड़कंप मच गया फिलहाल राजस्व टीम ने पीडब्लू की सुरक्षित भूमि की पैमाईश किया तो फूलपुर मुबारकपुर मार्ग पर करोड़ो की कीमती भूमि 164 फिट निकली जिस पर गांव के राम लखन यादव और रामजतन यादव के साथ ही दरियापुर गांव निवासी भवानी भीख यादव अवैध रूप से कब्जा करके उस पर निर्माण करने के बाद किराए पर दे रखा।

थाना सोरांव व एस0ओ0जी0/सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 25,000/ का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

ब्यूरो प्रयागराज । पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सोरांव पर पंजीकृत मु0अ0सं0-62/25 धारा-61(2) भा0न्या0सं0, 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम से सम्बन्धित 25,000/- रूपये का ईनामिया वांछित अभियुक्त (मुजफ्फर गैंग ढ्ढक्र 05/2022 का सक्रिय सदस्य) अफजल पुत्र सलाम उल्ला निवासी कड़ेधाम थाना कड़ेधाम जनपद कौशाम्बी को थाना सोरांव व एस0ओ0जी0/सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक-14.09.2025 को थाना सोरांव क्षेत्रान्तर्गत कानपुर-वाराणसी हॉईवे स्थित तुलापुर अण्डरपास के पास से 01 अवैध चापड़ के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक-20.03.2025 को थाना सोरांव क्षेत्रान्तर्गत सेवईत में गौवंश लाकर दिया गया था तथा उसके कुछ अन्य साथियों द्वारा गौकशी करते समय थाना सोरांव पुलिस टीम द्वारा दिनांक-20.03.2025 को गिरफ्तार किया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना सोरांव पर मु0अ0सं0-62/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था । मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 05 वांछित अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। अभियुक्त अफजल उपरोक्त से

पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त उपरोक्त व उसके साथियों का गैंग है । इस गैंग का सरगना मो0 मुजफ्फर पुत्र मुख्तार निवासी ग्राम चफरी थाना नबावगंज प्रयागराज है ।

गैंग के सदस्यों द्वारा कमिश्नरेट प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी आदि जनपदों के विभिन्न क्षेत्रों से गोवंश पशुओं की खरीद फरोख्त कर गोवंश पशुओं के साथ गौकशी/पशुक्रूरता का कार्य किया जाता था तथा प्राप्त धनराशि को बाट लिया जाता था।

विश्व हिंदू महासंघ ने मनाया महंत अवैध नाथ की पुण्य तिथि

● संत महात्माओं के साथ हिंदू महासंघ का हुआ जमावड़ा।

स्वतंत्र प्रभात

ब्यूरो प्रयागराज। ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महराज की 11 वी पुण्य तिथि रविवार को पीडब्लू यूनियन सभागार प्रयागराज में विश्व हिन्दू महासंघ के तत्वाधान में धूमधाम से मनायी गई। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार विश्व हिन्दू महासंघ के ब्रह्मलीन संत महंत अवैद्यनाथ जी के चित्रों पर भक्तों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांली दी। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिन्दू महासंघ के मंडल अध्यक्ष एवं प्रभारी अनुज सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत की।, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र त्रिपाठी मुन्ना भैया एवं संचालन जिला महामंत्री श्याम सूरत पांडे ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम गिरी, परशुराम अखाड़ा आश्रम के पीठाधीश्वर सुदर्शन शरण जी महराज एवं श्री महंत डॉ सुदर्शन चार्य जी महराज, धर्मेंद्र प्रताप सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सैकड़ों की संख्या में विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी सदस्य गण उपस्थित रहे और महराज जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर हिन्दू धर्म एवं हिंदुओं की रक्षा का संकल्प लिया । मुख्य अतिथि अनुज सिंह ने कहा कि महराज जी सम्पूर्ण जीवन हिन्दुओं एवं राष्ट्र के उत्थान के लिए अग्रणी भूमिका निभाते रहे उनका जीवन हिन्दू और गौ रक्षा के लिए समर्पित रहा, प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम गिरी ने उनके आन्दोलनों और प्रभावी रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र त्रिपाठी मुन्ना भैया ने कहा कि विश्व हिन्दू महासंघ प्रयाग राज में मजबूती और एकता के साथ श्री महराज जी के आदर्शों का पालन करेगी और समाज में फैली तमाम कुरीतियों को समाप्त करने और धर्मांतरण जैसी घिनौनी साजिशों का पर्दाफाश कर उसका उन्मूलन करने में पूरी ताकत से आगे बढ़ेगी, अंत में संचालन करते हुए महासंघ के जिला महामंत्री श्याम सूरत पांडे ने आए हुऐ सभी अतिथि यों पदाधिकारियों सदस्यों का स्वागत अभिनन्दन करते हुऐ कहा कि आज श्री महराज जी जो हिन्दू और हिन्दू अस्मिता के प्राण थे हम सभी संकल्प लें कि जब भी जंहा भी हिंदुओं के उपर किसी प्रकार की समस्या आती है तो आगे बढ़ कर अपनी भूमिका का निर्वहन करेगें।

शिक्षा, समर्पण और देशभक्ति से ही राष्ट्र सेवा की प्रेरणा मिलती है- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

● शिक्षा, समर्पण, देशभक्ति की भावना से मिलती है राष्ट्र सेवा की प्रेरणा- राज्यपाल।

300 आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुसज्जित करने के लिए प्री स्कूल किट का किया वितरण।

प्रयागराज। प्रो. राजेंद्र सिंह ''रज्जू भैया'' विश्वविद्यालय का अष्टम दीक्षांत समारोह सोमवार को बड़े ही उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारीं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर स्नातक, परास्नातक एवं व्यावसायिक शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 92,109 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। वहीं विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 191 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पदक प्रदान किए गए, जिनमें 129 छात्राएं और 62 छात्र शामिल रहे।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि - "आज बेटियां मेडल और उपाधि प्राप्त करने में बेटों से आगे हैं। यह नारी शक्ति की प्रगति का प्रतीक है। समाज और राष्ट्र के विकास में युवाशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आने वाले 25 वर्ष भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में निर्णायक होंगे। शिक्षा, समर्पण और देशभक्ति की भावना से ही राष्ट्र सेवा संभव है।"

राज्यपाल ने इस अवसर पर 300 आंगनबाड़ी किट भी वितरित कीं, जिनमें से 200 किट जिला प्रशासन द्वारा तथा 100 किट विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई थीं। साथ ही प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को उपहार सामग्री एवं प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा "पर्यावरण सुरक्षा ही जीवन सुरक्षा" विषय पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई और विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

राज्यपाल ने युवाओं को शोध, नवाचार और पेटेंट की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि - "भारत को नए ताजमहल की आवश्यकता नहीं है, बल्कि पूरे विश्व में भारत को ताजमहल की तरह चमकाना है।"

कार्यक्रम में विशेष अतिथि लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत्र ने शिक्षा को संस्कारित एवं चरित्र निर्माण का आधार बताते हुए उत्कृष्टता की साधना पर बल दिया।

कैबिनेट मंत्री (उच्च शिक्षा) योगेंद्र उपाध्याय ने प्रो. राजेंद्र सिंह ''रज्जू भैया'' के जीवन को प्रेरणा स्रोत बताया।

कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्तमान में 739 कॉलेज विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं और 5 लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। हाल ही में विश्वविद्यालय को ह्वष्ट द्वारा ''ग्रेड प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, कुलसचिव विनीता यादव, आचार्यगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अडानी सीमेंट प्लांट के खिलाफ कई गांवों में प्रदर्शन, धारावी के बाद दूसरा विवाद

स्वतंत्र प्रभात

ब्यूरो प्रयागराज । महाराष्ट्र के मोहोने गांव और आसपास के लगभग 10 अन्य गांवों के निवासियों ने अडानी ग्रुप की अंबुजा सीमेंट द्वारा प्रस्तावित सीमेंट ग्राइंडिंग प्लांट का विरोध शुरू कर दिया है। यह विरोध महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) द्वारा 16 सितंबर को निर्धारित सार्वजनिक सुनवाई से पहले हो रहा है। प्लांट कल्याण शहर के पास स्थित है, जो दक्षिण मुंबई से 68 किलोमीटर दूर है। स्थानीय लोग स्वास्थ्य, पर्यावरण और बढ़ते यातायात की चिंताओं के कारण इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। मोहोने गांव में प्रस्तावित यह प्लांट घनी आबादी वाले क्षेत्र में बनाया जाना है, जहां चारों ओर निर्माणाधीन ऊंची इमारतें हैं। परियोजना के लिए कुल 26.13 हेक्टेयर भूमि का इस्तेमाल किया जाना है, जिसमें 9.67 हेक्टेयर ग्रीन बेल्ट के लिए और 5.49 हेक्टेयर ग्राइंडिंग यूनिट, भंडारण सुविधाओं तथा पैकिंग प्लांट के लिए है। 10 किलोमीटर के दायरे में सामाजिक-आर्थिक अध्ययन क्षेत्र में कल्याण तालुका, केडीएमसी वार्ड, भिवंडी तालुका, अम्बरनाथ तालुका, उल्हासनगर और महाराल बीके टाउन के हिस्से शामिल हैं, जहां कुल आबादी 14,82,478 है। गांव के निवासियों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे, कल्याण-डोंबिवली म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (केडीएमसी) के म्यूनिसिपल कमिश्नर तथा एमपीसीबी अधिकारियों को पत्र लिखकर विरोध दर्ज कराया है। यह मुंबई महानगरीय क्षेत्र में अडानी समूह की दूसरी परियोजना है जिसका स्थानीय स्तर पर विरोध हो रहा है। इससे पहले धारावी पुनर्विकास परियोजना पर भी विरोध हुआ था। विरोध के पीछे मुख्य कारण वायु और जल प्रदूषण, बढ़ता यातायात तथा स्वास्थ्य जोखिम हैं। स्थानीय लोग तर्क दे रहे हैं कि घनी आबादी वाले क्षेत्र में पर्यावरण और स्वास्थ्य मुद्दों को पर्याप्त रूप से ध्यान में नहीं रखा गया है। पहले अडानी समूह ने 2020 में नेशनल रेयॉन कंपनी (एनआरसी) को अधिग्रहित करने के बाद इस स्थान पर विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करने की योजना बनाई थी, जिसका स्वागत हुआ था क्योंकि इससे रोजगार के अवसर पैदा होते। लेकिन कुछ महीनों पहले सीमेंट ग्राइंडिंग प्लांट की योजना सामने आने से विरोध शुरू हो गया। मोहोने के पूर्व एनआरसी कर्मचारी और निवासी जीवानंदस कटारिया ने कहा, "जब 2020 में अडानी समूह ने एनआरसी को अधिग्रहित किया, तब कहा गया था कि विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक्स पार्क बनेगा। सबने इसका स्वागत किया क्योंकि इससे कई लोगों को रोजगार मिलता। लेकिन कुछ महीने पहले पता चला कि लॉजिस्टिक्स पार्क के बजाय सीमेंट ग्राइंडिंग प्लांट बनेगा। क्या घनी आबादी वाले क्षेत्र में ऐसा प्लांट बनाना चाहिए? पर्यावरण और स्वास्थ्य मुद्दों पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया लगता है। इसलिए हमने विरोध करने का फैसला किया।"ग्रामस्था मंडल मोहोने कोलीवाड़ा के अध्यक्ष और स्थानीय भाजपा नेता सुभाष पाटिल ने बताया, "विरोध के हिस्से के रूप में हमने हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। यह हमारा पहला कदम है।

प्लांट से होने वाले वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, यातायात बढ़ने से नुकसान तथा स्वास्थ्य चिंताएं आदि को ध्यान में नहीं रखा गया जबकि हमारे पड़ोस में इतना बड़ा प्लांट बनाने का फैसला लिया गया।" कंजर्वेशन एक्शन ट्रस्ट ने चेतावनी दी, "घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इससे कणीय पदार्थों का उच्च उत्सर्जन होता है।" अडानी समूह ने इस संबंध में इंडियन एक्सप्रेस के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। एमपीसीबी अधिकारियों का कहना है कि बोर्ड प्रक्रिया का पालन कर रहा है और निवासी सार्वजनिक सुनवाई में अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। मंगलवार की सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

गली गली में कुकुर मुक्तो की तरह चल रहे अस्पताल, जीवन के साथ कर रहे हैं खिलवाड़

स्वतंत्र प्रभात

ब्यूरो चीफ प्रयागराज। यमुनानगर के नैनी,करछना,मेजा, कोराव, बारा की गलियों में जगह-जगह निजी अस्पताल और नर्सिंग होम धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इन अस्पतालों में मानक सुविधाओं और संसाधनों की भारी कमी होने के बावजूद इन्हें आसानी से संचालित किया जा रहा है। न तो पर्याप्त डॉक्टर और प्रशिक्षित स्टाफ है और न ही आपातकालीन सेवाओं की उचित व्यवस्था।

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि बिना आवश्यक अनुमति और संसाधनों के अस्पताल मरीजों का इलाज कर रहे हैं। कई जगह तो ऑक्सीजन, वेंटिलेटर और आईसीयू जैसी बुनियादी सुविधाएं तक नहीं हैं, लेकिन फिर भी बोर्ड लगाकर अस्पताल के नाम पर इलाज जारी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नियम-कायदों की अनदेखी कर खुले ऐसे अस्पताल मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही केवल कागजों तक ही सीमित रह जाती है। कई अस्पतालों में इलाज के दौरान मरीजों की मौत भी हो चुकी है। और प्रयागराज सीएमओ द्वारा अस्पताल को सीज भी कर

दिया। लेकिन उसके बाद इस अस्पताल को फिर से खुलवा दिया जाता है। जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अस्पतालों की जांच कर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना न हो और मरीजों को मानक इलाज मिल सके।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने हरचंदपुर ब्लॉक में एक वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण शिविर का आयोजन किया

स्वतंत्र प्रभात

रायबरेली, भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने आज हरचंदपुर ब्लॉक में एक वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण शिविर का आयोजन किया, इसमें वित्तीय सेवाएं विभाग वित्त मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक सुशील कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। वित्तीय सेवाएं विभाग वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी संतृप्तिकरण अभियान के तहत दिनांक 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक चलाए जा रहे हैं इस अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायत व शहरी स्थानीय निकाय स्तर पर वित्तीय समावेशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का शतप्रतिशत प्रचार करना। इस बैठक में लगभग 400 ग्रामीणों द्वारा उत्साह पूर्ण भागीदारी की गई,जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता और सुलभ बैंकिंग सेवाओं की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में वित्तीय सेवाएं विभाग के निदेशक सुशील कुमार सिंह द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बैंक आफ बडौदा अचल कार्यालय के अचल प्रमुख शैलेंद्र सिंह, एसएलबीसी की उप महाप्रबंधक निधि कुमार, ग्रामीण बैंक के सहायक महाप्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह, नाबार्ड के डीडीएम रवि शंकर, बैंक ऑफ़ बड़ोदा क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक महाप्रबंधक व क्षेत्रीय प्रबंधक उपस्थित रहे। वित्तीय सेवाएं विभाग के निदेशक ने कार्यक्रम स्थल पर लगे स्टालों का निरीक्षण करते हुए विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पीएमजेजेवाई,अटल पेंशन योजना व अन्य योजनाओं की जानकारी के बारे में ग्राहकों व के बीसी मित्रों से संवाद किया। कार्यक्रम को विस्तार देते हुए वित्तीय सेवा विभाग के निदेशक ने बताया कि इस 3 माह के वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान प्रत्येक ग्राम पंचायत में कैंप आयोजित किए जाने हैं, जिससे छोटी-छोटी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलानी है। इसका लाभ भी मिलना है यह योजनाएं उनके परिवार वालों के लिए काफी लाभदायक है,आप सब इसके भागीदार बने और योजनाओं का लाभ उठाएं। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के महाप्रबंधक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ सभी को मिले, इसमें बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने काफी प्रयास किए हैं जिसके तहत पूरे उत्तर प्रदेश में 57681 ग्राम पंचायत में से 47586 ग्राम पंचायत को इस अभियान के तहत कवर कर लिया गया है जो की 83% ही है।

कार्यक्रम में जिले से पधारे उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, उपायुक्त एनआरएलएम सविता सिंह, एवं कार्यक्रम को भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक बृजभानु सिंह,पंजाब नेशनल बैंक के उप क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण निगम ग्राम प्रधान हरचंदपुर माधुरी देवी व बीडीओ हरचंदपुर अंजूरानी वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्ति किए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें नुक्कड़ नाटक द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में बहुत ही रोचक गीतों के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई।

संक्षिप्त खबरें

मो. आसराफुल शेख तृणमूल पार्टी छोड़कर थामा जेकेएलएम का दामन

पकुड़, झारखंडः- झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (JLKM) के सदस्यता कार्यक्रम के दौरान पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष एवं विधायक जयराम कुमार महतो ने अधिवक्ता मो0 आसराफुल शेख को पार्टी का पट्टा पहनाकर प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर महतो ने कहा कि आसराफुल शेख के पास 17 वर्षों का राजनीतिक अनुभव है और उनका पार्टी में शामिल होना छ्रस्यरू के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव 2029 में हम पाकुड़ सीट को अपने झोली में लेने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अभी से ही क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर आवाज उठानी होगी। मैं स्वयं पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के मुद्दों को सदन तक पहुँचाने का संकल्प लेता हूँ। शेख के साथ उनके सहयोगी नजीर हुसैन ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

संतान की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने किया जितिया व्रत, पारण अनुष्ठान के साथ हुआ समापन

करों, देवघर, झारखंडः- संतान की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए करों अनुमंडल के रानीडीह, डिंडाकोली, सालतर, गोविंदपुर, केंदवेरिया, सिरियां, रान्हा, कमलकर, बसकुपी, प्रतापपुर आदि विभिन्न गाँवों में त्रिदिवसीय जितिया पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। नहाय-खाय के दूसरे दिन महिलाओं ने निर्जला उपवास रखा और सोमवार की सुबह पारण अनुष्ठान के साथ पर्व का समापन किया। धार्मिक माहौल से भरे करोंग्राम के स्थानीय देदे टोला दुर्गा मंदिर, बाबा कर्णेश्वर मंदिर, आचार्य टोला दुर्गा मंदिर, मुदी टोला स्थित नारायण मंदिर, रजवार टोला काली मंदिर आदि मंदिरों में महिलाओं ने विधि-विधानपूर्वक व्रत कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर पंडित सुकुमार मिश्र एवं देव पुजारी ने व्रतियों को जितिया पर्व की विभिन्न कथाएँ सुनाई और कहा कि यह पर्व केवल संतान की दीर्घायु ही नहीं बल्कि पूरे परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना के लिए भी महत्वपूर्ण है। व्रत के बाद आकरी चना, मूंग और खीरे का प्रसाद सियार-सियारीन को अर्पित कर अन्य परिवारजनों में वितरित किया गया। वहीं बंगाली समुदाय की महिलाओं ने पारंपरिक 'आढ़ायकामड़' रीति निभाते हुए तालाब में डुबकी लगाई और खीरे को ढाई बार दाँतों से काटते हुए पारण की रस्म पूरी की।

नगर ग्राम का एकमात्र छठ तालाब जर्जर, मरम्मत की मांग

बीडीओ ने मुखिया को दिए दिशा-निर्देश

चंदवा, झारखंडः- चंदवा प्रखंड अंतर्गत नगर ग्राम स्थित एकमात्र छठ तालाब की स्थिति जर्जर हो गई है। छठ पर्व नजदीक होने के कारण ग्रामीणों ने इसकी शीघ्र मरम्मत की मांग की है। सोमवार को विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज छठ घाट पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उन्हें तालाब की खराब हालत से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि यह तालाब पूरे गाँव का एकमात्र छठ घाट है और पर्व से पूर्व इसकी मरम्मत अनिवार्य है। आदर्श रवि राज ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी बातों को संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाया जाएगा और घाट की मरम्मत करवाई जाएगी।

इसी क्रम में उन्होंने चंदवा प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद से मुलाकात की और मामले की जानकारी दी। बीडीओ ने त्वरित संज्ञान लेते हुए चकला पंचायत की मुखिया को फोन कर घाट को दुरुस्त करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुखिया रंजीता एक्का ने छठ तालाब को दुरुस्त करवाने पर पहल करने की बात कही। छठ घाट में विधायक प्रतिनिधि के साथ कृष्णा कुमार, टिंकू वर्मा, राहुल नायक समेत कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

ऑपरेशन चुनापत्थर में बड़ी सफलता, 1 करोड़ के इनामी सीसीएम सहित 3 नक्सली ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद

●डीजीपी झारखण्ड ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी, कोबरा समेत पुलिस बल के जवानों का बढ़ाया हौसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरकट्ठा, हजारीबाग, झारखंडः-- झारखंड पुलिस को नक्सल उन्मूलन अभियान में बड़ी सफलता मिली है। हजारीबाग पुलिस, गिरिडीह पुलिस, सीआरपीएफ 154 व 21 बटालियन, कोबरा वाहिनी 209 व झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन चुनापत्थर के तहत गोरहर थाना क्षेत्र में एक मुठभेड़ में नक्सलियों के बड़े दस्ते को मात दी। इस मुठभेड़ में सीसीएम सदस्य सहदेव सोरेन उर्फ प्रयास दा (इनामी 1 करोड़), एसएसी सदस्य रघुनाथ हेंब्रम उर्फ भूपति उर्फ सीबू मांझी (इनामी 25 लाख) तथा जेडसीएम सदस्य बिरसेन गंझु उर्फ खेलावन गंझु उर्फ रामखेलावन गंझु उर्फ छोटा बिरसेन (इनामी 10 लाख) मारे गए। झारखण्ड डीजीपी अनुराग गुप्ता सोमवार को हज़ारीबाग समाहरणालय पहुंचे। जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि इस मुठभेड़ में मारे गए तीनों नक्सली लंबे समय से झारखंड और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय थे और कई बड़ी नक्सली वारदातों के मास्टरमाइंड थे। सहदेव सोरेन नक्सली संगठन में केंद्रीय कमेटी का सदस्य था और 30 से अधिक मामलों में वांछित था। रघुनाथ हेंब्रम पर 58 से ज्यादा संगीन मामले दर्ज थे, जबकि बिरसेन गंझु पर 36 मामले दर्ज थे। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि लगातार 7 महीने से चल रहे ऑपरेशन चुनापथर का यह बड़ा परिणाम है। इस कार्रवाई से नक्सलियों का पूरा दस्ता कमजोर हो गया है। मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। डीजीपी ने कोबरा के जवानों समेत झारखण्ड पुलिस के जवानों का भी हौसला बढ़ाया।

प्रमुख घटनाएँ और नक्सलियों का अपराधिक इतिहास

सहदेव सोरेन और उसके दस्ते पर 2006 में बोका थाना (आराजीनगर) में हमला कर हथियार लूटने, 2008 में गुमला जिले में सीआरपीएफ पर हमले, 2014 में गुमला के विशुनपुर में आईईडी विस्फोट कर 2 जवानों की हत्या, 2018 में लातेहार में एसएसबी जवान की हत्या जैसी बड़ी घटनाओं में शामिल होने के आरोप थे। रघुनाथ हेंब्रम 1998 से सक्रिय था और उसने चुनाव ड्यूटी पर जा रहे बीएसएफ के जवानों की गाड़ी उड़ाने, कई पुलिस शिविरों पर हमले और दर्जनों जवानों की हत्या की घटनाओं में भाग लिया था।बिरसेन गंझु गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों में सक्रिय था और पुलिस-सीआरपीएफ पर कई हमलों का मास्टरमाइंड था।

मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं, जिसमें 03 एके-47 राइफल, 63 जिंदा कारतूस, 06 मैगजीन, मैगजीन पाउच, सोलर पैनल, वायरलेस सेट समेत माओवादी साहित्य और दवाइयाँ शामिल हैं। प्रेसवार्ता में झारखंड पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, आईजी एसटीएफ अनूप बिरथरे, आईजी ऑपरेशन एस. माइकल राज, आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार सिंह, हज़ारीबाग़ एसपी अंजनी अंजन, गिरिडीह एसपी विमल कुमार, कोबरा बटालियन कमांडेंट दीपक भाटी मौजूद थे।

संथाल परगना के संवेदक विनय कुमार उर्फ़ रामू दादा का निधन

पाकुड़/दुमका, झारखंडः- संथाल परगना दुमका के प्रसिद्ध संवेदक विनय कुमार उर्फ़ रामू दादा का लंबी बीमारी के बाद बीते 14 सितंबर को निधन हो गया। परिजनों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब थी और हैदराबाद के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया। विनय कुमार उर्फ़ रामू दादा ने अपने जीवन में दुमका, पाकुड़ सहित कई क्षेत्रों में विकास के कार्य कराए। वे अत्यंत श्रद्धालु, दयालु एवं गरीबों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने की कामना की।

पंचायत सचिवालय महुडंड में आदिवासी 'उदय' योजना के तहत लगाया गया शिविर

● उदय योजना के लाभ लेने के लिए पीवीटीजी के सैकड़ों परिवार के लोगों ने दिया आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हुसैनाबाद/पलामू/झारखंडः- पलामू जिला के उपायुक्त समीरा एस के निर्देशानुसार हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सचिवालय महुडंड के सभागार भवन में सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पीवीटीजी परिवार के सदस्यों को उन्नती दुरस्त आदिवासी (उदय योजना) का शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा एवं पंचायत के मुखिया मिना देवी ने संयुक्त रूप से कर रहे थे। विशेष रूप से आदिवासी उदय योजना के लाभ लेने के लिए पीवीटीजी परिवार के सैकड़ों सदस्यों ने शिविर में भाग लेकर अपनी-अपनी समस्याओं को दूर करने को लेकर लोगों ने शिविर में सैकड़ों आवेदन दिया। मौके पर आदिवासी उदय योजना शिविर में सम्बोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा ने कहा कि पीवीटीजी परिवार के सदस्यों को जिला प्रशासन द्वारा उन्नती दुरस्त आदिवासी योजना (उदय योजना) को शुभारंभ किया गया है। जिसके तहत सभी विभाग के स्टाल लगाए गए हैं ग्रामीणों की प्राप्त आवेदनों को शत् प्रतिशत योजनाओं से आच्छादित किये जाएंगे। उक्त शिविर में जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र,पीएम आवास योजना, आयुष्मान कार्ड,आदिम जनजाति पेंशन योजना,राशन कार्ड, आधार कार्ड,वोटर कार्ड,जाति/आवासीय/आचरण प्रमाण पत्र,लैंड होल्डिंग,वन पट्टा आदि को लेकर अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे। इस दौरान शिविर में पंचायत के मुखिया मिना देवी ने पीवीटीजी परिवार के सैकड़ों सदस्यों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। विदीत हो कि उक्त पंचायत में आदिवासी उदय योजना के तहत आगामी शिविर कार्यक्रम 19 सितम्बर को उत्क्रमित मध्य विद्यालय लपसेरा एवं 23 सितंबर को उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहबंधा में आयोजित किए जाएंगे।

मौके पर महुडंड में आयोजित आदिवासी उदय योजना के शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार,मुखिया मिना देवी, पंचायत समिति सदस्य रमेश पासवान, पंचायत सचिव परशुराम प्रसाद, राजस्व कर्मचारी प्रशांत सागर,ग्राम रोजगार सेवक सफीर आलम, पंचायत सहायक मसउद आलम, जितेन्द्र यादव, मुखिया पति सह युवा समाज सेवी शिवशंकर यादव,आंगनबाड़ी सेविका लीलावती देवी आदि सहित पीवीटीजी परिवार के सैकड़ों सदस्य लोग उपस्थित थे।

आजसू पार्टी देवघर जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

देवघर, झारखंडः- बीते सोमवार को आजसू पार्टी देवघर जिला कार्यसमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर वार्ड-18 स्थित जिला अध्यक्ष के आवासीय कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान मोहम्मद अल्ताफ अंसारी के नेतृत्व में मोहनपुर एवं देवीपुर प्रखंड से दर्जनों नए कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक की अध्यक्षता आजसू पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने की तथा संचालन जिला संगठन सचिव जितेंद्र कुमार चौधरी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि सह पर्यवेक्षक के रूप में जिला संयुक्त प्रभारी संजीव महतो एवं देवेंद्र महतो उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में गोड्डा लोकसभा प्रभारी एवं पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह संथाल परगना एवं कोल्हान के पूर्व आयुक्त ब्रजमोहन कुमार (पूर्व आईएएस) ने बैठक में शिरकत की। साथ ही केंद्रीय सचिव राजा साहनी एवं ध्रुव प्रसाद साह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक प्रखंड से 500 सक्रिय पदाधिकारी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। जिले के सभी 196 पंचायतों एवं 2662 गांवों में संगठन का विस्तार करते हुए ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुख नियुक्त करने की रणनीति बनाई गई। नए शामिल हुए युवाओं को दिशा-निर्देश देते हुए जिला प्रभारी संजीव कुमार महतो ने कहा कि आजसू पार्टी आंदोलन की उपज है। जैसे हमने झारखंड अलग राज्य के लिए संघर्ष किया, वैसे ही अब सामाजिक न्याय और विकास के लिए एक नए आंदोलन की आवश्यकता है। वहीं जिला प्रभारी देवेंद्र महतो ने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में महीने में दो बार बैठक अनिवार्य रूप से होनी चाहिए और संगठन को पंचायत स्तर तक विस्तारित करना हमारी प्राथमिकता है। आयोजित बैठक में अल्ताफ अंसारी, लोकनाथ केशरी, रवि कांत झा, अविनाश कुमार, डब्लू राउत, सुभाष कुमार, विराज सिंह, रिफाकत अंसारी, संतोष कुमार, अमजद अंसारी, नईम अंसारी, चंदन कुमार, दिलकश अंसारी, सुनील कुमार, मुहम्मद अर्सलान, खालिद अंसारी, सत्तर अंसारी, सलीम अंसारी, अतीक अंसारी, छोटू अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डीएम ने ली सड़क चौड़ीकरण से सम्बन्धित बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चित्रकूट ब्यूरोः पटेल तिराहा से देवांगना मार्ग में वृक्षों के कटान एवं पोल शिफ्टिंग के संबंध में सोमवार को कलेक्टरेट स्थित चैंबर में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि रोड़ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य बरसात खत्म होते ही शीघ्र प्रारंभ किया जाए। कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत यातायात की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी, जिससे आवागमन अधिक सुरक्षित एवं सुगम हो सकेगा। वृक्ष कटान के लिए सर्वे करने वाली टीम को जल्द से जल्द कटान खत्म करने के निर्देश दिए। वन निगम ने बताया कि मार्ग में 36 पेड़ शेष रह गए हैं, जिनका जल्द से जल्द कटान कर दिया जाएगा। अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि रोड चौड़ीकरण में आ रहे बिजली के पोल को भी शिफ्ट कराएं। कहा कि परियोजना क्षेत्र में स्थित कुछ वृक्षों को नियमानुसार काटने की अनुमति प्राप्त की गई है।

वृक्ष कटान के दौरान पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक एहतियात बरते जाएंगे। साथ ही वन विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक कटे हुए वृक्ष के बदले न्यूनतम नए पौधे निर्धारित स्थानों पर लगाए जाएंगे। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि जहां तक रोड चौड़ीकरण में गिट्टी पड़ गई है, उसकी ब्लैक कोट कराए। जिस पर अधिशासी अभियंता ने दीपावली से पहले कार्य पूरा करवाने की बात कही। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से निवेदन है कि कार्य के दौरान यातायात नियमों का पालन करें और सहयोग प्रदान करें।

विभाग पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है तथा परियोजना पूर्ण होने के बाद सड़क के किनारे हरित पट्टी विकसित की जाएगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, अधीक्षण अभियंता विद्युत आरके यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड अखिलेश कुमार सिंह, एसडीओ वन विभाग राजीव रंजन सिंह, एसडीओ बिजली विभाग, तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

जगदीशपुर में जितिया पर्व पर झुमर का हुआ आयोजन, मांदर की थाप पर थिरके अतिथि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः- चौपारण प्रखंड के जगदीशपुर में सोमवार को जितिया पर्व के अवसर परं झुमर नृत्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंडी संस्कृति की झलक देखने को मिली। बोकारो से आए अन्ना हजारे झुमर टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया और उन्हें झूमने पर मजबूर कर दिया। बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए बरही विधायक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विधायक और अन्य अतिथियों ने मांदर की थाप पर झुमर नृत्य में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विधायक ने कहा कि भारत की संस्कृति गांवों में बसती है, जिसका जीता जागता उदारहण है यह झुमर। गाँव की माटी, जीवन की शान, सादगी में बसता है यहाँ सम्मान। लोकगीत, मेले और त्योहार, भाईचारा इसका सच्चा आधार। ग्रामीण संस्कृति ही भारत की पहचान है। उन्होंने आगे कहा कि झुमर हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखे हुए है। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, उपाध्यक्ष महेंद्र रविदास, सचिव अशोक प्रजापति, कोषाध्यक्ष विजय यादव, उपकोषाध्यक्ष भीम तुरी, संरक्षक सह समिति सदस्य युगल ठाकुर, बैजनाथ ठाकुर, संचालन रामाधीन तुरी, विक्की प्रजापति सहित अन्य ने महती भूमिका निभाई। मौके पर प्रमुख पूर्णिमा देवी, प्रतिनिधि उदय राणा, स्थानीय मुखिया सुनीता देवी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, भाजपा नेता राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, बिराज रविदास, अनिल पांडेय, अशोक सिंह, जगदीश यादव, डॉ. बीके यादव, छोटू चंद्रवंशी, रामबिलास चंद्रवंशी, चंदन यादव, शिक्षक राजकुमार रविदास, विजय दास, उप मुखिया विरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश डिप्लोगा इंजीनियर्स महासंघ के पदाधिकारियों ने किया रक्तदान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चित्रकूट ब्यूरोः सिंचाई विभाग के डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ भवन में सोमवार को इंजीनियर्स-डे पर इं. विश्वेश्वरैया एवं इं. स्व आरके दत्ता की पुण्य तिथि धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान इंजीनियर्स ने विभाग के प्रांगण में हवन-पूजन करने के बाद पौधरोपण किया। इस बीच जिला चिकित्सालय में छह यूनिट रक्तदान भी किया गया। सुबह नौ बजे संघ भवन में संघ के पदाधिकारियों ने उपस्थिति होकर हवन में आहुतियां दीं। उप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के अध्यक्ष इं. चंद्रकांत गुप्ता, सचिव इं. निखिल सिंह, जेई लोनिवि रजनीकांत मौर्य, इं. अजीत सिंह, इं. प्रदीप कुमार, इं. मो असलम ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। महासंघ के सचिव निखिल सिंह ने कहा कि देश के प्रथम भारतीय इंजीनियर भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को इंजीनियरिंग संवर्ग इंजीनियर्स-डे के रूप में मनाता है। इसी दिन महासंघ के संस्थापक इंजीनियर आरके दत्ता की पुण्यतिथि होती है। बताया कि इं. स्व आरके दत्ता का स्वर्गवास खून की कमी के कारण हुआ था। इसलिए पूरे प्रदेश में रक्तदान कार्यक्रम होता है। उन्होंने ने रक्तदान के फायदों को गिनाया। इस बीच मरीजों को फल भी बांटे गए। सायंकाल में शंकर बाजार स्थित नेत्रहीनों के विकासार्थ सामाजिक संस्थान दृष्टि संस्थान में दृष्टिहीन बालिकाओं को भोज कराया गया। इस मौके पर सिंचाई विभाग के जिलाध्यक्ष इं. अभिषेक मिश्रा, सचिव इं. हिमांशू शुक्ल, इं. बसंतलाल, इं. अभिषेक मिश्रा, इं. अजय कुमार, इं. देवेंद्र शुक्ला, इं. जय प्रकाश, इं. राहुल सिंह, इं. रवि शर्मा, इं. मनोज कुमार, इं. विजय कुमार, इं. आशीष मौर्य, इं. सर्वजीत सिंह, इं. कुलदीप कुमार, इं. अवधेश कुमार, इं. विवेक कुमार यादव, इं. नवनीत पटेल, प्रभारी सीएमएस डॉ तनवीर अफरोह, रक्त केन्द्र प्रभारी डॉ ऋषि कुमार, परामर्शदाता शंकरदीन आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने टेट अनिवार्यता के निर्णय को वापस लेने के लिए सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चित्रकूट ब्यूरोः राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने सोमवार को देश के प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें शिक्षकों ने टीईटी (टेट) अनिवार्यता के निर्णय को वापस लिए जाने की मांग की गई। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि बीते एक सितम्बर को उच्चतम न्यायालय के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) संबंधी निर्णय से देशभर के लाखों शिक्षकों प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए है। बताया कि इस निर्णय के अनुसार सभी सेवारत शिक्षकों के लिए उनकी नियुक्ति की तिथि चाहे जो भी रही हो, उनके लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य कर दिया गया है। कहा कि इस निर्णय ने देशभर के लाखों शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और आजीविका को संकट में डाल दिया है। बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के तहत वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट दी गई थी तथा वर्ष 2010 के बाद नियुक्त शिक्षकों को एक निश्चित अवधि में टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया था। कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा लिए गए टीईटी अनिवार्यता के इस निर्णय में इस तथ्य को अनदेखा कर दिया है। इस निर्णय से देशभर में लगभग 20 लाख से अधिक शिक्षक गहन चिंता और असमंजस की स्थिति में हैं। मांग कि की न्यायालय का यह निर्णय 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर नहीं लागू होना चाहिए, वैध नियमों के अंतर्गत नियुक्त अनुभवी शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा एवं गरिमा सुनिश्चित की जाए तथा लाखों शिक्षकों को सेवा समाप्ति अथवा आजीविका संकट से बचाने के लिए आवश्यक नीतिगत अथवा विधायी कदम शीघ्र उठाए जाएँ। इस सम्बन्ध में महासंघ के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम को सौंपा।

राजेश कुमार बने विद्यार्थी परिषद नगर अध्यक्ष व शानू त्रिपाठी बने नगर मंत्री

पहाड़ी, चित्रकूटः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पहाड़ी नगर इकाई का गठन किया गया। जिसमें राजेश कुमार को नगर अध्यक्ष व शानू त्रिपाठी को नगर मंत्री बनाया गया। इसके साथ ही अन्य सदस्यों को भी चुना गया। प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय व चुनाव अधिकारी तेजप्रकाश चतुर्वेदी की उपस्थिति में हुए नगर इकाई गठन में संदीप यादव, राहुल राजपूत, रवि गुप्ता, मोहिनी त्रिपाठी को नगर सह मंत्री, महेश साहू को एसएफडी संयोजक, अजय यादव को सह संयोजक, वीरेंद्र यादव को एसएफएस संयोजक, राजू मौर्य को सह संयोजक, छोटा कुमार को राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, उमाशंकर को सह संयोजक, अनमोल पांडेय को खेलो भारत संयोजक, शिवम पांडेय को सह संयोजक, नफीस को शो.मी. संयोजक, चंद्रप्रकाश को सह संयोजक, लोशन, अजय यादव, कन्हैया तिवारी, अमित कुमार को नगर कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

डिजिटल लाइब्रेरी व अभ्युदय कोचिंग के नए सत्र का किया गया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पुस्तकालय में सोमवार को मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर के सत्र 2025-26 एवं डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने फीता काट कर एवं माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर का शुभारंभ कर विद्यार्थियों के लिए अच्छी शिक्षा ग्रहण करने की सुविधाओं को बढ़ावा दिया गया है। जिसमें विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन तैयारी करने के लिए टेबलेट स्थापित किए गए है। इसके साथ ही बुक इशू-रिटर्न मशीन एवं एलइडी डिस्पले भी लगाया गया है। इसके अलावा इंटरनेट की सुविधा भी दी जा रही है। विद्यार्थियों से कहा कि नई टेक्नोलॉजी के साथ नेशनल स्तर पर पढ़ाई करें। बताया कि यहां जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा भी शिक्षा दी जाएगी। फीडबैक अच्छा मिलने पर ऑनलाइन सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। लाइब्रेरी संचालक एवं कोचिंग संचालक से कहा कि उपलब्ध कराई गई नई सुविधाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी जाए ताकि विद्यार्थी उनका अच्छी तरह से इस्तेमाल कर तैयारी करें। उन्होंने कहा कि परिवार के लोग प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने वाले बच्चों का हौसला बढ़ाते रहें। मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर जनपद के गरीब बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। यहां विद्यार्थी अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अच्छी नौकरी पर जाएंगे। कहा कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर का संचालन किया जा रहा है। विद्यार्थियों से कहा कि वह अपना समय खराब न करते हुए परिश्रम करें और अपने माता-पिता व जनपद का नाम रोशन करें। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरु की गई यह योजना गरीब बच्चों के लिए लाभ दायक है। जो बाहर रहकर पढ़ाई नहीं कर पाते थे, वह अभ्युदय कोचिंग केन्द्र में अच्छी शिक्षा ग्रहण कर तैयारी कर सकते है और सरकारी नौकरियां प्राप्त कर सकते है। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि विद्यार्थी मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर एवं डिजिटल लाइब्रेरी की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर शिक्षा ग्रहण करें। कहा कि विद्यार्थी सोशल मीडिया पर समय बर्बाद न करें तथा अपनी आकांक्षाओं को पूरा करें। कहा कि पुस्तालय में किताबों की समस्याएं होने पर अवगत कराएं, तत्काल व्यवस्था कराई जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने कोरोना काल के समय की समस्याओं को देखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा मंडल स्तर पर कोचिंग सेंटर की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया था, जिसके बाद से प्रत्येक जनपद पर कोचिंग सेंटर की शुरुआत करके नीट, यूपीएससी, जेईई आदि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर विद्यार्थियों को शिक्षा दी जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने विद्यार्थियों को परिश्रम कर शिक्षा ग्रहण करने व सरकारी नौकरी प्राप्त करने की सलाह दी। संचालन जिला राजकीय पुस्तकालय के प्रभारी प्रदीप नारायण शुक्ल ने किया। इसके पूर्व जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने डिजिटल लाइब्रेरी के संचालन एवं अभ्युदय कोचिंग संचालन के लिए बनाए गए भवन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अखिलेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार, मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर के कोऑर्डिनेटर सीपी पांडेय, सहायक निलेश कुमार, सत्येंद्र मिश्रा, दिव्यांशु रिछारिया, सुनील कुमार, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

छात्रा प्राची शुक्ला के निधन पर सल्तनत बहादुर महाविद्यालय में शोकसभा

जौनपुर बदलापुर। सरोखनपुर निवासी और सल्तनत बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा प्राची शुक्ला के असामयिक निधन ने पूरे महाविद्यालय परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया। सोमवार को महाविद्यालय परिसर में आयोजित शोकसभा में छात्रा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सुनील प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्राची एक होनहार व सरल स्वभाव की छात्रा थी, जिसके जाने से न केवल महाविद्यालय को बल्कि शिक्षा जगत को भी अपूरणीय क्षति हुई है। कार्यक्रम में प्रो. धीरेन्द्र कुमार पटेल, डॉ. ओमप्रकाश दुबे, डॉ. कर्मचन्द यादव, डॉ. तिलक सिंह यादव, डॉ. रोहित सिंह, डॉ. अभिषेक गौरव, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. सौरभ सिंह परिहार एवं राजुल सिंह सहित समस्त प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएँ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। शोकसभा के अंत में दिवंगत छात्रा की स्मृति को नमन करते हुए कहा गया कि प्राची सदैव अपने साथियों और शिक्षकों की स्मृतियों में जीवित रहेंगी।

देश दुनिया मे जश्ने ईद मिलादुन्नबी की झलक पहुचाँने के लिए अरशद हुए सम्मानित

अंजुमन गुलमान-ए-अशरफ सजावट कमेटी ने किया सम्मान

खेतासराय (जौनपुर) । नगर में दो दिवसीय जश्ने ईद मिलादुन्नबी को अपने कैमरे में बेहतर ढंग से कैद कर देश दुनिया मे सोशल मीडिया के माध्यम से पहुचाने वाले पत्रकार मो. अरशद को प्रसिद्ध अंजुमन गुलमान-ए-अशरफ सजावट कमेटी की टीम ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि इस पूरे कार्यक्रम को चार-चांद लगाने में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से जश्ने ईद मिलादुन्नबी के आयोजन को देश दुनिया में पहुंचाने से आपसी सौहार्द और प्रेम का संदेश जाता है। इस कार्य मे मो. अरशद ने बड़ी भूमिका निभाई है, उनका सम्मान कमेटी के लिए गर्व की बात है । विदित होकि नगर को अंजुमन गुलमान-ए अशरफ़ के अलावा दो दर्ज़न कमेटी ने नगर को दुल्हन की तरह सजाया था । इस मौके पर अबदाल अहमद अशरफी, तबरेज़ असरफ, अशोक यादव, अरमान, राहिल अंसारी, समेत अन्य लोग रहे ।

ओबरा में जितिया पर्व की धूम, माताओं ने रखा निर्जल व्रत

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े नगर पंचायत ओबरा में इस साल भी जितिया पर्व बेहद भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस प्राचीन और महत्वपूर्ण पर्व पर माताओं ने अपनी संतानों की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए निर्जल (बिना पानी के) व्रत रखा। पूरे ओबरा में पर्व को लेकर एक भव्य और आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला। मंदिरों और घरों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी, जो पूजा-अर्चना और विशेष अनुष्ठानों में लीन थीं। रात भर चले इस व्रत में, महिलाओं ने पारंपरिक लोक गीत सोहर गाकर और आरती करके भगवान का आह्वान किया। यह कठिन उपवास माताओं द्वारा अपने बच्चों के कल्याण के लिए किया जाता है, जिसमें वे अन्न और जल दोनों का त्याग करती हैं। व्रत के बावजूद, उनके चेहरों पर बच्चों के प्रति असीम स्नेह और विश्वास की चमक साफ दिखाई दे रही थी। स्थानीय निवासी पुष्पा दुबे ने बताया, यह हमारी परंपरा और सनातन धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। हम अपने बच्चों और परिवार के लिए यह व्रत करते हैं। उन्होंने सभी व्रतधारियों को शुभकामनाएं और बधाई भी दी।जितिया पर्व ने एक बार फिर साबित किया कि यह सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह परिवार और समाज में एकता, प्रेम और समर्पण को भी बढ़ावा देता है।

जमीन विवाद में वृद्ध पुत्र की पिटाई से मौत, शव ठिकाने लगाने से पहले पुलिस ने पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जौनपुर सुरेरी। पारिवारिक जमीन के बंटवारे को लेकर उपजा विवाद रविवार की देर रात एक दिल दहला देने वाली वारदात में बदल गया। सुरेरी थाना क्षेत्र के राईपुर गांव में मारपीट के दौरान एक वृद्ध पुत्र की मौत हो गई। मौत के बाद परिजन शव को गुपचुप तरीके से ठिकाने लगाने ले जा रहे थे, लेकिन पुलिस की सक्रियता से मामला खुल गया।

विवाद से मारपीट तक पहुँची घटना

राईपुर गांव निवासी गजराज पाल, परिवार में सबसे बड़े बेटे थे। कई वर्ष पूर्व उन्हें पिता धनजीत पाल और भाइयों प्रेम पाल व हंसराज पाल से अलग कर दिया गया था। तभी से जमीन बंटवारे को लेकर परिवार में तनाव बना रहता था। रविवार रात इसी विवाद पर गजराज का फिर झगड़ा हुआ, जो

देखते-देखते मारपीट में बदल गया। गजराज की पत्नी अनीता देवी का आरोप है कि पिता और भाई ने लाठी-डंडों से गजराज पर हमला किया। पिटाई के दौरान उनके पति को सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घर पर कोई अन्य मौजूद न होने से इलाज में देरी हुई और अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

ठिकाने लगाने की तैयारी, पुलिस ने रोका

गजराज की मौत के बाद परिवार के लोग शव को चुपचाप हटाने की कोशिश करने लगे। आरोप है कि आनन-फानन में शव को मैजिक वाहन से कहीं ले जाया जा रहा था। इस बीच किसी ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दे दी। सुरेरी पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नईबाजार बॉर्डर के पास वाहन रोक लिया। चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन शव को कब्जे में लेकर पुलिस थाने ले आई और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस की पुष्टि

थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि शुरुआत में परिजनों ने हार्ट अटैक से मौत की बात कही थी, लेकिन मौके पर पहुँची पुलिस को मारपीट के सबूत मिले। अभी तक किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

घरेलू कलह से क्षुब्ध विवाहिता ने लगाई फांसी, गांव में मातम

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सरायकाशी गांव में घरेलू कलह से क्षुब्ध एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी 25 वर्षीय रुची मिश्रा पिछले कुछ दिनों से अपने मायके में रह रही थी। बीती रात किसी बात को लेकर उसने घर में पंखे के सहारे फांसी लगा ली। सुबह जब परिजनों ने देखा तो घर में चीख-पुकार मच गई।घटना के समय पिता कुंज बिहारी मिश्रा धार्मिक कार्य से बिहार के गया जिले गए हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही वे गहरे शोक में डूब गए। घर पर उस समय केवल बहू मौजूद थी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का विवाह करीब दो वर्ष पूर्व प्रतापगढ़ जनपद में हुआ था। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक के.के. सिंह ने घटना की पुष्टि की है।

भीषण हादसा- डबल डेकर टूरिस्ट बस ट्रक से टकराई, चार श्रद्धालुओं की मौत, नौ गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जौनपुर। लाईन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास सोमवार तड़के श्रद्धालुओं से भरी डबल डेकर टूरिस्ट बस ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर ही चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बस छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या दर्शन के लिए आई थी। दर्शन के बाद सभी यात्री वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर जा रहे थे। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। सीहीपुर के पास बस चालक ने ट्रेलर को ओवरटेक करने की कोशिश की, इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराया। मृतकों में आशा भवल, गुलाब, बस चालक दीपक और एक अज्ञात यात्री शामिल हैं। हादसे में नौ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि कई यात्रियों को हल्की चोटें आई

हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर और सिटी मजिस्ट्रेट मौके पर पहुँचे और राहत-बचाव कार्य का जायज़ा लिया। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और चिकित्सकों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। उन्होंने परिजनों को हर संभव सहायता व त्वरित चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

गरीबों पर भारी निजी डॉक्टरों की मोटी फीस, स्वास्थ्य विभाग बना मूकदर्शक

● 500-800 रुपये की फीस ने दो वक्त की रोटी कमाने वालों का जीना किया दुश्वार, सरकारी अस्पतालों की बदहाली ने बढ़ाई जनता की मजबूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

तामीर हसन शीबू

जौनपुर। जिले में प्राइवेट डॉक्टरों की मनमानी फीस गरीबों की जेब पर भारी पड़ रही है। सरकारी अस्पतालों में इलाज ढंग से न मिलने और दवाएं बाहर से लिखे जाने के कारण आम जनता की मजबूरी बढ़ जाती है और वह प्राइवेट क्लीनिकों का रुख करती है। लेकिन यहां फीस इतनी अधिक है कि मरीज इलाज से पहले ही परेशान हो जाते हैं। जानकारी के अनुसार जिले में प्राइवेट चिकित्सक सामान्य चेकअप के लिए ही 500 से 800 रुपये तक फीस वसूल रहे हैं। इमरजेंसी की स्थिति में यह रकम और बढ़



जाती है। वहीं दवाइयों का खर्च अलग से उठाना पड़ता है, जिस पर मोटा कमीशन जुड़ा होने की शिकायतें भी सामने आई हैं। कोरोना महामारी के बाद से बेरोजगारी की मार झेल रही गरीब जनता, जिनकी रोज़ की आय महज 200-300 रुपये तक है, ऐसे हालात में डॉक्टरों की मोटी फीस वहन करने में असमर्थ है। रिक्शा चलाकर, बीड़ी बनाकर या दिहाड़ी मजदूरी कर पेट पालने वाले परिवारों के लिए यह स्थिति दोहरी मार साबित हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों का हाल बदहाल है। नाम भर के लिए चल रहे इन अस्पतालों में न तो गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल रहा है और न ही दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ऐसे में मजबूरी में मरीज निजी डॉक्टरों के पास जाते हैं, जहां फीस और दवाइयों का बोझ उन्हें कर्ज और कंगाली की ओर धकेल रहा है। मरीजों का आरोप है कि निजी डॉक्टर नकद भुगतान ही प्राथमिकता देते हैं, जिससे उनकी वास्तविक आय का हिसाब-किताब सरकार और स्वास्थ्य विभाग तक नहीं पहुंच पाता। जानकारों का कहना है कि यदि भुगतान की व्यवस्था ऑनलाइन कर दी जाए तो इन डॉक्टरों की वास्तविक कमाई पर नियंत्रण रखना संभव होगा। सवाल यह है कि स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन इस गंभीर समस्या पर आंखें क्यों मूंदे हुए हैं। विभागीय छापेमारी की कार्रवाई भले कभी-कभी होती हो, लेकिन उसके बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में चला जाता है। स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से अपेक्षा जताई है कि वे इस मुद्दे पर संज्ञान लें और सीएमओ को सख्त कार्रवाई के निर्देश दें। साथ ही प्राइवेट डॉक्टरों की फीस पर नियंत्रण और गरीब जनता को राहत दिलाने की ठोस पहल करें।

यादव महासभा ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान, 150 प्रतिभाओं को मिला मंच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जौनपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वावधान में पंचहटिया स्थित अवध पैरामेडिकल कॉलेज में रविवार को भव्य "मेधावी छात्र सम्मान समारोह" आयोजित किया गया। समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 150 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा श्रीकृष्ण एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद आकांक्षा यादव एवं वर्तिका यादव ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वर्तिका यादव ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि महेंद्र प्रताप यादव (पूर्व PCS अधिकारी) ने अपने उद्बोधन में कहा कि "लगातार अभ्यास से ही सफलता प्राप्त होती है। बिना तैयारी की जीत सिर्फ कहानियों में संभव है, असल जिंदगी में

मेहनत और अभ्यास ही जीत की गारंटी है।" विशिष्ट अतिथि डॉ. राम अवध यादव (पूर्व CMO) ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की आदत विकसित करने पर जोर देते हुए कहा कि अभ्यास ही गलतियों को दूर कर आत्मविश्वास बढ़ाता है। जिला प्रभारी एवं विशिष्ट अतिथि मदन सिंह यादव (पूर्व MLC प्रत्याशी) ने कहा कि "किताबी ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान भी उतना ही आवश्यक है। विद्यार्थियों को शॉर्टकट की बजाय गहराई से पढ़ाई करनी चाहिए।"

समारोह में हाईस्कूल के 90 तथा इंटरमीडिएट के 60 मेधावी छात्रों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को तेंदुआ हमले से बचाने वाले गदा जोड़ी संगठन के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पहलवान नीरज यादव तथा फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. विशाल यादव को उनकी वीरता एवं सेवाभाव के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शकुंतला यादव व संदीप यादव ने किया तथा संचालन लालजी यादव एवं मायाकांत यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर संरक्षक जियाराम यादव, छोटे लाल यादव, माया शंकर यादव, जनार्दन यादव, विजय यादव, डॉ. समर बहादुर यादव, तेज बहादुर यादव, त्रिभुवन यादव, राम सिंगर यादव, श्यामजीत यादव, यादवेंद्र यादव, दिनेश यादव, रंगबहादुर यादव, कविराज यादव, रामाशंकर यादव, एडवोकेट उमा प्रसाद यादव समेत बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।

सोनभद्र में वन अधिकार पट्टे की खतौनी के लिए रिश्वत का आरोप, जनजाति समुदाय में रोष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र- उत्तर प्रदेश सोनभद्र के जुगैल गांव में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत जनजाति समुदाय के लोगों को दिए गए पट्टों की कंप्यूटरीकृत खतौनी अभी तक नहीं मिली है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। पट्टाधारकों ने क्षेत्रीय लेखपाल धर्मेंद्र यादव पर खतौनी देने के एवज में 4,000 से 8,000 रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। जुगैल गांव के टोला चहला के मूल निवासी जनजाति समुदाय के लोगों ने जिलाधिकारी सोनभद्र को 8 सितंबर, 2025 को एक शिकायती पत्र सौंपा है। इस पत्र के अनुसार, ग्राम पंचायत जुगैल में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत लगभग 900 पट्टे स्वीकृत किए गए हैं। इन पट्टों की कंप्यूटरीकृत खतौनी अभी तक पट्टाधारकों को नहीं मिली है।पट्टाधारकों

का आरोप है कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी तहसीलों और गांवों में कैंप लगाकर निःशुल्क कंप्यूटरीकृत खतौनी वितरित करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया है। लोगों का कहना है कि क्षेत्रीय लेखपाल धर्मेंद्र यादव इस काम के लिए उनसे 4,000 से 8,000 रुपये की मांग कर रहे हैं, जो कि एक कानूनी अपराध और भ्रष्टाचार है। जनजाति समुदाय के लोगों ने इस स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि इस भ्रष्टाचार के कारण वे काफी परेशान हैं और राजस्व कर्मियों के प्रति उनका गुस्सा बढ़ रहा है।शिकायती पत्र में पट्टाधारकों ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि वे इस मामले की तत्काल जांच कराएं और आरोपी लेखपाल धर्मेंद्र यादव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं की गई, तो वे धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने साफ कर दिया है कि ऐसी किसी भी स्थिति की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। यह मामला सरकारी निर्देशों की अनदेखी और भ्रष्टाचार का एक गंभीर उदाहरण है, जिससे स्थानीय जनजाति समुदाय के अधिकारों और उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है।

पूजा समिति के मतभेद सुलझाने में आगे आई पुलिस, महासमिति की निष्क्रियता पर प्रशचिन्ह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जौनपुर/जफराबाद। स्थानीय कस्बे के दरीबा मोहल्ले में इस वर्ष दुर्गा प्रतिमा स्थापना को लेकर दो समूहों के बीच विवाद खड़ा हो गया। स्थिति बिगड़ने की आशंका पर पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए दोनों पक्षों को थाने बुलाया और वार्ता कराकर मामले का समाधान कराया जानकारी के अनुसार श्री शिव शक्ति चौरा माता दुर्गा पूजा समिति का पंजीकरण वर्ष 2011 में श्री दुर्गा पूजा महासमिति जौनपुर से हुआ था। तभी से समिति की गतिविधियाँ संचालित होती रही हैं। इस वर्ष समिति के अध्यक्ष पद को लेकर असहमति सामने आई, जिसके चलते प्रतिमा स्थापना पर मतभेद उत्पन्न हो गया। थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने दोनों पक्षों को वार्ता के लिए बुलाकर आपसी सहमति से विवाद का समाधान कराया और प्रतिमा स्थापना की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।

इस प्रकरण के बाद नगर में चर्चाएँ तेज हो गई। कई लोगों का कहना है कि ऐसे विवादों में प्राथमिक जिम्मेदारी महासमिति की होती है, क्योंकि पूजा समितियों को मान्यता उसी संस्था से प्राप्त है। इसके बावजूद पुलिस को मध्यस्थता करनी पड़ी, जिससे लोगों के बीच महासमिति की सक्रियता और भूमिका को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि भविष्य में भी इस प्रकार के विवाद केवल प्रशासनिक हस्तक्षेप से निपटाए जाते हैं, तो महासमिति की भूमिका औपचारिक रह जाएगी। वहीं, दूसरी ओर कुछ लोगों का कहना है कि समिति को और अधिक सक्रिय होकर ऐसी परिस्थितियों से निपटने की आवश्यकता है। अब देखना यह होगा कि आने वाले समय में महासमिति इस तरह की स्थितियों से निपटने के लिए किस प्रकार की पहल करती है।

सहकारी समितियों की सदस्यता अभियान को मिली शानदार शुरुआत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र- जनपद सोनभद्र में सहकारी समितियों का सदस्यता महाअभियान शुक्रवार, 12 सितंबर को शुरू हो गया है, जिसे पहले ही दिन से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों और आम लोगों को सहकारी समितियों से जोड़ना है, ताकि वे सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठा सकें। सोमवार को बटबंतरा, गयारतवल, ओईनी मिश्र, रामगढ़, दुद्धी, शिवपुर, कोरियाँव, खलियारी, शाहगंज और मुसहाँ जैसे कई बीपैक्स (बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति) में सैकड़ों नए सदस्य बनाए गए। इस अभियान के दौरान विभिन्न बीपैक्स पर मौजूद अधिकारियों ने लोगों को

समझाया कि सहकारी समिति का सदस्य बनने पर उन्हें कई लाभ मिलेंगे। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नए बने सदस्यों को यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरक प्राथमिकता के आधार पर दिए जाएंगे। इससे किसानों को खाद की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।अधिकारियों ने यह भी बताया कि सदस्य बनने के बाद वे समितियों के चुनावों में भी भाग ले सकेंगे, जिससे वे अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकेंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए एडीसीओ सदर अवधेश सिंह, एडीसीओ घोरावल डॉ. सुरेश, एडीसीओ दुद्धी अजय कुमार, एडीओ म्योरपुर संतेश राय, एडीओ दुद्धी मनोज कुमार और एडीओ रॉबर्ट्सगंज अखिलेश कुमार सहित कई अधिकारी सक्रिय रहे। उन्होंने गैर-सदस्यों को सदस्यता लेने के लिए प्रेरित किया।इनके साथ महेंद्र पटेल, प्रदीप सिंह, अमित गौतम, संतोष पटेल, आजाद हिन्द, शिवपूजन, सौरभ सिंह, अंतिमा भारती, वकालत हुसैन जैसे कई सचिव भी दिनभर इस कार्य में लगे रहे।सहायक आयुक्त देवेंद्र कुमार सिंह ने विश्वास जताया कि जिस तरह इस अभियान की शुरुआत हुई है, उससे यह निश्चित है कि वे निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक सदस्यों को जोड़ने में सफल होंगे।

ओबरा थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह का तबादला, भावुक हुई जनता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र- जिले में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस फेरबदल के तहत कई इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं, जिसमें ओबरा और चोपन के थानेदार भी शामिल हैं। ओबरा थाने के लोकप्रिय प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह को उनके पद से हटाकर अपराध शाखा भेजा गया है। उनके इस तबादले से ओबरा की जनता और पुलिसकर्मी भावुक नजर आए। विदाई समारोह में उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गया, जहां वे नेताओं की तरह जनता का अभिनंदन करते दिखे। राजेश कुमार

सिंह की विदाई के मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शिवनाथ जायसवाल ने उनकी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि राजेश सिंह एक तेज-तर्रार और ईमानदार अधिकारी थे, जिनके जैसा अधिकारी मिलना मुश्किल है। वहीं, मंडल उपाध्यक्ष विकास सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि राजेश सिंह के जाने से ओबरा में कुछ समय के लिए मातम छा जाएगा। राजेश कुमार सिंह की जगह अब चोपन थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया ओबरा थाने की जिम्मेदारी संभालेंगे। बीजेपी पदाधिकारियों और स्थानीय जनता ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। पुलिस विभाग में तबादला एक आम प्रक्रिया है, लेकिन राजेश कुमार सिंह का विदाई समारोह इस बात का प्रमाण है कि एक पुलिस अधिकारी अपने अच्छे काम और व्यवहार से जनता के दिल में खास जगह बना सकता है। विदाई के दौरान उनके साथी पुलिसकर्मी और आम लोग भावुक होकर उनसे गले मिले। इस मौके पर महामंत्री सरिता सिंह, उमेश शुक्ला, अरविंद सोनी और समीर मलिक समेत कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

कोन में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए चला हस्ताक्षर अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र- जिले के कोन क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। सोमवार को रामगढ़ कोन के सरकारी अस्पताल में राष्ट्रीय नव निर्माण सेना ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु और पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुण कन्नौजिया के नेतृत्व में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।इस अभियान का उद्देश्य कोन के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने, एक महिला डॉक्टर की नियुक्ति, एक्स-रे मशीन और सभी तरह की जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस पहल में सैकड़ों लोगों ने अपना नाम और मोबाइल नंबर देकर अपना समर्थन दिया। अभियान का नेतृत्व कर रहे आनन्द पटेल दयालु ने जोर देकर कहा कि जिस तरह पहले जनता के समर्थन से तेलगुड़वा से लेकर कोन तक

की सड़क का निर्माण कराया गया था, उसी तरह अब इस हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से कोन के अस्पताल की स्थिति में सुधार लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य आम आदमी को न्याय दिलाना है।श्री दयालु ने बताया कि इस क्षेत्र की लगभग 2 लाख की आबादी आज भी डॉक्टरों और दवाइयों की कमी से जूझ रही है। अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर नहीं हैं और कोई महिला डॉक्टर भी नहीं है, जिससे महिला मरीजों को काफी परेशानी होती है। गंभीर बीमारी की स्थिति में मरीजों को इलाज के लिए 70 किलोमीटर दूर रॉबर्ट्सगंज जाना पड़ता है। उन्होंने दृढ़ता से कहा,डॉक्टर और दवा हर आम आदमी का अधिकार है, और हम इसे दिलाकर ही दम लेंगे। आनन्द पटेल दयालु ने आगे कहा कि आम जनता को राहत दिलाने के लिए उनका संघर्ष हमेशा जारी रहेगा। उन्होंने 10 महीने में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने का संकल्प लिया है। इस अभियान में मुख्य रूप से जनाब महताब आलम (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), विकास कुमार गौड़ (प्रदेश सचिव), जनाब शिब्बू शेख (जिलाध्यक्ष) और संतोष कन्नौजिया (पूर्व जिलाध्यक्ष) सहित कई लोग मौजूद थे।यह हस्ताक्षर अभियान दिखाता है कि क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से कितने परेशान हैं और वे इस समस्या का समाधान चाहते हैं। इस पहल से उम्मीद की जा सकती है कि जल्द ही कोन के सरकारी अस्पताल की हालत में सुधार होगा और आम जनता को बेहतर इलाज मिल पाएगा।

मजदूरों का बकाया वेतन न मिलने पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र, उत्तर प्रदेश- ओबरा में मेसर्स श्री गुरु कृपा कंस्ट्रक्शन कंपनी के मजदूरों ने पिछले चार महीनों से वेतन न मिलने पर विरोध प्रदर्शन किया है। मजदूरों का आरोप है कि कंपनी के मालिक उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं और उन्हें भुगतान करने के बजाय धमकी दे रहे हैं।भारतीय संविदा श्रमिक संगठन के बैनर तले मजदूरों ने एक लिखित शिकायत में बताया कि उन्हें जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर 2025 का वेतन नहीं मिला है। जब उन्होंने इस संबंध में कंपनी के मालिक से बात की, तो

उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि डूम कंपनी से भुगतान मिलने के बाद ही उनका वेतन दिया जाएगा। मजदूरों ने शिकायत में यह भी कहा है कि मालिक ने उन्हें धमकी दी है कि अगर वे अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर गए, तो उन्हें उस अवधि का भुगतान नहीं किया जाएगा। इस व्यवहार से नाराज मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि 20 सितंबर, 2025 तक उनका बकाया वेतन नहीं दिया गया, तो वे ओबरा-सी परियोजना के गेट पर बड़ा आंदोलन करेंगे।मजदूरों ने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण उन्हें और उनके परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप करने और उनका बकाया भुगतान सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं और उन्हें आंदोलन करना पड़ा, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

संक्षिप्त खबरें

एटीएम बदलकर रुपए निकालने वाले दो गिरफ्तार, चकेरी पुलिस ने की गिरफ्तारी

कानपुर । प्रभारी निरीक्षक चकेरी के कुशल नेतृत्व में थाना चकेरी पुलिस ने वादी के एटीएम को बदल कर वादी के खाते से 33400 रुपए निकालने वाले दो अभियुक्तों को रुपए समेत गिरफ्तार कर लिया है। चकेरी पुलिस के अनुसार वादी ने चकेरी थाने पर तहरीरी सूचना दी थी कि किन्हीं अज्ञात लोगों ने उनके एटीएम कार्ड को बदल कर उनके खाते से चार बार में 33400 रुपए निकाल लिए हैं। जिसमें थाना चकेरी पुलिस टीम द्वारा त्वारित कार्यवाही करते हुए हर घर लगे कैमरे की सहायता प्रकाश में आये अभियुक्तों अंसार अहमद पुत्र हरीर अहमद निवासी पूरे हुडहा थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 24 वर्ष, मो0 वसीम पुत्र मो0 वहीद निवासी ग्राम सराय मखई थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 42 वर्ष को आज दिनांक 15.09.2025 को समय 01:45 बजे मुखबिर की सूचना पर शताब्दी उद्यान के पास कानपुर नगर से मय 30,000/- रूपये नगद, 02 अदद मोबाइल फोन व एक अदद एटीएम कार्ड व एक अदद कार हुण्डई कम्पनी के साथ गिरफ्तार किया गया है।

कल्याणपुर के इंदिरा नगर बाजार में में हटाया गया अवैध अतिक्रमण, पक्षपात का लगा आरोप

कानपुर। कानपुर में एक बार फिर से नगर निगम का चला बुलडोजर, अवैध अतिक्रमण किए गए ध्वस्त। लोग हाथ जोड़ते रहे लेकिन नगर निगम अधिकारियों ने किसी की नहीं सुनी। खबर है कि इस अतिक्रमण हटाओ अभियान से कई दुकानदारों का काफी नुकसान हुआ है और वह कुछ भी नहीं कर सके। दरअसल कानपुर में अवैध अतिक्रमण कारियों को पहले ही वार्निंग दी जा चुकी है कि वह अपना अतिक्रमण स्वयं हटाले नहीं फिर किसी की भी बात नहीं सुनी जाएगी। वहीं दुकानदारों का आरोप है कि छोटे दुकानदारों का अतिक्रमण तोड़ा गया है क्षेत्र में अवैध तरीके से हॉस्पिटल संचालक फुटपाथ तक कर रहे हैं अतिक्रमण उन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई और न ही किसी भी नेता समाजसेवी ने विरोध किया। छोटे दुकानदारों ने अतिक्रमण अभियान में अधिकारियों पर पक्षपात का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बड़े-बड़े लोग अतिक्रमण किए हुए हैं लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई जो कि गलत है। उन्होंने कहा कि हर नियम कानून में छोटा व्यक्ति ही फंसता है।

टूटी नाली बनवाने की मांग

सिद्धार्थनगर। उसका बाजार कस्बा के अंबेडकर नगर वार्ड में स्थित हनुमान मंदिर के सामने नाली टूट गई है। टूटी नाली से जल निकासी की समस्या हो रही है और राहगीरों में दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। वार्ड के नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से टूटी नाली को बनवाने की मांग की है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल ने कहा है की जल्द ही नाली का मरम्मत कराया जायेगा जिससे नागरिकों की समस्या दूर हो सके ।

जुखाम बुखार से लोग पीड़ित

सिद्धार्थनगर। जिले के उसका बाजार क्षेत्र में इन दिनों गर्मी और बरसात से लोग बीमारी की चपेट में आ रहे है । अस्पताल और मेडिकल की दुकानों पर सर्दी,जुकाम , बुखार के ज्यादा मरीज दवा लेने पहुंच रहे है। कस्बा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉ बृजेश चंद्रा ने बताया कि मौसम परिवर्तन से लोग सर्दी बुखार से पीड़ित हो रहे है। सावधानी बरत कर इससे बचाव किया जा सकता है। दिन में धूप और बदली हो रही हैं । इससे लोग बीमारी की चपेट में आ रहे है। बचाव के लिए ठंड और गर्म से बच्चे , गुनगुना पानी पिए , काली मिर्च, तुलसी पत्ता, सोठ , लवांग का काढ़ा पीएं । इससे आराम मिलेगा। ज्यादा परेशानी होने पर नजदीकी अस्पताल पर जाकर डाक्टर की सलाह से इलाज करें।

फर्जी जज बनकर मेट्रीमोनियल साइट्स पर पीड़िता का विश्वास जीत 59 लाख हड़पने वाले दंपति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ की एक आफिसर को बनाया शिकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। थाना कर्नलगंज कानपुर नगर पुलिस व सर्विलांस सेन्ट्रल जोन की संयुक्त टीम द्वारा ठगी किये गये 42 लाख 50 हजार रुपए व घटना में प्रयुक्त कार बरामद कर दो नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि एक पीड़िता हैं जो किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ में आफीसर हैं जिन्होंने मेट्रीमोनियल साइट्स पर अभियुक्त से पहचान की और वो अभियुक्त से चैट करने लगीं। पुलिस ने अभियुक्तों विष्णुशंकर गुप्ता पुत्र स्व0 बुद्ध लाल गुप्ता मूलपता 2/379 नवावगंज थाना नवावगंज कानपुर, व आयुषी गुप्ता पत्नी विष्णुशंकर गुप्ता मूलपता 2/379 नवावगंज थाना नवावगंज कानपुर नगर 33 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से धोखाधडी की गये 42 लाख 50 हजार रुपए व घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा मेट्रीमोनियल साइट पर अपने आपको जज दिखाते हुए फर्जी आईडी बनाकर पीड़िता से संपर्क किया गया। लगभग दो महीने तक शादी के झांसे में लेकर पीड़िता से वार्ता की गयी तत्पश्चात पीड़िता का भरोसा जीत कर शादी में एक करोड की लग्जरी कार लेने के बहाने पीड़िता पर उपलब्ध 15 लाख रुपए व पीड़िता के नाम से लगभग 45 लाख रुपए का पर्सनल लोन करा कर सारे पैसे को खाते से निकालकर नगदी के साथ दिनांक 7.09.2025 को पीड़िता को कानपुर बुलाया। अभियुक्त अपनी पत्नी को साथ लेकर अर्टिगा कार से उन्नाव से कानपुर आया रास्ते में कार को रोककर बड़ी चालाकी से अभियुक्त व उसकी पत्नी द्वारा कार में लगी हुई नम्बर प्लेट को बदला व कार पर लगे राजनैतिक पार्टी के झंडे व एडवोकेट का स्टीकर हटा दिया गया जिससे कि गाडी की पहचान छुपाई जा सके। तत्पश्चात अपनी पत्नी को रास्ते को रास्ते में उतारकर पीड़िता द्वारा एक बैग में लाये गये 59 लाख 50 हजार रुपए के साथ पीड़िता को फर्जी नम्बर प्लेट लगी कार में बिठा कर मूवी देखने के बहाने एक सिनेमा घर में ले गया जहां से बहाना बना कर पीड़िता को सिनेमा घर मे छोड़कर नगदी लेकर कार सहित भाग गया। सर्विलांस व थाना कर्नलगंज की संयुक्त टीम द्वारा दिन रात अथक परिश्रम करते हुए लगातार 05 दिन तक बिना सोये लगभग 380 त्रिनेत्र कैमरों की फुटेज कॉल डिटेल्स व अन्य तकनीकी सबूतों का बारीकी से विश्लेषण किया। इस कठिन मेहनत और रणनीती से पुलिस टीम को सफलता मिली और शातिर ठग दम्पति को गिरफ्तार किया ।

रिमझिम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, गर्मी से राहत

सिद्धार्थनगर। जिले में रविवार रात में अचानक हुई रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। सोमवार की सुबह भी बारिश हुई। कई दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को इस बारिश ने बड़ी राहत दी। रविवार की देरशाम हल्की बारिश का दौर शुरू हुआ जो कुछ देर तक रुक-रुककर जारी रहा। रात 10 बजे के। बाद रुक रुक कर पूरी रात बरसात हुई। इससे तापमान में गिरावट आई और गर्मी से बेहाल लोग सुकून महसूस करने लगे। गर्मी और उमस से जूझ रहे आमजन ने राहत की सांस ली। वहीं किसानों के चेहरों पर भी संतोष नजर आया। उनका कहना है कि यह बरसात खेतों में नमी बनाए रखने में सहायक होगी और फसलों को लाभ मिलेगा। हालांकि, शहर के कुछ निचले इलाकों में हल्की जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली, जिससे लोगों को थोड़ी असुविधा उठानी पड़ी। इसके बावजूद लोगों के चेहरे पर खुशियां साफ झलक रही थी।

अभी तक स्पष्ट नहीं कानपुर के सपा विधायक के हॉस्टल में छात्रा द्वारा आत्महत्या की वजह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। इस महानगर में युवाओं द्वारा आत्महत्या की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं ,जिसके क्रम में समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई के काका देव थाना क्षेत्र में बने गर्ल्स हॉस्पिटल में एक छात्रा ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जहां तक इस घटना की सही वजह का सवाल है। इस बारे में अभी तक वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। वहीं कुछ अन्य सूत्रों ने घटना के प्रेम प्रसंग से भी जुड़े होने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच जारी है। घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज के गांव रजीपुर निवासी अरधेंदु कुमार धर की 18 साल की बेटी पलक धर एक वर्ष पहले काकादेव के रानीगंज स्थित एवी गर्ल्स हॉस्टल आई थी। वह सीएसजेएमयू में रेडियोलॉजिस्ट प्रथम वर्ष की छात्रा थी। इस घटना की जानकारी तब हुई जब उसकी सहेली रूम पार्टनर आराध्या मिश्रा ने अंदर से बंद कमरे को कई बार खटखटाया और नहीं खुलने पर उसकी जानकारी वार्डन को दी ,जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर शव को बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने दरवाजा तोड़ा तो पंखे से दुपट्टे के सहारे पलक का शव लटक रहा था। पूछताछ में पता चला है कि छात्रा को अवसाद और एंजाइटी की समस्या थी। जबकि हॉस्टल से जुड़े कुछ अन्य सूत्रों के मुताबिक मामला प्रेम प्रसंग से भी जुदा हो सकता है। पुलिस के मुताबिक लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर घटना की छानबीन की जा रही है।

सलिल विश्नोई ने 15 सितम्बर को संघर्ष दिवस के रूप में मनाया

कानपुर। सलिल विश्नोई के नेतृत्व में बड़ा चौराहा शिवाला गेट के पास स्थित हनुमान मन्दिर में चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। 21 वर्ष पूर्व सपा सरकार में बिजली कटौती के विरोध प्रदर्शन में विधायक सलिल विश्नोई के ऊपर हुए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में मनाये जाने वाले संघर्ष दिवस के अवसर पर आज सायं 6 बजे बड़ा चौराहा शिवाला गेट के पास (कोतवाली के पीछे) स्थित प्राचीन हनुमान मन्दिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं, क्षेत्रीय नागरिकों तथा दूकान दारों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। कार्यक्रम में सलिल विश्नोई सहित पार्षद यशपाल सिंह, अमित गुप्ता, आदर्श गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, नवाब सिंह, मण्डल अध्यक्ष दीपक शुक्ला, चन्द्रकान्त द्विवेदी, वैभव खण्डेलवाल, सन्ध्या मिश्र, आकाश शर्मा, रोहित जायसवाल, सलीस बेग आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सजेती क्षेत्र में दो घरों में चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। घाटमपुर सर्किल के सजेती थाना क्षेत्र के दो घरों में चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन अभियुक्तों से पुलिस ने चोरी गया सामान भी बरामद किया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से घाटमपुर सर्किल क्षेत्र में चोरी की कई वारदातें हुई थीं। इसी में सजेती थाना क्षेत्र के दो घरों में चोरी की वारदातें हुई थीं। पुलिस ने इन घरों में चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को चैकिंग के दौरान थाना सजेती पुलिस द्वारा सूचना के आधार परत्वरित कार्यवाही करते हुये दविश देकर अभियुक्त जयपाल पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम कछियोरा थाना जहाँनाबाद जिला फतेहपुर, विजय पुत्र राजकपूर निवासी ग्रा0 जहाँनाबाद थाना जिला फतेहपुर, सुशील उर्फ धीरू पुत्र निर्गुण निवासी बमरौली घाट थाना देवराहट जिला कानपुर देहात को मय लोडर में रखे चोरी के 3 बोरी पीली सरसों वजन कुल 1 कुन्तल 19 किलोग्राम बरामद हुआ व चोरी में गए हुए अन्य माल एसी व बैट्रा लाही के बेचने से प्राप्त 6480 रु0 के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने कहा कि इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी से निश्चित ही घाटमपुर सर्किल क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में कमी आएगी।

सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी कानपुर नगर को ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी कानपुर महानगर के संयोजन में तथा समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में जिलाधीश के प्रतिनिधी ए.सी.एम अलोक गुप्ता जी को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने सफाई कर्मचारियों की डिजिटल फेश ड्यूटी प्रातः 5:30 बजे करने से सफाई कर्मचारियों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इससे महिला कर्मचारियों के सामने एक विकराल समस्या खड़ी हो गई है महिला सफाई कर्मचारी अपनी ड्यूटी के कारण अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पा रही हैं जिससे दलित समाज व सफाई कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा से दूर रखने के लिए एक सोची समझी साजिश के तहत प्रदेश सरकार ने सफाई कर्मचारियों की डिजिटल फेश ड्यूटी प्रातः 5~30 बजे सुबह कर दी है प्रदेश सरकार में सबसे ज्यादा दलित समाज खासकर सफाई कर्मचारियों का भरपूर उत्पीड़न किया जा रहा है जिसे समाजवादी पार्टी वा लोहिया वाहिनी किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेगी। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने ज्ञापन के माध्यम से आगे बताया कि प्रदेश में बाल्मिकी समाज ही ऐसा समाज है जो दूसरे द्वारा फैलाई गई गंदगी मल मूत्र कूड़ा नालों नालियों की सफाई आदि की सफाई करके जनता को सबसे पहले नई सुबह का तोहफ़ा देता है अगर सफाई कर्मचारी नहीं होंगे तो समाज में कूड़ा मलमूत्र गंदगी एकत्र हो जाएगी जिसके कारण जनता का जीना दूर हो जाएगा तथा कई प्रकार की जानलेवा बीमारियां अपने पैर पसार का जनता को अपनी आगोश में ले लेंगी इसके बावजूद भी प्रदेश सरकार सफाई कर्मचारियों को परमानेंट नौकरी नहीं दे रही है और नए सफाई कर्मचारियों की सीधी भर्ती न करके बाल्मिकी समाज का शोषण व उत्पीड़न कर रही है।

लोहिया वाहिनी अध्यक्ष दीपक खोटे वाल्मिक ने बताया कि प्रदेश सरकार सफाई कर्मचारियों की सीधी भर्ती न करके शोषण कर रही है नगर निगम सफाई कर्मचारियों की भर्ती तीन श्रेणी में करके शोषण कर रही है पहली श्रेणी में प्रतिमाह ?7000 संविदा आंचलिक तथा दूसरी श्रेणी में 9200 प्रति माह पर आउटसोर्सिंग तथा तीसरी श्रेणी में 24000 में संविदा चयनी पर रखा जाता है जिनसे 8 घंटे से ज्यादा काम दिया जाता है यदि विशेष ड्यूटी होती है तो 72 घंटे लगातार काम लिया जाता है और उसका अधिक पैसा भी नहीं दिया जाता है यदि कोई सफाई कर्मचारी लगातार तीन दिन तक गैर हाजिर रहता है तो उसको हटाकर उसकी जगह दूसरे सफाई कर्मचारी से 40000 रिश्वत लेकर भर्ती कर लिया जाता है। प्रदेश सचिव के के शुक्ला ने बताया कि संविदा सफाई कर्मचारियों को हटाने से कर्मचारियों के परिवार पर रोजी-रोटी का बडा संकट खड़ा हो जाता है शिक्षा के साथ-साथ नौकरी एवं व्यवसाय से भी सफाई कर्मचारियों को दूर रखने का षड्यंत्र प्रदेश सरकार कर रही है ज्ञापन के माध्यम से सफाई कर्मचारी की डिजिटल फेश ड्यूटी 5:30 सुबह की जगह सुबह 8:30 करने की मांग की है।प्रतिनिधिमंडल मे महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,महासचिव संजय सिंह बंटी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,लोहिया वाहिनी अध्यक्ष दीपक खोटे वाल्मिक,शादाब आलम,महेश कनौजिया,जीतू कैथल,चंदन कुरील,साहेबे आलम,शानू कुरैशी,अंकित यादव आदि लोग मौजूद रहे।

घाटमपुर कोटेदार को तीन युवकों ने धमका कर एक हजार वसूले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर नगर/घाटमपुर- के शीतलपुर गांव में कोटेदार का घटतौली करते वीडियो रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ, वीडियो को संज्ञान में लेकर घाटमपुर उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह ने सप्लाई इंस्पेक्टर को जांच के आदेश दिए थे, जांच में सामने आया कि तीन युवक बाइक से पहुंचे और कोटेदार को डरा धमकाकर उससे एक हजार रुपए वसूल लिए,दो हजार रुपए और मांगने लगें, रूपए न देने पर उसका वीडियो वायरल कर दिया, उपजिलाधिकारी ने वसूली करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है, घाटमपुर उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह ने बताया कि घटतौली का वीडियो वायरल होने के बाद उन्होंने जांच के आदेश दिए थे, जांच में सामने आया कि घाटमपुर के शीतलपुर गांव में कोटेदार इति सिंह पत्नी श्याम सिंह के यहां पर एक बाइक से तीन युवक पहुंचे, उन्होंने माइक आई डी दिखा कर खुद को पत्रकार बताते हुए कोटा सस्पेंड करानें की बात कहते हुए कोटेदार को धमकाया, दबाव बनाने के लिए कुछ बोरियों को तौलते हुए वीडियो भी बनाएं, जिनमें आरोप लगाया कि कोटेदार लोगों को राशन कम दे रहा है, इसके बाद युवकों ने कोटेदार से पांच हजार रुपए की रंगदारी मांगी, कोटेदार ने रूपए न होने की बात कही तो उससे जबरन अपने खाते में एक हजार रुपए आनलाइन वसूल लिए , इसके बाद और रूपए की मांग करने लगे, रूपए न मिलने पर तीनों युवकों ने कोटेदार का वीडियो वायरल कर दिया, कोटेदार ने घाटमपुर उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह को वसूली की जानकारी दी, उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह ने वसूली करने वाले युवकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की बात कही है, एसडीएम ने कहा कि वसूली करने वाले युवकों के खिलाफ होगी कार्रवाई, घाटमपुर उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह ने बताया कि पहले भी इन तीनों युवकों की शिकायत आई थी, जिन्हें डांट डपट दिया गया था, वसूली करने वालों के युवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बिधनू खंड विकास क्षेत्र में स्वच्छता मिशन की हकीकत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर/कानपुर के बिधनू खंड विकास क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन की स्थिति चिंताजनक है, न्याय पंचायत मझावन के हरदौली गांव में उजागर पुरवा की हालत इसकी गवाह है, यहां सुनील के दरवाजे से रघुवीर के घर तक का खडजा पिछले चार-पांच साल से टूटा पड़ा है, नालियां टूटीं हुई हैं, गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, इससे आसपास के क्षेत्र में बीमारियों का खतरा बना हुआ है, ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान ग्राम प्रधान के कार्यकाल के साढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी कोई विकास कार्य नहीं हुआ है, गांव की एक समस्या आवास की हैं कम आबादी वाले इस गांव में विकास कार्य सिर्फ कागजों तक सीमित है,गरीब परिवारों को रहने की जगह नहीं मिली है,और वह मिलन केंद्र में रह रहे हैं, ग्रामीणों ने कई बार ग्राम प्रधान और खंड विकास अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, बिधनू खंड विकास के सहायक विकास अधिकारी सुरेश चंद्र निगम ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है, उन्होंने कहा कि ब्लाक से टीम भेजकर निरीक्षण कराया जाएगा और समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

अपना दल एस अनुसूचित मंच के प्रदेश महा सचिव ने कांग्रेस की सदस्यता ली

प्रतापगढ़। सदर विधानसभा क्षेत्र के सड़वा चंडिका विकास खंड के पारा हमीदपुर ग्रामसभा के अपना दल (एस) अनुसूचित मंच के प्रदेश महासचिव सेवानिवृत्त जीएसटी अधिकारी राधेश्याम सरोज ने अपने तमाम साथियों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने साथियों के साथ कांग्रेस की पट्टी व सदस्यता रसीद काटकर सदस्यता ग्रहण कराई।कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेने के उपरान्त राधेश्याम सरोज ने कहा कि राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की हैइस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कहा कि संगठन में निष्ठावान व कांग्रेस मानसिकता के लोगों को जोड़ने की आवश्यकता है। सभी जॉइन करने वाले लोगों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा की आज पूरा देश राहुल गांधी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है।

मुख्य राजस्व अधिकारी ने आगामी त्योहारो के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ की बैठक

●त्योहारों को सकुशल, शान्तिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करायें - सीआरओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी द्वारा आगामी त्योहारों नवरात्रि, विजयदशमी आदि के दृष्टिगत कैम्प कार्यालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर त्योहारों को सकुशल, शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी ने कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में पुलिस विभाग के अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व के त्योहारो में यदि कहीं पर कोई घटना घटित हुई है तो उसकी गहन समीक्षा कर ली जाय जिससे पुनरावृत्ति न होने पाये। पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर गहनता से निगरानी की जाय, यदि कोई भ्रामक खबरे सोशल मीडिया पर फैलायी जा रही है तो तत्काल उस पर संज्ञान लेते हुये त्वरित कार्यवाही की जाय। मूर्तियों के विसर्जन के दौरान पहले से ही समीक्षा करके भीड़ का आकलन कर लिया जाय जिससे मूर्ति विसर्जन के दौरान कोई भी समस्या उत्पन्न न होने पाये। उन्होने निर्देशित किया कि कस्बों में शांति समिति की बैठक सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ कर ली जाय जिससे त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके। उन्होने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि धारा-151 पर गहनता से परीक्षण करके ही जमानत दी जाय। ईओ नगर पालिका के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि दशहरा पर्व के दृष्टिगत साफ-सफाई, पेयजल व अस्थायी शौचालय आदि की व्यवस्था समय से कर ली जाय। उपजिलाधिकारी व पुलिस/एलआईयू के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नवरात्रि के अवसर पर माँ बेल्हा देवी मन्दिर एवं अन्य मन्दिरों पर महिलायें पूजा-अर्चना करने जाती है, प्रायः यह देखा जाता है कि चेन स्नैचिंग की घटनायें घटित होती रहती है जिस पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाय जिससे चेन स्नैचिंग की घटनायें न होने पाये। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि त्योहारों के दृष्टिगत पहले से ही एम्बुलेन्स के खड़े करने का उचित स्थान चिन्हित कर लें। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अभियान चलाकर खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की कर खाद्य सामग्री के नमूने लिये जाय और यदि गलत पाये जाय तो सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाय। औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया कि मेडिकल स्टोरों की जांच कर सैम्पलिंग करायी जाय। अग्निशमन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आतिशबाजी/पटाखों की दुकानों के लाइसेन्स की जांच करायी जाय, यदि गलत पाये जाय तो नियमानुसार कार्यवाही की जाय। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि यदि कहीं पर जर्जर तार या क्षतिग्रस्त पोल हो तो उसे ठीक करा लिया जाय जिससे त्योहारों के दौरान विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों पर जो गड्ढे हो गये है उसकी मरम्मत करा दी जाय जिससे आवागमन में कोई बाधा न उत्पन्न हो। जल निगम के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि रोड के किनारों पर पटरियों पर पानी की पाइपलाइन बिछायी गयी है जो बरसात के कारण पटरियों पर जो गड्ढे हो गये है उसकी जांच कराकर समय से पटरियों को ठीक करा लिया जाय। अन्त में मुख्य राजस्व अधिकारी ने कहा कि त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं सकुशल सम्पन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है, त्योहारों के दौरान कोई भी अधिकारी व डाक्टर छुट्टी पर न जाय, यदि विशेष परिस्थिति में छुट्टी की आवश्यकता होती है तो जिलाधिकारी से अनुमति लेकर छुट्टी पर जाय।बैठक में उपजिलाधिकारीगण, सीओ व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

सभी शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्य किया जाना अव्यवहारिक व अन्याय पूर्ण - अशोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग), प्रतापगढ़ के शिक्षकों ने जिलाध्यक्ष अशोक राय और जिला महामंत्री जय प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में जिलाधिकारी, के माध्यम से प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन/अनुरोध पत्र प्रेषित करके 23अगस्त 2010 से पहले वैध रूप से नियुक्त समस्त बेसिक शिक्षकों के आजीविका पर आये गम्भीर संकट का समाधान निकालने का आग्रह किया है।ज्ञापन/अनुरोध पत्र एनआईसीपरिसर में जिलाधिकारी, प्रतापगढ़ के प्रतिनिधि जीतेन्द्र कटियार ,एसडीएम प्रथम ने प्राप्त किया और इसे प्रधानमंत्री, भारत-सरकार को प्रेषित किए जाने का आश्वासन शिक्षक नेताओं को दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री जय प्रकाश पाण्डेय ने किया। ज्ञापन/अनुरोध पत्र सौंपने के पूर्व संपन्न शिक्षकों की सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अशोक राय ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का निर्णय शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के पहले वैध रूप से नियुक्त सभी शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किया जाना नितान्त अमानवीय और अन्यायपूर्ण हैं । इसमें पूर्व में वैध रूप से नियुक्त शिक्षकों के मन में घोर असुरक्षा की भावना व्याप्त होने से विद्यालयों में पठन-पाठन का माहौल भी प्रभावित हो रहा है। इसलिए प्रधानमंत्री को इस मामले में स्वयं हस्तक्षेप करके सर्वमान्य हल निकालना चाहिए और सर्वोच्च न्यायालय को भी अपने निर्णय पर पुनर्विचार करके पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से छूट प्रदान करना चाहिए।

जिला संगठन मंत्री राजीव सिंह ने कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय के पश्चात उपजी भयावह परिस्थितियों में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षकों के बीच में एक ढाल बनकर खड़ा है। चूंकि यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर का है और समाधान भी राष्ट्रीय स्तर से ही निकलना सम्भव है। इसलिए संगठन ने राष्ट्रीय परिदृश्य में पहल प्रारम्भ कर दिया है। जिसके पहले चरण में यह ज्ञापन/अनुरोध पत्र कार्यक्रम किया जा रहा है।जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक वैश्य ने शिक्षकों से इस शिक्षक विरोधी निर्णय के बारे में सर्वमान्य हल निकलने तक संघर्ष हेतु तैयार रहने का आवाहन किया। जिला कोषाध्यक्ष कौशलेन्द्र सिंह ने कहा कि यदि उच्चतम न्यायालय में केन्द्र और प्रान्तीय सरकारों द्वारा गम्भीरता से इस मामले पर पुनर्विचार याचिका लगाई जाएगी तो निश्चित ही उच्चतम न्यायालय ही अपने इस अव्यवहारिक निर्णय को बदल देगा।कार्यक्रम में अन्य प्रमुख वक्ताओं में पूर्व प्रान्तीय मंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय, मुख्य संवर्ग महामंत्री राजेश मिश्र,महिला उपाध्यक्ष डॉ.राजश्री पाण्डेय,जिला महामंत्री जय प्रकाश पाण्डेय, जिला संयुक्त महामंत्री/ब्लॉक अध्यक्ष डा.अजय सिंह,जिला मंत्री/ब्लॉक अध्यक्ष सुशील द्विवेदी, जिला मंत्री/ब्लॉक महामंत्री अरूण द्विवेदी, जिला संयुक्त मंत्री/ब्लॉक महामंत्री सत्येन्द्र शुक्ल,ब्लॉक अध्यक्षगण देवेन्द्र पति तिवारी, सुरेन्द्र पाण्डेय,रामेन्द्र सिंह, अखिलेश सिंह,रमेश सिंह,डा.कामेश्वर मणि त्रिपाठी,भागवत प्रसाद, विनोद शर्मा, जीतेन्द्र सिंह, नवनीत सिंह, ब्लॉक महामं

संक्षिप्त खबरें

सरयू पुल के पास लँगूरों का आतंक, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांगी राहत



परसपुर, गोण्डा। विकास खंड परसपुर के भौरीगंज में सरयू पुल के आसपास लँगूरों का आतंक चरम पर है। झुंड में सड़कों पर उतरने वाले ये लँगूर आवागमन को बाधित कर रहे हैं, जिससे घंटों यातायात ठप हो जाता है। स्थानीय लोग भयभीत हैं और खासकर पैदल यात्री और छोटे वाहन चालक सड़क पर निकलने से कतराते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, बड़े वाहनों के आने पर लँगूर कुछ दूरी पर हटते हैं, लेकिन छोटे वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए खतरा बरकरार रहता है। विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज आने-जाने में खासी दिक्कत हो रही है, क्योंकि लँगूरों का झुंड अचानक हमला कर सकता है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि लँगूर दुकानों से सामान चुरा ले जाते हैं, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अचानक बड़ी संख्या में लँगूरों का झुंड कहाँ से आया, यह समझ से परे है। इनमें छोटे-बड़े सभी लँगूर शामिल हैं, जो और भी खतरनाक स्थिति पैदा करते हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ी अनहोनी हो सकती है। प्रशासन से लँगूरों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जाने की व्यवस्था करने की गुहार लगाई गई है, ताकि आवागमन सुचारु हो और लोग निडर होकर जी सकें।

भक्ति और सद्भाव के रंग में रंगा सतगुरु महाराज का जन्मोत्सव

मध्य दिल्ली की सभी शाखाओं के सहयोग से हुआ भव्य आयोजन, प्रभात फेरी से सत्संग और प्रसाद वितरण तक रहा श्रद्धा व उत्साह का वातावरण

मध्य दिल्ली। परम पूज्य सतगुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज का पावन जन्मोत्सव मध्य दिल्ली की सभी शाखाओं के संयुक्त सहयोग से श्रद्धा और उत्साहपूर्वक सद्भावना सत्संग समारोह के रूप में मनाया गया। भक्तों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्य बना दिया।

समारोह की प्रमुख झलकियाँ

प्रभात फेरी- सुबह 07:00 से 09:00 बजे तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन श्री विजय वर्मा एवं सेवा दल के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया।

नाश्ता व प्रसाद व्यवस्था- 09:00 से 09:30 बजे तक नाश्ता व प्रसाद की व्यवस्था श्री परमानन्द जी और श्री मोहन लाल जी ने संभाली।

सत्संग कार्यक्रम

09:30 से 12:30 बजे तक सत्संग आयोजित हुआ। स्टेज संचालन श्री मोहन लाल व श्री दिन दयाल गोयल जी ने किया।, महात्माओं ने भक्तों को संबोधित किया।, शाखाओं के कार्यकर्ताओं ने माननीय मेहमानों का स्वागत किया।, श्री रामभज गुप्ता व केन्द्रीय समिति के पर्यवेक्षक श्री दिन दयाल ने विशिष्ट अतिथियों का अभिनंदन किया।

प्रसाद वितरण- सत्संग के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन- समारोह की सफलता में सहयोग देने वाले सभी कार्यकर्ताओं और प्रेमियों का आभार व्यक्त किया गया। समयबद्ध और अनुशासित ढंग से सम्पन्न हुआ यह आयोजन टीम भावना और श्रद्धा का प्रतीक बना। भव्य आयोजन ने श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति, प्रेम और सद्भाव की अविस्मरणीय छाप छोड़ी।

गोण्डा में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से मां-नवजात की मौत,सेवाओं पर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोण्डा। जिले में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही एक बार फिर चर्चा में है। कौड़िया के रूपईडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान एक महिला और उसके नवजात शिशु की मौत ने स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को उजागर किया है। इस घटना ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। परिजनों के अनुसार, प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को रूपईडीह पीएचसी लाया गया। वहां स्टाफ नर्स ने इलाज शुरू किया,लेकिन डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण समुचित चिकित्सा सुविधा नहीं मिली। इस लापरवाही के चलते नवजात की मौत हो गई। महिला की हालत भी बिगड़ने लगी। परिजन उसे तुरंत एंबुलेंस से जिला महिला अस्पताल ले गए, लेकिन वहां भी स्वास्थ्यकर्मियों ने लापरवाही बरती। स्टाफ ने डॉक्टर की अनुपलब्धता का हवाला देकर इलाज शुरू करने में देरी की। परिजनों के बार-बार आग्रह के बावजूद उचित चिकित्सा नहीं मिली, और अंततः महिला की भी मौत हो गई। यह घटना जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को दर्शाती है।

हाल ही में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों का एक विवादित बयान भी चर्चा में रहा था, जिसने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे।

इस मामले में रूपईडीह पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय यादव ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना न केवल स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की भी पोल खोल रही है।

शासकीय हाई स्कूल बकही में उमंग की रही धूम

● उमंग है तो जिन्दगी में रंग है- कार्यक्रम की हुई बड़ी सराहना।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दिनेश चौधरी शहडोल

बुढ़ार। शासकीय हाई स्कूल बकही में 12 सितम्बर 2025 को उमंग दिवस मनाया गया, जिसमें कक्षा 9वीं एवं कक्षा 10वीं के छात्र छात्राओं के साथ माताओं बहनों अभिभावको विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाए भारी जन समूह के बीच मेहदी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जैसे घर के कामां में लड़को की भागीदारी सिक्का फेको अंक जीतो, हमारा समाज गतिविधियों के अंतर्गत शरीर के अंगों के आपस में मैं बनूगा राजा, को लेकर लड़ाई होने लगी, तब उमंग कार्यक्रम की हेल्ड एंड बेल्नेस एम्बेस्टर श्रीमती नीतू शर्मा मैडम द्वारा बताया गया कि किस तरह से शरीर के सभी अंगो का बराबर महत्व है, वैसे भी हमस ब समाज में रहते है, समाज के प्रत्येक नागरिक के कार्यो का बराबर महत्व है, चाहे वह सफाई कर्मचारी हो, या किसी विभाग का कर्मचारी।

बेल्नेस एम्बेस्टर श्रीमती नीतू शर्मा ने यह भी कहा कि अपने अपने जगह सभी का महत्व है, सभी को सम्मान मिलना चाहिए। छात्र छात्राओं को उमंग हेल्थ लाइन नं. 14425 के बारे में बताया गया कि इस टोल फ्री नं. पर काल करके छात्र छात्राएं अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन श्री अतुल मिश्रा के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीकृष्ण कुमार पाण्डेय, श्रीमती झूमलता यादव, श्रीमती उर्मिला वर्मा, रामजी प्रसाद पाण्डेय, प्रधानाध्यापक, श्रीमती स्वाती नामदेव, श्रीमती कीर्ति नोखर श्रीमती जानकी साहू श्री जय लाल बैगा, श्रीराम सिंह औरके, श्री सुखदेव महरा, की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र छात्राओं को पुरूस्कार तथा मिष्ठान वितरण किया गया, उन्हे उज्जल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी गई कार्यक्रम के सफल आयोजन होने पर विद्यालय के प्राचार्य रणजीत विक्रम सिंह द्वारा स्टाफ की सराहना के साथ साथ उपस्थित छात्र छात्राओं व भारी जन समूह को आयोजन में सम्मलित होने पर सराहना करते हुए भविष्य में आयोजित कार्यक्रम में इसी तरह बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने व सम्मलित होने की मंषा जाहिर की एवं सभी को प्रोत्साहित किया गया।

असम श्रीभूमि जिले के विद्यानगर मैदान में फुटबॉल का रोमांच, सांसद कृपानाथ मालाह ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

श्रीभूमि संवाददाता श्रीभूमि जिले के विद्यानगर स्वर्गीय श्री कृष्ण मोहन मालाह की पुण्य स्मृति में आयोजित नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट ने विद्यानगर के मैदान में उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना का अद्भुत संगम रचा। 10 सितंबर से शुरू हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है, और हर मैच के साथ रोमांच अपनी पराकाष्ठा की ओर बढ़ रहा है। 14 सितंबर को खेले गए प्रमुख मुकाबले में एस आर एम स्ट्राइकिंग मुल्लीआला ने यूनाइटेड इलेवन ब्रदर्स को 4 गोल से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। टीम की आक्रामक रणनीति और अनुशासित खेल ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मुख्य अतिथि सांसद कृपानाथ मालाह की गरिमामयी उपस्थिति इस अवसर पर श्रीभूमि के लोकप्रिय सांसद कृपानाथ मालाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया और बेहतरीन प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा÷खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खिलाड़ियों का जोश, मैदान का उत्साह और दर्शकों का समर्थन यह सब मिलकर इस टूर्नामेंट को एक आनंद उत्सव बना देता है। यह मेरे लिए और भी भावनात्मक पल है, क्योंकि यह आयोजन मेरे प्रिय पिताजी स्व. श्री कृष्ण मोहन मालाह जी की स्मृति में किया जा रहा है।"

यूथ क्लब और आयोजन समिति की सराहना इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यानगर यूथ क्लब और खेल संचालन समिति का विशेष योगदान रहा। मैदान में सुरक्षा, सुविधा और अनुशासन का बेहतरीन प्रबंधन देखने को मिला, जिसे दर्शकों और खिलाड़ियों ने खूब सराहा। अभी बाकी है सेमीफाइनल और फाइनल का रोमांच जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ रहा है, दर्शकों में उत्सुकता बढ़ती जा रही है कि कौन सी टीम फाइनल तक पहुंचेगी और विजयी ताज अपने नाम करेगी। फुटबॉल प्रेमियों के लिए यह टूर्नामेंट एक यादगार अनुभव बनता जा रहा है। विशेष आकर्षण- 16 टीमों की भागीदारी उत्साही दर्शकों की भीड़. सांसद की विशेष प्रेरणा व उपस्थिति खेल भावना और अनुशासन का उत्तम उदाहरण।

असम में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का मुद्दा राष्ट्रीय सेमिनार में उठा

● ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल का तीन दिवसीय आयोजन हैदराबाद में सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

श्रीभूमि- ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल के राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार का आयोजन 12 से 14 सितंबर तक हैदराबाद में किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता काउंसिल के कार्यकारी अध्यक्ष मौलाना अनिसुर रहमान ने की, जिसमें देशभर से प्रतिनिधि शामिल हुए।

असम राज्य समिति की ओर से गुवाहाटी हाई कोर्ट के वकील एवं राज्य सह-सचिव काजी जे.एम. सुलेमान ने राज्य में धार्मिक अल्पसंख्यकों की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि असम में वास्तविक भारतीय धार्मिक अल्पसंख्यकों पर अमानवीय उच्छेदन, अन्याय और अत्याचार किए जा रहे हैं।

सुलेमान के अनुसार, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा के कार्यकाल में अब तक लगभग 700 मदरसे बंद किए जा चुके हैं और कई मस्जिदों तथा मदरसों को क्षति पहुँचाई गई है। उन्होंने बताया कि धरं जिला के गर्दुकुती, लामडिंग नखुटी, गुवालपाड़ा के हासीला बिल और करीमगंज के कटामनी जैसे क्षेत्रों में हजारों परिवारों को बेघर किया गया, जिससे धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के हजारों बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए हैं।

सुलेमान ने भावुक अपील करते हुए कहा कि "भारत में सबसे कठिन हालात का सामना कर रहे असम के धार्मिक अल्पसंख्यकों की यह वास्तविक स्थिति राष्ट्रीय स्तर पर सामने लाई जा रही है।" सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों से आए मिल्ली काउंसिल के प्रतिनिधियों और अन्य सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भी भाग लिया और असम की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की।

मातृ नवमी पर सीडीओ ने किया गौशाला व विद्यालय का निरीक्षण, गायों का पूजन

भदोही। मातृ नवमी के अवसर पर सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बाल कृष्ण शुक्ला ने ब्लॉक अभोली के मसुधी गांव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्थाई गौशाला, प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र का जायजा लिया। निरीक्षण के समय विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्था देखकर सीडीओ ने ग्राम प्रधान व जिम्मेदारों की सराहना की। आंगनबाड़ी केंद्र पर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को खीर और आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

मौके पर सीडीओ गौशाला भी पहुंचे, जहां मातृ नवमी की परंपरा के तहत उन्होंने गायों को गुड़, चना, केला और हरा चारा खिलाकर पूजन-अर्चन किया। उन्होंने कहा कि मातृ नवमी पर पितरों का तर्पण और गौ पूजन की परंपरा है। गायों की सेवा करना पूर्वजों की स्मृति और आशीर्वाद प्राप्त करने का माध्यम है।

सीडीओ ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर साफ-सफाई और व्यवस्थाओं में सुधार दिख रहा है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से विद्यालय और गौशाला की देखभाल लगातार करने की अपील भी की। इस अवसर पर बीडीओ अभोली अनिल राय, पशु चिकित्सक डॉ. राजेश, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विंध्यवासिनी पांडे और प्रधानाचार्य राजेश शुक्ला मौजूद रहे।

हिंदुस्तान ओलंपियार्ड में एस0जे0एस पब्लिक स्कूल ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से किया विद्यालय का नाम रोशन



महराजगंज/रायबरेली। एस0जे0एस महराजगंज की कक्षा 10 की छात्रा कशिश सिंह ने जे0सी0सप्ताह के अंतर्गत 12 सितम्बर 2025 को जनपद मुख्यालय रायबरेली में आयोजित बात-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र की उपलब्धि पर जे0सी0आई0 रायबरेली ने प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर उत्साहित किया। छात्रा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती मृदुला श्रीवास्तव एवं समस्त अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं को दिया। विद्यालय प्रबंधक अग्रज सिंह व सह प्रबंधिका डॉक्टर अनुश्री सिंह ने छात्रा की हौसला-अफजाई करके उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ नित नये आयामों को छूने का आशीर्वाद प्रदान किया एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ को अपनी शुभकामनाएं दी।

शारदीय दुर्गा उत्सव पर 120 निर्धन महिलाओं को वस्त्र वितरण

● भारत सेवाश्रम संघ और श्रीभूमि हिंदू मिलन मंदिर का संयुक्त आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

श्रीभूमि, 14 सितम्बर (रविवार) रामकृष्णनगर विधानसभा के दुल्लभछड़ा के निकट मोकामछड़ा (राम कॉलोनी) दुर्गा मंदिर परिसर में शारदीय दुर्गा उत्सव के अवसर पर एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन श्रीभूमि हिंदू मिलन मंदिर संचालन समिति और भारत सेवाश्रम संघ के संयुक्त प्रयास से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक शिवावतार आचार्य श्रीमत स्वामी प्रणबानंद महाराज की प्रतिकृति पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि से हुई। इस दौरान संघ के कार्यकर्ता देवब्रत घोष ने कहा कि "भारत सेवाश्रम एक धार्मिक, शैक्षिक और मानवहितैषी संगठन है, जो मानव सेवा, राष्ट्रप्रेम और आध्यात्मिक चेतना का संदेश जन-जन तक पहुँचाता है।"

सेवा कार्य के अंतर्गत रुपाग्राम, कोनाग्राम, मोकामछड़ा, श्रीकृष्णपुर और दामछड़ा त्रिपुरापूंजी सहित आसपास के गांवों से आई 120 गरीब महिलाओं को वस्त्र वितरित किए गए। दुर्गा पूजा के इस पावन पर्व पर यह दृश्य मानवता और सहयोग की मिसाल बना। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवियों और शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। एन.सी. बरदलै एम. स्कूल के पूर्व प्रधान शिक्षक एवं सांस्कृतिक प्रेमी विश्वजीत दास के आह्वान पर यह आयोजन संभव हुआ। प्रमुख उपस्थित लोगों में प्रदीप कुमार पाल, दीपक धर, तापस दत्त, मृन्मय दास, वरुण राय, राजेंद्र देवनाथ, जवाहर नाथ, नीलोत्पल नाथ, राजीव पाल और शशबिंदु दे शामिल रहे। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि दुर्गा पूजा केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि सेवा और संवेदना का महायज्ञ भी है। भारत सेवाश्रम संघ और श्रीभूमि हिंदू मिलन मंदिर का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है।

आज भारतीय जनता पार्टी मण्डल बुढ़ार की सेवा पखवाड़ा अभियान की बैठक संपन्न हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

शहडोल भाजपा मण्डल बुढ़ार की मण्डल कार्य समिति की बैठक सिंधी धर्मशाला बुढ़ार मे सेवा पखवाड़ा अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर सम्पन्न हुयी। बैठक में मुख्य अतिथि के आसंदी मे जैतपुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक पूर्व मंत्री माननीय जयसिंह मरावी जी, विशिष्ट अतिथि में नवनियुक्त जिला पदाधिकारी एवं अध्यक्षता भाजपा मण्डल अध्यक्ष अर्जुन सोनी ने किया, सर्व प्रथम अतिथियों के द्वारा भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि क्षेत्र के लोकप्रिय नेता माननीय जयसिंह मरावी जी द्वारा अपने उद्बोधन में पार्टी के द्वारा पार्टी के दिशा निर्देश पर 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस से सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साह पूर्वक कराया जाये, वहीं कार्यक्रम के प्रभारी श्री दौलत मनवानी जिला उपाध्यक्ष अपने उद्बोधन में पार्टी के दिशा निर्देश पर सभी कार्यक्रमों को गरिमामय सम्पन्न कराने का आग्रह किया गया। कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु सेवा पखवाड़ा तथा आत्मनिर्भर भारत की टोली एवं मंडल बुढ़ार के सभी शक्ति केन्द्रो पर एक पालक प्रभारी एवं सह प्रभारी की नियुक्ति की मंच से वाचन किया गया जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता श्री राकेश पांडे जी ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से विनम्रता पूर्वक आग्रह किया कि देश ही नहीं विश्व के लोकप्रिय नेता यशस्वी प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर हम सब मिलकर आपसी भाईचारा के साथ में बूथ स्तर पर सभी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करेंगे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री अर्जुन सोनी जी द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को मन की बात के सफल कार्यक्रम हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगे भी आप सभी कार्यकर्ताओं से यही अपेक्षा रखी की जिले की यशस्वी जिला अध्यक्ष अमिता चपरा जी के मार्गदर्शन में आने वाले समय के 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक का कार्यक्रम का सत प्रतिशत सफल कार्यक्रम होगा ऐसी अपेक्षा व्यक्त की। आज के बैठक में मंच संचालन मंण्डल के उपाध्यक्ष सूरज गुप्ता ने किया तथा आभार प्रदर्शन युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नमन ताम्रकार ने किया ,अंत में भारतीय जनता पार्टी मंडल बुढार के द्वारा अपने सभी तीनों जिला पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष व जिला मंत्री का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। तथा हमेशा हम सभी मंण्डल कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा ऐसी अपेक्षा रखी।

इनकी रही उपस्थित अंत्योदय समिति नगर परिषद बुढार के अध्यक्ष श्री पुष्पेंद्र ताम्रकार, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विजय ताम्रकार मंण्डल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र जैन दातुमल बिशनदासानी मंडल टोली संयोजक भागचंद सोनी मंडल महामंत्री रामनाथ कोल सम्हारू सिंह नीलेंद्र द्विवेदी राजेश द्विवेदी आशुतोष तिवारी निलेश कुमार महारा नमन ताम्रकार यश तालरेजा विनोद पाठक शुभम द्विवेदी नीरज शर्मा सचिन साहू राजभान सिंह हरि सिंह आनंद नपित पंकज सिंह कामता साहू धर्मदास साहू भूषण साहू काजल शरावगी महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता सिंह पूर्व जिला मंत्री जूली जैन मनीषा एस मालानी सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

चोरो ने घर मे घुसकर नगदी सहित लाखो के बहुमूल्य जेवरात उड़ाए

● विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय व प्रमुख राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू ने पीड़ित के घर पहुंचकर न्याय का दिलाया भरोसा

एसपी का यह बयान की कोई चोरी नही अफवाह ग्रामीणो पर कहर बनकर टूट रहा,चोरो के हौंसले बुलंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोण्डा। चोरो के तांडव से जिले का क्या कोई गांव क्या कोई कस्बा सब जगह चोरो का आतंक दिखाई पड़ रहा है। रात हो या दिन वारदात को अंजाम तक पहुंचाने मे चोर कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। वहीं एसपी विनीत जायसवाल का यह बयान की कोई चोरी नही अफवाह ग्रामीणो पर कहर बनकर टूट रहा है और चोरो के हौंसले बुलंद हैं। इसी क्रम में एक गांव मे चोरों द्वारा नगदी सहित लाखो रूपए का बहुमूल्य जेवरात उड़ाए जाने की घटना सामने आई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल मे जुटी हुई है। क्षेत्रीय विधायक व ब्लॉक प्रमुख बेलसर ने भी पहुंचकर पीड़ित को न्याय का भरोसा दिलाते हुए जल्द ही चोरी के पर्दाफाश कराये जाने का आश्वासन दिया है।

थाना क्षेत्र अंतर्गत उमरी बेगमगंज के ग्राम पंचायत डिक्सिर के दोहरीजीत शक्ति सिंह के घर को निशाना बनाते हुए चोर रात दो बजे के करीब घर मे घुसकर पांच सोने की अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, सोने की लाकेट, सोने का झाला तथा लगभग चार हजार रुपये नकद चोरी कर उठा ले गये है। सूचना पर पहुंची उमरीबेगमगंज पुलिस ने पहुँचकर जांच पड़ताल की है। क्षेत्रीय विधायक प्रेम नारायण पांडे और ब्लॉक प्रमुख बेलसर राजेंद्र प्रताप सिंह गुड्डू भी मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए आश्वासन दिया कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द न्याय मिलेगा। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक उमरी बेगमगंज नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो चुकी है। मामले की गहन जांच की जा रही है तथा चोरों की तलाश में टीम लगा दी गई है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा। जिले मे इस समय चोरियों की बाढ़ सी आ गयी है।चोर पुलिस अधीक्षक पर भारी पड रहे हैं जिनके द्वारा अब तक यह कहा जा रहा था चोरियां मात्र अफवाह हैं। अब चोर एसपी के वक्तव्य के हवा निकालने मे जुटे हुए हैं। एनकाउंटर के बाद भी चोर हैं की मान ही नही रहे हैं।

टीईटी की अनिवार्यता को हटाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के बैनर तले सोमवार को संगठन के जिलाध्यक्ष राधेश्याम वर्मा व महामंत्री अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता को हटाने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री व जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

संगठन के जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीईटी की अनिवार्यता सम्बंधित निर्णय से प्रदेश के लाखों शिक्षक परेशान व दुःखी हैं। महामंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार अब जिन शिक्षकों के सेवाकाल 5 वर्ष से अधिक शेष हैं उन्हें टीईटी परीक्षा को उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। इस निर्णय को सुनकर प्रदेश के लाखों शिक्षक काफी दुखी हैं। शिक्षक मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में टीईटी संबंधित दायर याचिका के समय महाराष्ट्र व तमिलनाडु सरकार मुख्य पक्षधर थी, लेकिन देशव्यापी निर्णय पर प्रदेश के शिक्षक काफी कठिन दौर से गुजर रहे हैं और वह मानसिक तनाव में हैं। ऐसे निर्णय पर सरकार को विचार किये जाने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष राधेश्याम वर्मा ने कहा कि लाखों लाख शिक्षकों के समस्याओं को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के दिये गये निर्णय के बाद सरकार नियम या अधिनियम में संशोधन कर प्रभावित शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से राहत देने की मांग की। इस दौरान अभय प्रताप सिंह, अभय पांडेय, अखिलेश मिश्रा, बालचंद, शिवमंगल विश्वकर्मा, अतिउल्लाह, वीरेंद्र बहादुर तिवारी, प्रकाश नाथ त्रिपाठी, महामंत्री यूटा हरिमोहन सिंह, सुशील सिंह, विनोद बजाज, कुलदीप भार्गव, रमेश चंद, मनोज यादव, वीरेंद्र बहादुर तिवारी, कुंवर प्रताप मल्ल आदि उपस्थित रहे।